THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-29 अंक : 216 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) कार्तिक कृ.11 2081 सोमवार, 28 अक्टूबर-2024

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✲ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये





सुरक्षाबल

# गांदरबल आतंकी हमले में लश्कर-ए-तयबा का हाथ

## मुख्य आरोपी मोहम्मद रमजान की हुई पहचान

कुलगाम, 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। गांदरबल आतंकी हमले में जुटी सुरक्षा एजेंसियां को बड़ी सफलता मिली है। बताया जा रहा है कि एजेंसियों ने हमले के मुख्य आरोपी की पहचान कर ली है। मुख्य आरोपी मोहम्मद रमजान भट कुलगाम जिले का रहने वाला है। उसकी तलाश में बड़े स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है।एक अधिकारी के अनुसार, गांव ठोकरपोरा का रहने वाला मोहम्मद रमजान पिछले साल से लापता है। वह आतंकवादी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) की लश्कर-ए-तयबा शाखा में शामिल हो गया था और उसे विभिन्न हमलों का प्रशिक्षण भी दिया गया है। अधिकारी ने बताया कि भट को अपराध स्थल पर सीसीटीवी फुटेज में देखा गया था, जिससे हमले में उसके शामिल होने की संभावना और मजबूत हो गई है। हमले के बाद से जम्मू-कश्मीर पुलिस, राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) और अन्य सुरक्षा एजेंसियां साथ मिलकर बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चला रही हैं। हालांकि, भट अब कहा है, इसका पता नहीं चल पाया है। अधिकारी के अनुसार 23 अक्टूबर को एक तस्वीर भी वायरल हुई थी। इसमें कश्मीरी पोशाक फेरन पहने एके-47 राइफलों से लैस दो आतंकी हमला स्थल के पास दिख रहे थे। अधिकारियों के मुताबिक, करीब 50 लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है, जिनमें से कई पर हमलावरों के संपर्क में होने का संदेह है। एनआईए मामले की जांच में जुटी है और स्थानीय एजेंसियां भी सहयोग कर रही हैं। हमले में डॉक्टर समेत सात लोगों की जान गई थी। 20 अक्तूबर को हुए गांदरबल आतंकी हमले में एक डॉक्टर समेत सात लोगों की जान चली गई थी। ये सभी गगनगीर के पास सुरंग बना रही एक कंपनी में काम करते थे।

# कनाडा में गुजराती तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भारतीय भाषा



नई दिल्ली, 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। कनाडा में गुजराती भाषा की धूम मची है। गुजराती कनाडा में भारतीय प्रवासियों के बीच तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा बन गई है। कनाडा के सरकारी आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 1980 से लगभग 87,900 गुजराती भाषी अप्रवासी कनाडा में बस गए हैं, जिनमें सबसे ज्यादा 26 फीसद 2016 और 2021 के बीच देश में आए हैं।

**सबसे ज्यादा पंजाबी**

हालांकि, सबसे ज्यादा पंजाबी बोलने वाले लोग यहां बसे जिनकी संख्या 75 हजार 475 आंकी गई। उसके बाद हिंदी बोलने वालों की संख्या 35,170 थी। वहीं, गुजराती भाषी 22,935 अप्रवासियों के साथ तीसरे स्थान पर रहे, जबकि मलयालम 15,440 और बंगाली भाषी 13,835 लोग हैं।

**दूसरी सबसे तेज वृद्धि**

आंकड़ों से पता चलता है कि गुजराती प्रवासियों ने प्रमुख भाषाई समूहों में दूसरी सबसे बड़ी दशकीय वृद्धि दर्ज की है। साल 2011 से 2021 के बीच 26 फीसद की वृद्धि दर्ज हुई है, जबकि पंजाबी बोलने वालों में 22 फीसद की वृद्धि हुई। इसी अवधि के दौरान हिंदी बोलने वालों में 114 फीसद की सबसे तेज वृद्धि देखी गई।

**गुजरात के लोगों को भाया कनाडा**

गुजरात की एक अन्य भाषा कच्छी भी इस लिस्ट में शामिल है। कच्छी बोलने वालों की संख्या साल 2001 से 2010 के बीच 460 से घटकर 2011 से 2021 के बीच 370 रह गई है। 2011 के बाद गुजरात के लोगों को कनाडा सबसे ज्यादा भाने लगा है।

# हिमाचल में पुलिस भी सुरक्षित नहीं

### ड्यूटी के दौरान महिला पुलिस कर्मी से छेड़खानी, एफआईआर दर्ज

शिमला, 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के शिमला में एक ऑन ड्यूटी महिला पुलिस कांस्टेबल के साथ छेड़छाड़ और अश्लील हरकतें करने का मामला सामने आया है। इतना ही नहीं जब महिला कांस्टेबल पुलिस गुमटी में ड्यूटी दे रही थी, तब आरोपी ने जबरदस्ती गुमटी के अंदर भी घुसने की कोशिश की। महिला कांस्टेबल ने पुलिस विभाग के ही एक कांस्टेबल पर ये आरोप लगाए हैं। मामला शिमला के ढली पुलिस स्टेशन के अंतर्गत सामने आया है। पीड़ित महिला कांस्टेबल और आरोपी दोनों पुलिस की एक बटालियन में तैनात हैं। पीड़ित महिला कांस्टेबल की शिकायत पर ढली थाने में आरोपित पुलिस कांस्टेबल के खिलाफ गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। पीड़ित महिला कांस्टेबल ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि बीते 25 अक्टूबर को जब वह क्वार्टर गार्ड ड्यूटी पर तैनात थी तो राजीव नामक पुलिस कर्मचारी उसके पास आया और अश्लील व अभद्र शब्द कहे। आरोपी की इस हरकत का जब उसने विरोध किया तो भी वह बाज नहीं आया। पीड़िता ने बताया कि इस दौरान वह अपनी ड्यूटी पर तैनात थी।

# दिल्ली में बेखौफ लुटेरे

### मोबाइल लूटने का विरोध करने पर युवक की चाकू से गोदकर हत्या, नाबालिग समेत तीन पकड़े

नई दिल्ली, 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। करोल बाग इलाके में देर रात मोबाइल फोन लूटने का विरोध करने पर मुकेश झा (38) की चाकू से गोदकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने एक नाबालिग समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। दो आरोपियों की पहचान कमला नगर निवासी विशाल सूरी और सब्जी मंडी निवासी श्रेयांश राणा के रूप में हुई है। नाबालिग की उम्र 16 साल है। पुलिस ने इनके कब्जे से चाकू और वारदात में इस्तेमाल स्कूटी बरामद कर ली है। देर रात करीब सवा दो बजे पुलिस को करोल बाग के नाईवाला चौक के पास एक युवक को चाकू मारे जाने की जानकारी मिली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। जहां पर पुलिस को शिकायतकर्ता रिंकी मिली। पास ही एक युवक लहूलुहान हालत में पड़ा था। उसे पुलिस तुरंत गंगाराम अस्पताल लेकर गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रिंकी ने पुलिस को बताया कि घायल युवक मुकेश झा उनके दोस्त हैं। वह उनके साथ करोलबाग के कीवी रेस्टोरेंट में खाना खाने आई थी।

# आपको डरना नहीं है

## डिजिटल अरेस्ट पर बोले पीएम मोदी, बताया कैसे ट्रैपिंग से बचें



नई दिल्ली, 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 115 वीं बार मन की बात कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने डिजिटल अरेस्ट फ्रॉड को लेकर अहम जानकारी दी और लोगों को जागरूक किया। पीएम ने कार्यक्रम में एक वीडियो दिखाई जहां एक व्यक्ति पुलिस के कपड़े पहन कर दूसरे व्यक्ति से पूछताछ कर रहा है और आधार कार्ड दिखाने की मांग कर रहा है। डिजिटल अरेस्ट को लेकर पीएम मोदी ने कहा, हर उम्र हर वर्ग के लोग डिजिटल अरेस्ट का शिकार हो रहे हैं। लोगों ने डर की वजह से अपनी मेहनत से कमाए हुए लाखों रुपए गंवा दिए हैं। पीएम मोदी ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा, कभी भी आपको इस तरह का कोई कॉल आए तो आपको डरना नहीं है। आपको पता होना चाहिए की कोई भी जांच एजेंसी, फोन कॉल या वीडियो कॉल पर इस तरह पूछताछ कभी भी नहीं करती।

**डिजिटल सुरक्षा के तीन चरण**

पीएम मोदी ने बताया कि जब कभी भी आपको ऐसा कोई डिजिटल अरेस्ट के लिए फ्रॉड कॉल आता है तो आपको सबसे पहले घबराना नहीं है। पीएम मोदी ने साथ ही डिजिटल सुरक्षा के तीन चरण बताए। पीएम ने कहा ऐसा कुछ हो तो शांत रहना चाहिए, जल्दबाजी में कोई कदम न उठाएं, किसी को अपनी व्यक्तिगत जानकारी न दें, संभव हो तो स्क्रीनशॉट लें और रिकॉर्डिंग जरूर करें। दूसरा चरण है सोचो। पीएम ने कहा आपको सोचना चाहिए कि कोई भी एजेंसी फोन पर ऐसी धमकी नहीं देती है, न ही वीडियो कॉल पर पूछताछ करती है, न ही ऐसे पैसे की मांग करती है। अगर डर लगे तो समझिए कुछ गड़बड़ है। आखिरी और सबसे अहम तीसरे चरण की बात करते हुए पीएम मोदी ने कहा, तीसरा चरण है एक्शन लो। राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 डायल करें। साथ ही साइबर क्राइम की वेबसाइट पर रिपोर्ट करें। परिवार और पुलिस को सूचित करें।

**कैसे करें शिकायत?**

पीएम ने कहा ऐसा फ्रॉड करने वाले हजारों वीडियो आईडी को ब्लॉक किया गया है। लाखों सिम कार्ड, बैंक अकाउंट को भी ब्लॉक किया गया है। पीएम ने कहा, एजेंसी अपना काम कर रही हैं, लेकिन डिजिटल अरेस्ट के नाम पर हो रहे स्कैम से बचने के लिए बहुत जरूरी है हर नागरिक की जागरूकता। आप इस चुनौती के मुकाबले के लिए हैशटैग #सेफडिजिटलइंडिया के साथ आपके साथ जो स्कैम हुआ उसको सोशल मीडिया पर शेयर करें और ज्यादा से ज्याद लोगों को जागरूक करें।

### अजित पवार ने जारी की तीसरी लिस्ट

# अब तक 49 उम्मीदवारों को उतारा, चार नए नाम भी शामिल



मुंबई, 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) ने अपनी तीसरी लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में चार और नए नामों को शामिल किया गया है। इसके साथ ही कुल 49 उम्मीदवारों की घोषणा हो गई है। अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे इन नए चार नामों की घोषणा की है। इस नई लिस्ट में गेवराई से विजय सिंह पंडित, फलटन से सचिन सुधाकर पाटिल, निफाड़ से दिलीप बनकर और पारनेर से काशीनाथ दाते को उम्मीदवार बनाया गया है। ये उम्मीदवार 23 और 25 अक्टूबर को जारी पहली और दूसरी सूची में घोषित उम्मीदवारों में शामिल हो गए हैं। बता दें, डिप्टी सीएम अजित पवार बारामती से चुनाव लड़ने वाले हैं। इस सीट पर अब पवार बनाम पवार मुकाबला होने की उम्मीद है, काफी दिलचस्प होगा। क्योंकि, एनसीपी (शरद पवार गुट) के इस सीट पर युगेंद्र पवार को चुनावी मैदान में उतारा है। अजित पवार और युगेंद्र पवार चाचा-भतीजे है। बता दें, अजित पवार ने पहली सूची में 26 मौजूदा विधायकों को टिकट दिया था। इसमें वे मंत्री भी शामिल हैं जिन्होंने हाल ही में महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन में शामिल होने के लिए अपने चाचा शरद पवार से अलग होने पर अजित पवार का समर्थन किया था। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव 20 नवंबर को होने हैं। मतों की गिनती 23 नवंबर को होगी।









THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com








वर्ष-29 अंक : 216 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) कार्तिक कृ.11 2081 सोमवार, 28 अक्टूबर-2024

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✲ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये


# सरकार से मिलना डील नहीं : सीजेआई

## सरकार प्रमुख न्यायपालिका के लिए बजट देते हैं, अगर लेटर पर निर्भर रहेंगे तो काम नहीं होगा

पुणे, 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा है कि सरकार के प्रमुख जब हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस से मिलते हैं तो इन मुलाकातों में राजनीतिक परिपक्वता होती है।

मुंबई के एक कार्यक्रम में सीजेआई ने कहा, हम राज्य या केंद्र सरकार के मुखिया से मिलते हैं तो इसका अर्थ यह नहीं है कि कोई डील हो गई। चीफ जस्टिस ने ये भी कहा कि हमें राज्य के सीएम के साथ बातचीत करनी होती है, क्योंकि वे न्यायपालिका के लिए बजट देते हैं। यदि मुलाकात न करके केवल लेटर्स पर निर्भर रहें तो काम नहीं होगा।

ये मीटिंग पॉलिटिकल मेच्योरिटी का एक साइन है। मेरे करियर में ऐसा कभी नहीं हुआ कि किसी सीएम ने कभी भी मुलाकात के दौरान किसी लंबित केस के बारे में कुछ कहा हो। सीजेआई ने कहा, कोर्ट और सरकार के बीच का एडमिनिस्ट्रेटिव रिलेशन, ज्यूडिशियरी के काम से अलग है। सीएम या चीफ जस्टिस त्योहारों या शोक में एक-दूसरे से मिलते हैं। यह हमारे काम पर कोई असर नहीं डालता।

**जजों को सोचने का समय नहीं :**

अदालतों में छुट्टियों को लेकर उठने वाले सवालों पर सीजेआई ने कहा, लोगों को यह समझना चाहिए कि जजों पर काम का बहुत बोझ है। उन्हें सोचने-विचारने का भी समय चाहिए होता है, क्योंकि उनके फैसले समाज का भविष्य तय करते हैं।

मैं खुद रात 3:30 बजे उठता हूं और सुबह 6:00 बजे से अपना काम शुरू कर देता हूं। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट एक साल में 181 केस निपटाता है, जबकि भारतीय सुप्रीम कोर्ट में इतने केस तो एक



ही दिन में निपटाए जाते हैं। हमारा सुप्रीम कोर्ट हर साल 50,000 केस निपटाता है।

कॉलेजियम सिस्टम एक यूनियन सिस्टम है, जहां जिम्मेदारियां अलग-अलग लेवल पर केंद्र सरकार, राज्य सरकार और ज्यूडिशियरी में बंटी हैं। इसमें आम सहमति बनती है, लेकिन कभी-कभी ऐसा भी होता है जब सहमति नहीं बन पाती।

ऐसे में ज्यूडिशियरी के अलग अलग लेवल पर और सरकारों के अलग-अलग लेवल पर मेच्योरिटी के साथ निपटाया जाता है। मैं चाहता हूं कि हम एक आम सहमति बनाने में सक्षम हों। हर संस्थान में सुधार किया जा सकता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि इसमें बुनियादी तौर पर कुछ गड़बड़ है।

जिस संस्था को हमने ही बनाया है, उसकी आलोचना करना बहुत आसान है। हर संस्था में बेहतरी का स्कोप होता है, लेकिन हमें यह नहीं सोचना चाहिए कि बुनियादी तौर पर कुछ गड़बड़ है। ये संस्थाएं 75 साल से चल रही हैं। हमें डेमोक्रेटिक गवर्नेंस के हमारे सिस्टम पर भरोसा करना चाहिए, ज्यूडिशियरी भी इसी का एक भाग है।

# 50 फ्लाइट्स को बम की धमकी

नई दिल्ली, 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। तीन इंडियन एयरलाइंस की 50 फ्लाइट्स को रविवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इनमें इंडिगो की 18, विस्तारा की 17 और अकासा की 15 फ्लाइट्स शामिल हैं। इस तरह 14 दिनों में 350 से ज्यादा डोमेस्टिक और इंटरनेशनल फ्लाइट्स में बम होने की धमकी मिल चुकी है। हालांकि जांच में ये सभी धमकियां झूठी निकली हैं।

उधर, केंद्र सरकार ने इन धमकियों पर सख्त रवैया अपनाया है। आईटी मिनिस्ट्री ने 26 अक्टूबर को एडवाइजरी जारी कर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से कहा कि अगर वे ऐसी झूठी सूचनाओं को फौरन नहीं हटाते हैं तो उन्हें आईटी एक्ट के तहत मिलने वाली इम्युनिटी रद्द कर दी जाएगी। मंत्रालय ने कहा कि ऐसी सूचनाओं को तुरंत हटाकर इसकी जानकारी संबंधित अधिकारियों को भी देनी होगी। पिछले दिनों प्लेन को मिली धमकियों की वजह से एयरलाइंस सर्विस बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। एविएशन मिनिस्ट्री को 600 करोड़ से ज्यादा का नुकसान हुआ है।

केंद्रीय सिविल एविएशन मिनिस्टर के राममोहन नायुडू ने रविवार को कहा कि केंद्र सरकार बम की झूठी धमकियां देने वालों को उड़ान भरने से रोकने के लिए कदम उठाने पर विचार कर रही है। इसके लिए सरकार कानूनों में संशोधन करने पर भी विचार कर रही है।

कानूनों में बदलाव किए जाएंगे। जो लोग इस तरह की गतिविधियों में शामिल होंगे, उन्हें कड़ी सजा दी जाएगी और जुर्माना लगाया जाएगा। ऐसे लोगों को नो फ्लाइंग लिस्ट में भी डाला जाएगा। हम आने वाले दिनों में इसकी घोषणा करेंगे।

# मध्यस्थता कानून में संशोधन के लिए मसौदा विधेयक पेश

नई दिल्ली, 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। सरकार ने मध्यस्थता कानून में संशोधन के लिए मसौदा विधेयक पेश किया है। विधि मंत्रालय के विधिक मामलों के विभाग ने मध्यस्थता और सुलह (संशोधन) विधेयक, 2024 के मसौदे पर सुझाव मांगे हैं। सरकार का उद्देश्य इन संशोधनों के जरिए संस्थागत मध्यस्थता को और अधिक बढ़ावा देने के साथ ही ऐसे मामलों में अदालती हस्तक्षेप को कम करना भी है।

बता दें कि पूर्व विधि सचिव और पूर्व लोकसभा महासचिव टी.के. विश्वनाथन की अध्यक्षता वाली विशेषज्ञ समिति ने कुछ महीने पहले ही मध्यस्थता क्षेत्र में प्रस्तावित सुधारों पर अपनी रिपोर्ट विधि मंत्रालय को सौंपी थी। जिसके बाद अब विधि मंत्रालय ने यह मसौदा विधेयक पेश किया है। इसमे 'आपातकालीन मध्यस्थता' की अवधारणा का प्रस्ताव भी किया गया है।

इसमें कहा गया है कि मध्यस्थ संस्थाएं अंतरिम उपाय प्रदान करने के उद्देश्य से मध्यस्थ न्यायाधिकरण के गठन से पहले आपातकालीन मध्यस्थ की नियुक्ति का प्रावधान कर सकती हैं।

# विकसित भारत लक्ष्य को हासिल करने के लिए विकसित महाराष्ट्र जरूरी : एस जयशंकर



मुंबई, 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के मद्देनजर रविवार को कहा कि राज्य में ऐसी सरकार की जरूरत है, जिसकी विचारधारा केंद्र सरकार के समान हो। मुंबई में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए जयशंकर ने यह भी कहा कि भारत आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अग्रणी है और इसकी आतंकवाद को बिल्कुल न बर्दाश्त करने की नीति है।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद ने कहा, महाराष्ट्र उद्योग प्रौद्योगिकी और बुनियादी ढांचे में एक अग्रणी राज्य है। विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिए विकसित महाराष्ट्र महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, महाराष्ट्र में ऐसी सरकार की जरूरत है, जिसकी विचारधारा केंद्र सरकार के समान हो। विदेश मंत्री ने यह भी कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के तीसरे कार्यकाल में अर्थव्यवस्था और रोजगार पर ध्यान केंद्रित है।







# तेजस्वी ने जेडीयू नेता को भेजा कानूनी नोटिस

## मांगा 12 करोड़ 10 लाख रुपए का मुआवजा



पटना, 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने जदयू के विधान पार्षद नीरज कुमार को मानहानि का कानूनी नोटिस भेजा है। उन्होंने अपने कानूनी सलाहकार के माध्यम से यह नोटिस भेजा। आठ पन्नों के इस कानूनी नोटिस में तेजस्वी यादव ने नीरज कुमार के आरोपों को पूरी तरह झूठा और निराधार बताया है। उन्होंने 10 दिन के अंदर मानहानि के मुआवजे के तौर पर 12 करोड़ 10 लाख रुपये की मांग की है। दरअसल, नीरज कुमार ने तेजस्वी पर वेतन घोटाले का आरोप लगाया था।

**पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी ने भेजा कानूनी नोटिस**

राजद नेता ने कहा कि अगर कोई झूठ बोलेगा, गलत जानकारी देगा और किसी का चरित्र हनन करेगा तो दूसरा चुप नहीं बैठेगा। उन्होंने कहा, लोगों को सच बोलना चाहिए। झूठ की राजनीति, धोखाधड़ी, बदनामी की राजनीति, नकारात्मक राजनीति, यह सब नहीं करनी चाहिए। कहा जा रहा है कि मैंने सैलरी घोटाला किया है। हम उन्हें लीगल नोटिस क्यों नहीं भेजेंगे। अगर कोई जवाब नहीं आएगा तो हम उनके खिलाफ अदालत जाएंगे।

**तेजस्वी यादव ने आरएसएस और जेडीयू पर लगाए गंभीर आरोप**

आरएसएस भी बीजेपी के इस बयान का समर्थन करता है कि 'अगर बंटेंगे तो कट जाएंगे'। इस संबंध में पूछे जाने पर तेजस्वी ने कहा कि एक बात समझ लीजिए, बीजेपी इन दिनों आरएसएस और जेडीयू का चोला ओढ़े हुए है। जनता दल यूनाइटेड बीजेपी-आरएसएस के रंग में आ गया है। जो लोग दंगा कराना चाहते हैं, जो लोग देश को बांटना चाहते हैं, जो लोग समाज में जहर फैलाने का काम करते हैं, जो लोग संविधान के खिलाफ हैं, जो लोग आरक्षण के खिलाफ हैं, वे चाहते हैं कि दोनों समुदायों के बीच किसी भी तरह की लड़ाई हो। हम कहते हैं कि मुद्दे पर चर्चा होनी चाहिए। पढ़ाई, दवाई, कमाई, सिंचाई, कार्रवाई पर चर्चा होनी चाहिए। गरीबी पर चर्चा होनी चाहिए, बेरोजगारी पर चर्चा होनी चाहिए, पलायन पर चर्चा होनी चाहिए। शिक्षा, चिकित्सा पर चर्चा होनी चाहिए। लेकिन बीजेपी वाले सिर्फ नफरत की भाषा और मंदिर, मस्जिद, हिंदू, मुस्लिम, पाकिस्तान, कश्मीर जैसे जहरीले मुद्दे लेकर आते हैं। ये कोई मुद्दे नहीं है, ये लोग इस पर पूरी तरह से बहस करना चाहते हैं।

**गिरिराज सिंह पर भी बोला हमला**

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी आगे कहा, गिरिराज सिंह कपड़ा मंत्री हैं। मुझे बताएं कि बिहार को टेक्सटाइल पार्क क्यों नहीं दिया गया। इसका क्या जवाब है? पहले जाकर पूछिए, वह 10 साल तक मंत्री रहे हैं। आपने बिहार के लिए क्या किया? आपने बिहार को विशेष राज्य का दर्जा, विशेष पैकेज क्यों नहीं दिया? आप यहां लोगों को लड़ाने आते हैं? लोग चुप नहीं बैठेंगे। गिरिराज सिंह या उनके जैसी सोच वाले लोग नफरत फैलाएंगे। अगर ये लोग बिहार में शांति लाने की कोशिश करेंगे तो हम चुप नहीं बैठेंगे। हम उन्हें मुंहतोड़ जवाब देंगे।

**तेजस्वी से दस्तावेज दिखाकर मांगा था जवाब**

दरअसल, नीरज कुमार ने तेजस्वी पर वेतन घोटाले का आरोप लगाया था। उन्होंने तेजस्वी को नोटिस भेजकर कहा था कि जब तेजस्वी विधायक और विपक्ष के नेता होते हैं तो उनकी आय कम हो जाती है। और जब वे सिर्फ विधायक होते हैं तो उनकी आय बढ़ जाती है। उन्होंने तेजस्वी से दस्तावेज दिखाकर जवाब भी मांगा था और चुनौती दी थी कि अगर उनके आंकड़े गलत हैं तो वे उनके खिलाफ केस दर्ज करें।

# यूपी में नर्स से दरिंदगी

## चार युवकों ने हाथ बांधे और हैवानियत की हदें कीं पार अंत में किया ये घिनौना काम

चित्रकूट, 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। यूपी के चित्रकूट में चार युवकों ने घर से अस्पताल जा रही नर्स से (23) सामूहिक दुष्कर्म किया। बाद में उसके हाथ बांधकर प्रयागराज-मानिकपुर रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया। पटरी की देखरेख कर रहे कर्मचारियों ने ट्रैक पर युवती को बेहोश देख पुलिस को सूचना दी। हालत गंभीर होने पर उसे प्रयागराज रेफर किया गया है। मामले में चार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। एसपी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि युवती की हालत सामान्य होने पर पुलिस के सामने उसके बयान लिए जाएंगे। आरोपियों की पहचान के लिए सभी स्थानों के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। कई अहम सुराग मिले हैं। कुछ संदिग्धों को पकड़ा गया है। युवती ने बताया है कि वह एक युवक को पहचानती है, जो बरगढ़ का है। संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है।

# क्या उद्धव ठाकरे भाजपा से मिलाएंगे हाथ? बृजभूषण सिंह ने किया नेचुरल गठबंधन का जिक्र



गोंडा, 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। भाजपा के वरिष्ठ नेता बृजभूषण शरण सिंह ने शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) प्रमुख उद्धव ठाकरे को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि उद्धव ठाकरे को आज या भविष्य में भाजपा के साथ ही आना पड़ेगा, क्योंकि भाजपा के साथ उनका नेचुरल गठबंधन रहा है। मैं अपनी तरफ से उनको कोई ऑफर नहीं दे रहा हूं। लेकिन, निजी तौर पर मेरा ऐसा मानना है।

**'केजरीवाल ने झूठ बोलने का नया मिसाल कायम किया'**

आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर हुए हमले को लेकर बृजभूषण सिंह ने कहा कि वो बहुत बड़ा ड्रामेबाज है। उन्होंने खुद अपने ऊपर हमला करवाया होगा। केजरीवाल ने झूठ बोलने का नया मिसाल कायम किया है। उन्होंने पहलवानों पर निशाना साधते हुए कहा कि नेशनल कुश्ती और जूनियर कुश्ती रोकी जा रही है। यह सब पहलवानों की ही करतूत है। ये पहलवान नायक नहीं खलनायक हैं।

**'सनातन बोर्ड का गठन करने में कोई दिक्कत नहीं'**

प्रख्यात कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर ने सनातन बोर्ड गठन की बात कही है। जिसको लेकर बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि मैं उनसे बात करूंगा। मुझे नहीं लगता कि उनकी मांग नजायज है। सनातन बोर्ड का गठन करने में कोई दिक्कत नहीं है।

**प्रदूषण पर बोले भाजपा नेता**

उन्होंने दिल्ली में हो रहे प्रदूषण को लेकर कहा कि मुझे लगता है कि जनता को जागरूक करने की जरूरत है। साथ ही कठोर कदम उठाए जाने की जरूरत है। चाहे यूपी के किसान पराली जला रहे हो या पंजाब के किसान जला रहे हो। इस पर कठोर कदम उठाने की जरूरत है। यह बहुत गंभीर समस्या है।

# '12 घंटे में खत्म कर दूंगा लारेंस बिश्नोई का नेटवर्क', इस शख्स के दावे के बाद मचा हड़कंप



स्योहारा, 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। (बिजनौर)। इन दिनों गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का नाम काफी चर्चा में है। मुंबई में बाबा सिद्दकी हत्याकांड में भी उसका नाम जोड़ा जा रहा है। अब लॉरेंस विश्नोई को लेकर एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। यह वीडियो बिजनौर के नगर पालिका चेयरमैन फैसल वारसी का है। वीडियो में वह कह रहे हैं कि अगर सरकार उन्हें अनुमति दे तो वह गैंगस्टर लारेंस बिश्नोई का नेटवर्क 12 घंटे में खत्म कर देंगे। वीडियो में कहा कि उन्हें बाबा सिद्दीकी से मिलने का मौका नहीं मिल पाया। लारेंस जैसे गैंगस्टर समाज के लिए धब्बा हैं।

**बाबा सिद्दीकी की जमकर की तारीफ**

11 मिनट के वीडियो में उन्होंने कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए बाबा सिद्दीकी की तारीफ की। कहा कि वह उनकी कब्र पर जाएंगे। वीडियो में पालिकाध्यक्ष फैसल वारसी कह रहे हैं कि सरकार उन्हें इजाजत दें तो 12 घंटे के अंदर लारेंस बिश्नोई के नेटवर्क को खत्म कर दूंगा। बाबा सिद्दीकी को एक नेक इंसान बता रहे हैं। वीडियो में कहा कि लारेंस बिश्नोई को मौत की सजा होनी चाहिए। वह कौन होता है जो लोगों की जिंदगी के साथ खेलता है। ऐसे व्यक्ति को जिंदा रहने का कोई अधिकार नहीं है। फैसल वारसी आम आदमी पार्टी से चेयरमैन बने थे। आप को छोड़कर रालोद में चले गए थे। अब उन्होंने रालोद का साथ भी छोड़ दिया है। फैसल का कहना है कि वीडियो उनका ही है। सरकार को ऐसे अपराधी पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।

**लारेंस बिश्नोई के गुर्गे से पंजाब के पटियाला जेल में पूछताछ**

हल्द्वानी। पुलिस ने सराफा कारोबारी से रंगदारी मांगने के मामले में गैंगस्टर लारेंस बिश्नोई के गुर्गे सोनू कुमार पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। आरोपित ने जिस मोबाइल से कारोबारी को फोन कर रंगदारी मांगी थी, पुलिस ने उसे कब्जे में ले लिया है। वहीं, पंजाब के पटियाला जेल में बंद आरोपित सोनू से पूछताछ कर बयान दर्ज किए हैं। मामले की विवेचना कर रहे टीपीनगर चौकी इंचार्ज दीपक बिष्ट ने बताया कि इसी साल तीन जुलाई को सुरेश संस ज्वैलर्स के मालिक अंकुर अग्रवाल से लारेंस बिश्नोई गैंग ने फोन कर रंगदारी मांगी थी। फोन करने वाले ने खुद को सिद्धू मूसेवाला का हत्यारा बताया था। रंगदारी नहीं देने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी थी।

**पटियाला जेल में बंद है सोनू**

इस मामले में पुलिस ने मुरैना मध्य प्रदेश निवासी देवेंद्र जाटव उर्फ राकी और हल्द्वानी के तल्ला गोरखपुर निवासी व पूर्व छात्रनेता नागेंद्र सिंह चौहान को गिरफ्तार किया था। मामले का मास्टरमाइंड पंजाब निवासी सोनू कुमार निकला। इसी ने मोबाइल से कारोबारी को फोन किया था। इसके बाद उसे अवैध असलहों की सप्लाई के मामले में गिरफ्तार कर लिया था। अब वह पटियाला सेंट्रल जेल में बंद है। चौकी इंचार्ज ने बताया कि वह हल्द्वानी कोर्ट के आदेश पर डेराबस्सी थाने में पहुंचे, जहां से आरोपित का मोबाइल कब्जे में लिया। इसके बाद पटियाला जेल में पहुंचकर सोनू के बयान दर्ज किए हैं।

# डीएम आवास परिसर से मिला लापता महिला का कंकाल

## जिम ट्रेनर ने हत्या के बाद दफनाया, चार महीने पहले किया था मर्डर



कानपुर, 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। कानपुर में एक महिला की हत्या कर शव को डीएम बंगले के कंपाउंड में दफना दिया गया था। चार महीने बाद इस हत्याकांड का राज खुला है। हत्या के आरोपी जिम ट्रेनर ने महिला का अपहरण कर उसकी हत्या करके शहर के सबसे बड़े अधिकारी के सरकारी आवास परिसर में दफना दिया था। इस सनसनीखेज घटना का खुलासा तब हुआ जब पुलिस ने आरोपी जिम ट्रेनर विमल सोनी को महिला की हत्या के चार महीने बाद गिरफ्तार किया। पुलिस कस्टडी में जिम ट्रेनर ने कहा कि मैंने उसको मार डाला है। उसने बताया कि महिला की बॉडी को डीएम आवास के कंपाउंड में पांच फिट गहरे गड्ढे में दफना दिया है। आरोपी के बताए गए जगह पर रात में पुलिस ने खुदाई की। देर रात में करीब 12 :30 के बाद बजे गड्ढे से महिला का कंकाल बरामद हुआ।

**24 जून से लापता थी एकता**

कानपुर के सिविल लाइन में रहने वाले कारोबारी राहुल गुप्ता की पत्नी एकता गुप्ता 24 जून को सुबह जिम करने निकली थी। उसके बाद वह लौटकर घर वापस नहीं आई। वह रोज ग्रीन पार्क स्थित जिम में एक्सरसाइज करने जाती थी। कारोबारी राहुल गुप्ता ने इस संबंध में पुलिस से शिकायत में आरोप लगाया था कि जिम ट्रेनर विमल सोनी ने प्रोटीन के साथ पत्नी को नशीला पदार्थ खिला दिया और उसका अपहरण कर उसकी हत्या कर दी है। कारोबारी के 10 और 12 साल के दो बच्चे हैं। महिला के पति राहुल गुप्ता ने कोतवाली थाने में जिम ट्रेनर विमल सोनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। उसने पुलिस को बताया कि पत्नी एकता के खाते में लाखों रुपए थे। इसके साथ ही घर के पूरे जेवरात भी गायब हैं। इससे आक्रोशित कारोबारी और उसके परिवार के लोगों ने कोतवाली थाने में हंगामा भी किया था।

**अपहरण के तुरंत बाद की हत्या**

इस घटना के बाद से ही जिम ट्रेनर और कारोबारी की पत्नी एकता का मोबाइल स्विच ऑफ था। जिम ट्रेनर के पास शोएब नाम के युवक की कार थी। पुलिस ने उसे जिम ट्रेनर और महिला के लापता होने के बाद 25 जून को बरामद कर लिया था। कार में रस्सी, टूटा क्लेचर, टॉवेल, सिम ट्रे समेत अन्य सामान बरामद हुआ था। सिम ट्रे मिलने से यह साफ हो गया कि अपहरण के बाद उसकी तुरंत हत्या कर दी गयी थी। लेकिन आरोपी का कुछ पता नहीं चल रहा था। कारोबारी राहुल गुप्ता और भाई हिमांशु को कोतवाली पुलिस ने शनिवार शाम को जानकारी दी कि जिम ट्रेनर विमल सोनी को उन्होंने गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली थाने पहुंच जाएं। इसके बाद वहां पता चला कि विमल सोनी ने एकता का मर्डर कर दिया है। इसके बाद पुलिस की कई टीमें आरोपी विमल सोनी को लेकर शव की तलाश में जुट गई।

# शहाबुद्दीन के बेटे ओसामा शहाब आरजेडी में शामिल

## लालू यादव ने दिलाई मां-बेटे को आरजेडी की सदस्यता



पटना, 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। पूर्व सांसद और आरजेडी के बाहुबली नेता दिवंगत शहाबुद्दीन के बेटे ओसामा शहाब रविवार (27 अक्टूबर) को आरजेडी में शामिल हो गए। लालू प्रसाद यादव और और तेजस्वी यादव ने उन्हें और उनकी मां हिना शहाब को आरजेडी की सदस्यता दिलाई। इस मौके पर आरजेडी के सानायर लीडर अब्दुल बारी सिद्दीकी भी मौजूद रहे। तेजस्वी यादव और लालू यादव ने पटना के 10 सर्कुलर रोड स्थित राबड़ी आवास पर ओसामा शहाब को पार्टी की सदस्यता दिलाई।

बिहार में 2025 के विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीति हलचल अभी से तेज है। बिहार में मुस्लिम वोट बैंक की सियासत भी जोरों पर है। आरजेडी से मुस्लिम वोटरों के छिटकने की उम्मीद जताई जा रही थी। यही वजह है कि आरजेडी ने अब हिना शहाब और उनके बेटे को पार्टी शामिल कर लेना ही पार्टी हित में बेहतर समझा। ऐसा माना जा रहा है कि तेजस्वी यादव अपने कोर वोटर एमवाई समीकरण को दूर नहीं जाने देना चाहते हैं।

# अवैध संबंध के शक में इतना पीटा की हो गई मौत

बांदा, 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के बांदा में अवैध संबंध के शक में एक महिला और पुरुष को इतनी बुरी तरह पीटा गया कि पुरुष की मौत हो गई। आरोपियों ने घटना का वीडियो भी बनाया और इसे वायरल कर दिया। वायरल वीडियो में आरोपी लाठी-डंडा और धारदार हथियार लेकर पुरुष और महिला दोनों के साथ मारपीट कर रहे हैं। मारपीट के बाद पुरुष के परिजन उसे अस्पताल ले गए थे, जहां उसकी मौत हो गई। घटना बांदा के पैलानी की है। वायरल वीडियो में आप साफ तौर पर देख सकते हैं कि एक महिला को भद्दी गालियां देते हुए कुछ दबंग लात मार रहे हैं तो वहीं कुछ ही दूरी पर एक व्यक्ति बेबसी की हालत में जमीन पर बैठा हुआ है जिसके कपड़े भी यह दबंग उतरवा रहे हैं और साथ ही उस व्यक्ति पर कभी लाठी डंडा तो कभी लात घुसे थप्पड़ों की बरसात की जा रही है।

**क्या है मामला?**

इस वायरल वीडियो की तफ्तीश की गई तो पता चला यह वीडियो पैलानी थाना क्षेत्र के एक गांव का है और जिस व्यक्ति की पिटाई हो रही है उसका नाम रामबालक निषाद है। रामबालक हमीरपुर जनपद के भरुआ सुमेरपुर का रहने वाला है। पैलानी में जिस जगह इसकी पिटाई हो रही है वहां पर इसकी ससुराल थी। यह वीडियो 16 अक्टूबर को बनाया गया था, जब इस वारदात को अंजाम दिया गया था। रामबालक निषाद को इस गांव में किसी महिला से अवैध संबंध को लेकर शक के आधार पर गांव के दबंगों ने बुरी तरह मारा पीटा था। उसे जख्मी मरणासन्न हालत में बांदा की सरहद के पार भरुआ सुमेरपुर क्षेत्र में फेंका गया था, जहां से उसके परिजन उसे लेकर कानपुर गए थे और वहां उसका इलाज किया जा रहा था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# बहराइच हिंसा के आरोपी अब्दुल की बंदूक का लाइसेंस होगा रद्द, थाने और तहसील से मांगी रिपोर्ट


बहराइच, 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। हिंसा के के बाद अब जिला प्रशासन ने कार्रवाई तेज कर दी है, बहराइच हिंसा के मुख्य आरोपी अब्दुल हमीद के पास मौजूद बंदूक का लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई शुरू हो गई है और जल्द ही अब्दुल हमीद का लाइसेंस रद्द होगा। इसके लिए जिला प्रशासन की तरफ से थाने और तहसील से रिपोर्ट मांगी गई है, रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। बहराइच हिंसा में जिस लाइसेंसी बंदूक से रामगोपाल की गोली मारकर हत्या की गई है, उसका लाइसेंस साल 1995 में जारी हुआ था। लाइसेंस जारी होने के बाद रिनीवल तहसील से होता रहा है, अब तहसील और थाने से रिपोर्ट आने के बाद इस बंदूक का लाइसेंस रद्द करने की कार्रवाई होगी।

वहीं बहराइच हिंसा के आरोपी अब्दुल हमीद के ऊपर साल 2010 में भी एफआईआर हुई थी। रामगोपाल मिश्रा की हत्या से पहले भी हमीद और उसके बेटों पर बहराइच में ही केस दर्ज हो चुका था। साल 2010 में खेत से रास्ता निकालने को लेकर तमंचे और बंदूक से फायरिंग करने, मारपीट, हत्या के प्रयास समेत गंभीर धारा में मुकदमा दर्ज किया गया था।

**मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किए थो दो आरोपी**

यूपी पुलिस ने बहराइच हिंसा में युवक की गोली मारकर हत्या करने के मामले में दो आरोपियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया था। पुलिस ने जिन दो आरोपियों की मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया उनाक नाम सरफराज और मोहम्मद तालीम था। वहीं इससे पहले बहराइच हिंसा के पांचों आरोपियों को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इन सभी आरोपियों को सीजेएम प्रतिभा चौधरी के आवास पर पेश किया गया, जहां से सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# लोकसभा चुनावों में प्रदेश से दूरी बनाने वाली जया बच्चन बनी सपा की स्टार प्रचारक



लखनऊ, 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। यूपी में प्रचार से दूर रहने वाली राज्यसभा सांसद व अभिनेत्री जया बच्चन भी सपा की स्टार प्रचारक हैं। जेल में बंद आजम खां भी स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल हैं। सपा ने चुनाव आयोग को 40 स्टार प्रचारकों की सूची भेजी है। जया बच्चन पिछले लोकसभा चुनाव में भी पार्टी की स्टार प्रचारकों की सूची में थीं, लेकिन वे प्रचार करने नहीं आईं। इस बार भी विधानसभा उपचुनाव के लिए उन्हें स्टार प्रचारक बनाया गया है। स्टार प्रचारकों की सूची में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, प्रमुख महासचिव प्रो। रामगोपाल यादव, सांसद डिंपल यादव और राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव समेत अधिकतर प्रमुख नेताओं के नाम शामिल हैं।

**ये भी हैं सपा के स्टार प्रचारक**

रामजी लाल सुमन, श्याम लाल पाल, बाबू सिंह कुशवाहा, हरेंद्र मलिक, लालजी वर्मा, अवधेश प्रसाद, नरेश उत्तम पटेल, इंद्रजीत सरोज, माता प्रसाद पांडेय, विशम्भर प्रसाद निषाद, रामअचल राजभर, ओमप्रकाश सिंह, कमाल अख्तर, शाहिद मंजूर, रामगोविंद चौधरी, लाल बिहारी यादव, जावेद अली खान, राजाराम पाल, महबूब अली, जियाउर्रहमान वर्क, देवेश शाक्य, रामआसरे विश्वकर्मा, रमेश प्रजापति, किरनपाल कश्यप, राम औतार सैनी, रेखा वर्मा, त्रिभुवन दत्त, अतुल प्रधान, मिठाईलाल भारती, आबिद रजा, संजय सविता, राजपाल कश्यप, मो। शकील अहमद नदवी और जुगुल किशोर वाल्मीकि।

# बीजेपी की शुचिस्मिता सबसे अमीर; यूपी उपचुनाव में सबसे गरीब प्रत्याशी कौन




लखनऊ, 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। यूपी उपचुनाव में 9 सीटों पर 149 कैंडिडेट्स ने नॉमिनेशन किया है। भाजपा, सपा और बसपा प्रत्याशियों की बात करें तो भाजपा-सपा के 8-8 और बसपा के 7 प्रत्याशी करोड़पति हैं। सीसामऊ से इरफान सोलंकी की पत्नी की संपत्ति ढाई साल में 7 गुना बढ़ी है। सबसे ज्यादा अमीर मझवां की भाजपा प्रत्याशी शुचिस्मिता मौर्या हैं। उनकी और उनके पति की कुल 50 करोड़ की संपत्ति है। मीरापुर से सपा प्रत्याशी सुम्बुल राणा दूसरे नंबर पर हैं। उनकी और पति की कुल संपत्ति 39 करोड़ से ज्यादा है। तीसरे नंबर पर भाजपा के फूलपुर के प्रत्याशी दीपक पटेल हैं। उनकी और पत्नी की संपत्ति 25 करोड़ से ज्यादा है। साढ़े 7 साल में इनकी संपत्ति 15 करोड़ रुपए बढ़ी है। सबसे कम संपत्ति मझवां से सपा प्रत्याशी ज्योति बिंद की है। इनके पास कुल 27 लाख की संपत्ति है। मिर्जापुर की मझवां सीट से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहीं शुचिस्मिता मौर्या की कुल संपत्ति भी साढ़े 7 साल में 4 करोड़ रुपए बढ़ी है। 2017 में इसी सीट से जब वह विधायक बनी थीं, तब उनकी संपत्ति 46 करोड़ रुपए थी। इस बार हलफनामे में उन्होंने अपनी और पति की कुल संपत्ति 50 करोड़ रुपए बताई है। दोनों बार के हलफनामे में 6 करोड़ का कर्ज बताया।

# स्वच्छता की अलख जगाने को दौड़ा बनारस, मैरी कॉम बोलीं- मुक्केबाजी में अगला चैंपियन मेरी बेटी होगी

वाराणसी, 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। बॉक्सिंग की दिग्गज खिलाड़ी रहीं मैरी कॉम ने रविवार को निजी बैंक की ओर से आयोजित मैराथन को हरी झंडी दिखाई। शुरुआत संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय से सुबह 5 बजे हुई। काफी संख्या में धावकों ने इसमें हिस्सा लिया। पूर्व खिलाड़ी ने लोगों का हौसला बढ़ाया। मैराथन में मैरी कॉम ने भी हिस्सा लिया। उन्होंने अच्छे फिटनेस को लेकर लोगों को प्रेरित किया। इस दौरान वाराणसी के गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। इस आयोजन के जरिए स्वच्छ काशी-हरित काशी का संदेश दिया गया।

मैरी कॉम ने विजेताओं को सम्मानित भी किया। रविवार की तड़के मैराथन में शामिल होने के लिए लोगों की भीड़ जुट गई। पूर्व खिलाड़ी के हरी झंडी दिखाते ही लोग दौड़ पड़े। इस मैराथन को 4 भागों में बांटा गया था। इसमें 2 किमी, 5 किमी, 10 किमी और 21 किमी की कैटेगरी रखी गई थी। कई लोगों ने पैराएथलीटों की 2 किमी वाले ग्रुप में व्हीलचेयर के साथ हिस्सा लिया। टॉप-3 में जगह बनाने वाले 12 एथलीट को इनाम दिया गया। अन्य कैटेगरी के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया।



निजी बैंक की ओर से आयोजित इस मैराथन में हिस्सा लेने पहुंचीं पूर्व मुक्केबाज काफी उत्साहित नजर आईं। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि बचपन से ही काशी के बारे में सुनती आई हूं। कभी यहां किसी कार्यक्रम के जरिए आने का मौका मिलेगा, ऐसा सोचा नहीं था। बनारस काफी खूबसूरत है। इस बार ओलंपिक में भारतीय खिलाड़ियों को प्रदर्शन पर कहा कि मुक्केबाजी में मेडल न मिलना उन्हें भी काफी निराश कर गया। ऐसा क्यों हुआ इसके बारे में उन्हें भी नहीं मालूम। मैरी कॉम ने कहा कि मैराथन का हिस्सा बनना सम्मान की बात है।

मैराथन में भाग लेना न केवल एक शारीरिक चुनौती है, बल्कि यह मानसिक शक्ति और प्रेरणा की परीक्षा भी है। पैराएथलीटों के लिए एक श्रेणी शामिल करना स्वागत योग्य कदम है। काशी को स्पोर्ट्स के क्षेत्र में पीएम द्वारा मिली सौगातों पर कहा कि मैं प्रधानमंत्री व यूपी के मुख्यमंत्री को बधाई देना चाहती हूं। मैं बोलना चाहती हूं यूपी के युवा खासकर बनारस को यह लाभ लेना चाहिए। इतनी अच्छी सुविधा, इंफ्रास्ट्रक्चर मिल रहा है। फिर हम आगे देश के लिए कुछ क्यों नहीं कर रहे हैं। हमारे अंदर कुछ करने की भूख होनी चाहिए। इस दौरान अपनी आवाज में कुछ गीत भी गाए। परिवार से अगला चैंपियन कौन होगा, इस पर उन्होंने कहा कि आने वाले समय में मेरी बेटी चैंपियन होगी।

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-29 अंक : 216 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) कार्तिक कृ.11 2081 सोमवार, 28 अक्टूबर-2024

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✻ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

## पानी की टंकी में डूबी 3 साल की बच्ची

वारंगल, 27 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। हनमकोंडा जिले के भीमादेवरपल्ली मंडल के रत्नागिरी गांव में रविवार को 3 साल की एक बच्ची की पानी की टंकी में दुर्घटनावश गिरने से मौत हो गई। रिपोर्ट के अनुसार, बच्ची अस्मिका अपनी बहन के साथ अपने घर के पास स्थित पानी की टंकी के पास खेल रही थी, तभी वह गलती से उसमें गिर गई। चूंकि उसके माता-पिता दिहाड़ी मजदूर थे और काम पर गए हुए थे, इसलिए उसे बचाने वाला कोई नहीं था। उसकी बहन ने अपने पड़ोसियों को इसकी सूचना दी, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी और अस्मिका की मौत हो चुकी थी। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया। मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

## 18वें अंतर्राष्ट्रीय नॉलेज मिलेनियम सम्मेलन का आयोजन

हैदराबाद, 27 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। आईकेपी नॉलेज पार्क (आईकेपी) अपने वार्षिक प्रमुख कार्यक्रम, अंतर्राष्ट्रीय नॉलेज मिलेनियम सम्मेलन के 18वें संस्करण का आयोजन 26 से 28 अक्टूबर तक शहर में कर रहा है, जिसका मुख्य विषय आईकेपी@25: एक महाकाव्य रैप्सोडी और अगली सिम्फनी है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस कार्यक्रम में आईकेपी शेपर्स अवार्ड के माध्यम से आईकेपी को इस मुकाम तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले 25 लोगों की भूमिका को भी मान्यता दी जाएगी तथा उन 50 स्टार्ट-अप्स का भी सम्मान किया जाएगा जिन्होंने हमारे जीवन को बेहतर बनाया है।

# जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देने पर केंद्र सहमत

### संसद के विंटर सेशन में प्रस्ताव लाया जाएगा, लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश बना रहेगा

नई दिल्ली, 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। केंद्र में जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने पर सहमति बन गई है। वहीं, लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश बना रहेगा। नवंबर के आखिरी हफ्ते में शुरू होने वाले संसद के शीतकालीन सत्र में इससे जुड़ा प्रस्ताव लाया जाएगा।



राज्य के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने 23 अक्टूबर को गृह मंत्री अमित शाह और 24 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी। इस दौरान उमर ने पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने का आग्रह किया था। उन्हें इसी साल राज्य का दर्जा बहाल करने का आश्वासन मिला था।

साल 2019 में अनुच्छेद 370 और 35ए हटाते समय जम्मू-कश्मीर और लद्दाख दो केंद्र शासित प्रदेश बनाए गए थे। सरकार ने उस समय ही राज्य के हालात सामान्य होने पर पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने का भरोसा दिया था।

हालिया राज्य विधानसभा चुनाव में भी भाजपा ने इसे दोहराया था। चुनाव के बाद गठित सरकार की पहली कैबिनेट मीटिंग में राज्य का दर्जा बहाल करने का प्रस्ताव पास करके उप-राज्यपाल (एलजी) को भेजा गया था। एलजी मनोज सिन्हा ने 19 अक्टूबर को प्रस्ताव मंजूर करने के बाद गृह मंत्रालय को भेज दिया था।

जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 के तहत जम्मू-कश्मीर राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में पुर्नगठित किया गया था। इसलिए पूर्ण राज्य के दर्जे के लिए संसद में एक कानून पारित कर पुनर्गठन अधिनियम में बदलाव करना होगा। यह बदलाव संविधान की धारा 3 और 4 के तहत होंगे।

राज्य का दर्जा देने के लिए लोकसभा और राज्यसभा में नए कानूनी बदलावों का अनुमोदन जरूरी होगा, यानी संसद से इस प्रस्ताव को मंजूरी मिलना जरूरी है। मंजूरी के बाद इसे राष्ट्रपति के पास भेजा जाएगा।

## कर्मचारियों को निराश करने वाले एकल डीए

### जेएसी के पूर्व अध्यक्ष ने की निंदा

हैदराबाद, 27 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। जेएसी के पूर्व अध्यक्ष देवीप्रसाद राव ने रविवार को कांग्रेस सरकार की आलोचना की, जिसने कर्मचारियों को दिवाली के तोहफे के रूप में महंगाई भत्ते (डीए) की एक किस्त जारी करने की घोषणा की। कर्मचारियों को दो जेएसी के साथ चर्चा के बाद कम से कम 3 डीए की उम्मीद थी, लेकिन कैबिनेट द्वारा केवल एक किस्त जारी करने के फैसले से वे अपमानित महसूस कर रहे हैं।

देवीप्रसाद ने कहा कि 22 जुलाई से बकाया डीए, जिसे पिछली सरकार ने मंजूरी देकर चुनाव आयोग को मंजूरी के लिए भेजा था, कर्मचारियों को संतुष्ट करने के लिए जारी किया जाना चाहिए। उन्होंने कर्मचारियों के प्रति कांग्रेस सरकार की ईमानदारी पर सवाल उठाते हुए कहा कि चुनाव घोषणापत्र में लंबित डीए के तत्काल भुगतान का वादा किया गया था, लेकिन 10 महीने बाद भी केवल एक ही जारी किया गया है, जबकि चार अभी भी लंबित हैं।

# रेवंत का कार्यकाल इतिहास में दर्ज होगा

## बीआरएस नेता केटीआर ने कसा तंज

हैदराबाद, 27 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। कांग्रेस प्रशासन पर उसकी गलतियों के लिए तीखा हमला करते हुए बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के टी रामाराव ने रविवार को कई गलतियों को उजागर किया, जिससे मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी की प्रभावी ढंग से शासन करने में असमर्थता उजागर हुई। जीएचएमसी सीमा के बीआरएस विधायकों और पार्टी नेताओं के साथ उन्होंने उप्पल विधानसभा क्षेत्र के नचाराम में पेड्डा चेरुवु सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का दौरा किया। इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में पहली बार वह देखने को मिला जो नहीं होना चाहिए था। पुलिसकर्मी पुलिस के खिलाफ खड़े थे, कांग्रेसी कांग्रेसियों को पीट रहे थे और मुफ्त यात्रा बसों में महिलाएं महिलाओं से लड़ रही थीं।





रामाराव ने मौजूदा प्रशासन के तहत अव्यवस्था और कुप्रबंधन पर जोर देते हुए कहा कि रेवंत के शासन के बारे में बात करने के लिए यह काफी है। रामा राव ने रेवंत रेड्डी पर लोगों से वादा किए गए छह गारंटियों की अनदेखी करने और इसके बजाय मूसी नदी के सौंदर्यीकरण परियोजना पर ध्यान केंद्रित करने का आरोप लगाया, जिसके बारे में उन्होंने दावा किया कि यह भ्रष्टाचार को छुपाने का एक तरीका है।

उन्होंने तर्क दिया कि गोदावरी के पानी को मूसी तक लाकर परियोजना को केवल 1,100 करोड़ रुपये में पूरा किया जा सकता था, लेकिन सरकार निहित स्वार्थों के लिए लागत को 1.5 लाख करोड़ रुपये तक बढ़ा रही है।

उन्होंने कांग्रेस सरकार पर 100 दिनों के भीतर अपने वादे पूरे न करने का आरोप लगाया और आरोप लगाया कि सरकार की विफलता से जनता का ध्यान भटकाने के लिए मूसी परियोजना का इस्तेमाल किया जा रहा है। रामाराव ने जोर देकर कहा कि बीआरएस मूसी परियोजना के खिलाफ नहीं है, लेकिन वह इसकी आड़ में भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं करेगी।

रामाराव ने हैदराबाद में पंजीकृत और कर-भुगतान करने वाले घरों को ध्वस्त करके शॉपिंग मॉल बनाने के लिए कांग्रेस सरकार की आलोचना की, और रेवंत रेड्डी पर गरीबों के खिलाफ साजिश रचने का आरोप लगाया। उन्होंने हैदराबाद के लोगों को आश्वासन दिया कि बीआरएस उनके साथ खड़ी रहेगी और उनके घरों को बुलडोजर से बचाएगी।

गरीबों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए उन्होंने मूसी परियोजना से विस्थापित हो रहे लोगों को समर्थन देने का वादा किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि बीआरएस हैदराबाद के लोगों का समर्थन करना जारी रखेगा और सभी वादों के पूरा होने तक उनके साथ खड़ा रहेगा।

उन्होंने रेवंत रेड्डी पर शॉपिंग मॉल बनाने के लिए गरीबों के घरों को ध्वस्त करने की साजिश रचने का आरोप लगाया, जो हैदराबाद के लोगों के खिलाफ प्रतिशोध से प्रेरित है जिन्होंने कांग्रेस को वोट नहीं दिया।

## कस्टम मिल्ड चावल की डिलीवरी में देरी जारी

### जिले में 19 उबले चावल मिल, 35 कच्चे चावल मिल

मंचेरियल, 27 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। निजी मिल मालिक सरकार को कस्टम मिल्ड चावल (सीएमआर) की डिलीवरी में देरी कर रहे हैं, जबकि नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारी दोषी मिल मालिकों के खिलाफ मामले दर्ज कर रहे हैं। जिले में 19 उबले चावल मिल और 35 कच्चे चावल मिल हैं। उन्हें वनकालम-2023 में एमईपीएमए, आईकेपी, पीएसीएस और डीसीएमएस जैसे विभिन्न संगठनों के माध्यम से खरीदे गए 1.39 लाख मीट्रिक टन धान की मिलिंग का काम सौंपा गया था। उन्होंने अब तक 94,057 मीट्रिक टन के लक्ष्य के मुकाबले 61,467 मीट्रिक टन चावल लौटा दिया है। उन्हें 32,589 मीट्रिक टन चावल अनाज देना है।

## पुनर्वास योजनाओं पर मूसी परियोजना को लेकर असमंजस

हैदराबाद, 27 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। मूसी रिवरफ्रंट विकास परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) अभी तक तैयार नहीं हुई है, लेकिन मूसी परियोजना के विस्थापितों के पुनर्वास पर कांग्रेस सरकार के विरोधाभासी बयानों से वे चिंतित हैं। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने शुरू में घोषणा की थी कि मूसी नदी परियोजना के विस्थापितों के लिए मकान बनाने हेतु जवाहरनगर में 1000 एकड़ भूमि उपलब्ध है। इसके बाद 5 अक्टूबर को मुख्यमंत्री ने एक नई योजना पेश की, जिसमें कहा गया कि यदि आवश्यकता हुई तो प्रभावितों के लिए मकान बनाने हेतु मलकपेट रेस कोर्स और अम्बरपेट पुलिस अकादमी को हैदराबाद से बाहर स्थानांतरित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री की योजनाओं के विपरीत, उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क ने शनिवार को एक और पुनर्वास योजना की घोषणा की। यहां एक प्रॉपर्टी शो में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार मूसी परियोजना के विस्थापितों को 'सुंदर जीवन' प्रदान करने के अपने निर्णय पर अडिग है। भट्टी विक्रमार्क ने कहा कि मूसी परियोजना के विस्थापितों के लिए उसी क्षेत्र में सभी सुविधाओं के साथ आवासीय टावरों का निर्माण किया जाएगा। उनके बच्चों के लिए एकीकृत स्कूल बनाए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि विस्थापित डीडब्ल्यूसीआरए महिला समूह के सदस्यों को 1,000 करोड़ रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण दिया जाएगा। इसके अलावा, रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए लघु उद्योग इकाइयां भी स्थापित की जाएंगी।

## जुपल्ली ने सामाजिक उपचार के लिए बौद्ध शिक्षाओं की वकालत की

हैदराबाद, 27 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जुपल्ली कृष्ण राव ने कहा कि गौतम बुद्ध द्वारा सिखाए गए सिद्धांत सामाजिक समस्याओं के लिए अंतिम उपाय हैं, जो मानव जीवन को पूर्णता प्रदान करते हैं।

मंत्री ने रविवार को सिकंदराबाद में महाबोधि बुद्ध विहार में एक कार्यक्रम में भाग लिया। बाद में, उन्होंने वर्षा ऋतु के एकांतवास को पूरा करने वाले बौद्ध भिक्षुओं को पारंपरिक वस्त्र भेंट करने में भाग लिया। यह कार्यक्रम महाबोधि दयाका मंडली और महाबोधि बुद्ध विहार द्वारा आयोजित किया गया था।

समारोह के दौरान, मंत्री जुपल्ली ने पाली भाषा से डॉ. शिवनागी रेड्डी द्वारा अनुवादित "बुद्धवंश" के तेलुगु अनुवाद का भी अनावरण किया।



स्वतंत्र वार्ता

सोमवार, 28 अक्टूबर- 2024

# कांग्रेस का घटता कद

जहां लोकसभा चुनाव में बहुमत न हासिल कर पाने की वजह से एनडीए सरकार के अंदर बीजेपी नेतृत्व की पकड़ कुछ ढीली पडी है तो वहीं हरियाणा में कांग्रेस को मिली करारी हार ने उसकी साख को लगता है राख में मिला दिया है। यही वजह है कि आज उसके सहयोगी भी उसे आंख दिखाने लगे हैं। हरियाणा के चुनावी नतीजे के बाद विपक्षी नेताओं की बयानबाजी में तल्खी आई है यह बात तो समझ में आती है लेकिन महाराष्ट्र व अन्य राज्यों में सीट बंटवारे को लेकर जिस तरह से कांग्रेस को सहयोगी ही आंखें तरेरने लगे हैं उससे जाहिर है कांग्रेस की सौदेबाजी करने की क्षमता में गिरावट आई है। इसका पहला और सबसे बड़ा प्रभाव उत्तर प्रदेश में दिखा, जहां नौ विधानसभा सीटों पर हो रहे उपचुनाव के मद्देनजर समाजवादी पार्टी ने एकतरफा ढंग से उम्मीदवार घोषित कर दिए। कांग्रेस ने पहले परदे के पीछे बातचीत कर मामले को संभालने की कोशिश की, लेकिन सपा नेता अखिलेश यादव टस से मस नहीं हुए। थक हार कर कांग्रेस ने त्याग की मुद्रा अपनाते हुए कहा कि लोकतंत्र और संविधान बचाने की इस लड़ाई में व्यापक हितों को देखते हुए वह अपना कोई प्रत्याशी खड़ा नहीं करेगी और सभी 9 सीटों पर समाजवादी पार्टी को जिताने का प्रयास करेगी। कहां तो महाराष्ट्र विकास आघाड़ी के तीनों प्रमुख दलों में कांग्रेस खुद को सबसे बड़ी बता रही थी। इसका ठोस आधार भी था। लोकसभा चुनावों में पार्टी ने राज्य में विपक्षी दलों में सबसे ज्यादा 13 सीटें हासिल कर अपना परचम फहराया था। इसलिए वह बाकी उद्धव ठाकरे व शरद पवार की पार्टी के मुकाबसे ज्यादा सीटें मांग रही थी। शुरुआती खबरों में ऐसे संकेत भी मिले थे कि उसकी मांग को स्वीकार कर लिया जाएगा। लेकिन आखिरी दौर में जब शरद पवार की अगुआई में बैठक हुई तो उसमें जो फॉर्म्युला मंजूर हुआ, उसके मुताबिक तीनों पार्टियों - कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी) और एनसीपी (शरद)- ने 85-85 सीटों पर लड़ना तय किया। निश्चित रूप से यह बराबरी कांग्रेस के खिलाफ था, लेकिन इसे मानने के अलावा उसके पास कोई चारा भी नहीं था। सवाल है कि कांग्रेस का यह घटा हुआ कद इंडिया ब्लॉक के क्षेत्रीय दलों के लिए तात्कालिक तौर पर फायदेमंद भले हो, क्या यह दीर्घकालिक तौर पर गठबंधन के लिए लाभकारी होगा? ध्यान रहे, लोकसभा चुनावों में अगर विपक्ष बेहतर प्रदर्शन कर सका तो उसके पीछे दो दौर की भारत जोड़ो यात्रा के कारण विपक्ष के नेता के तौर पर राहुल गांधी के बढ़े हुए कद का भी कम योगदान नहीं था। भले ही मौजूदा दौर गठबंधन का हो, उसके केंद्र में एक बड़े व्यक्तित्व की मौजूदगी जरूरी होती है जो गठबंधन को न सिर्फ जोड़े रखता है बल्कि उसे मजबूती भी देता है। ऐसे में अगर विपक्षी गठबंधन को सार्थक विकल्प के रूप में बने रहना है तो कांग्रेस को इस कमजोरी से उबरना पड़ेगा। लेकिन यह तब तक नहीं होगा, जब तक कि वह बीजेपी से सीधे मुकाबले में हार जाने वाली अपनी छवि को निर्णायक तौर पर नहीं बदलती। बीजेपी को हराने की कूवत जिस दल में होगा जाहिर है वहीं इंडिया की अगुवाई करेगी।

# अपनी दीपावली की लिस्ट बदलें

डॉ. दीपक कुमार मध्य प्रदेश के इंदौर से 150 किलोमीटर दूर हरदा के सरकारी जिला अस्पताल में मेडिसिन के एमडी हैं। वे दिगंबर पांडुरंग गद्रे के घर के केयरटेकर के बेटे थे। गद्रे के पिता की पैतृक जमीन टिमरनी में थी- जो उनका गृहनगर भी था। यह हरदा से 15 किलोमीटर दूर है। वे इंदौर के डी एंड एच सेचेरॉन इलेक्ट्रोड्स प्राइवेट लिमिटेड में काम करते थे और वहीं से सेवानिवृत्त भी हुए। चूंकि दीपक मेडिकल की पढ़ाई करने के इच्छुक थे, इसलिए गद्रे ने इंदौर में उनकी एक साल की पीएमटी कोचिंग और ग्वालियर में पूरे पांच साल की मेडिकल कॉलेज की फीस का खर्च उठाया और उन्हें वह बनाया, जो वे आज हैं। अकेले दीपक ही नहीं, इंजीनियर सुधीर चिपळूणकर भी गद्रे को याद करते हैं, क्योंकि उनकी पढ़ाई का खर्च भी गद्रे ने ही उठाया था। आज चिपळूणकर हैदराबाद में एल एंड टी मेट्रो रेल में चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर के पद पर हैं। श्रीकर भी गद्रे को याद रखेंगे, क्योंकि उन्होंने उन्हें कानून का पेशेवर बनाया और वे वर्तमान में टिमरनी में काम करते हैं।


बागेश्री ने रसायन विज्ञान में एमएससी किया है और वर्तमान में अमेरिका में नौकरी कर रहे हैं। केदार महिंद्रा एंड महिंद्रा के लिए पुणे में इंजीनियर हैं। कोई बैंक में मैनेजर बन गया तो सुरभि जैसे लोग आर्किटेक्चर और इंटीरियर डिजाइनर बन गए। यह सूची लंबी है। कविता (अब 72 वर्षीय) से विवाह करने के बाद गद्रे अपने दो-तीन रिश्तेदारों के बच्चों या जरूरतमंदों को अपने साथ रखते थे, क्योंकि कविता बढ़िया खाना बना सकती थीं और उनकी देखभाल करती थीं। अपने बच्चों के अलावा कविता ने इन बच्चों का करियर बनाने में भी कड़ी मेहनत की थी। इन बच्चों को उनके दो बेडरूम वाले किराए के घर में ही समायोजित किया गया था। बच्चों के माता-पिता को गद्रे का पालन-पोषण का तरीका पसंद आया। वे सख्त थे और बच्चे उनसे बहुत डरते थे, लेकिन जब बात उच्च शिक्षा की आती थी तो वे बहुत उदारतापूर्ण हो जाते थे। कोई आश्चर्य नहीं कि उनके 30 साल के करियर में 40 से अधिक युवाओं ने अपनी उच्च शिक्षा पूरी की। धीरे-धीरे उनकी आर्थिक स्थिति सुधरी। घर बने। उन्होंने कॉर्पोरेट के साथ-साथ खेतों में भी काम किया। उनके पूर्वजों के पास 100 एकड़ से ज्यादा जमीन थी, जिसे गद्रे सहित उनके पांच भाई-बहनों की पढ़ाई के लिए थोड़ा-थोड़ा करके बेच दिया गया था। लेकिन उन्होंने उस 100 एकड़ में से लगभग 80 एकड़ जमीन वापस ले ली और सुनिश्चित किया कि उनके भाई-बहनों के पास जमीन हो। इस साल 22 अक्टूबर को 78 साल की उम्र में गद्रे की मृत्यु पर सिर्फ उनके रिश्तेदारों और उनके संरक्षण में पले-बढ़े युवाओं ही नहीं, बल्कि गांव के कई लोगों ने भी शोक व्यक्त किया। इनमें वे पशु-पक्षी भी शामिल थे, जिनकी वे देखभाल करते थे। ऐसा इसलिए था, क्योंकि उनकी दीपावली के उपहारों की सूची में उनके और कविता के नहीं, दूसरों के नाम थे। गद्रे ने मुझे कोल्लुकुडीपट्टी की याद दिलाई। यह तमिलनाडु के तिरुपत्तूर के समीप एक गांव है, जहां मैं बहुत पहले गया था। उस गांव के लोगों के लिए दिवाली पटाखे जलाने का नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति सम्मान दिखाने और अच्छी फसल की उम्मीद करने का समय है। ग्रामीण इस बार भी पटाखों के बिना दिवाली मनाने की अपनी अनूठी परंपरा को जारी रखेंगे, ताकि पास के वेट्टांगुडी अभयारण्य में आने वाले पक्षियों की रक्षा की जा सके। हर साल विभिन्न देशों से लगभग सैकड़ों प्रवासी प्रक्षी यहां घोंसला बनाते हैं। पटाखों का शोर इन आगंतुकों के बच्चों को डरा सकता है, इसलिए वे अपने बच्चों को पटाखे नहीं जलाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। उनके लिए पक्षियों की देखभाल करना उनकी दिवाली के उपहारों की सूची में सबसे ऊपर है।

# चिकित्सा को मूल अधिकार का दर्जा मिले


रघु ठाकुर

पिछले लगभग 4-5 वर्षों से सारी दुनिया नये नये प्रकार की महामारियों से पीड़ित है और इससे भारत में ही लाखों मौत के शिकार हुये हैं। अनेकों अंतरराष्ट्रीय अध्ययनकर्ताओं ने इनसे मृतकों की संख्या 30-40 लाख भी बताई है,वैसे भी भारत में अनेकों बीमारियों के चलते लाखों लोग मौत के शिकार होते हैं। कैंसर जैसी बीमारियों का नाम पहले यदाकदा सुनने को मिलता था, अब लाखों लोग कैंसर से पीड़ित हैं। कैंसर के अस्पताल भरे पड़े हैं और हजारों लोग प्रतिवर्ष मौत के शिकार हो रहे हैं। जिनमें अधिकांश लोग वे हैं जिन्हें ईलाज उपलब्ध नहीं है या एक बड़ा हिस्सा उन लोगों का है, जिन्हें ईलाज पर्याप्त नहीं मिल पाता है। इसी प्रकार टी.बी. जैसी बीमारियां भी हजारों लोगों की जान ले लेती है, प्रदूषण तो इतनी गंभीर समस्या बन गई है कि महानगरों के छोटे-छोटे बच्चे भी अस्थमा, श्वास जनित बीमारियों के शिकार हो रहे हैं। सर्वोच्च न्यायालय से लेकर सरकार तक प्रदूषण को लेकर चिंता व्यक्त करती रही है। परंतु मर्ज लाईलाज है। मोदी सरकार ने पहले कार्यकाल में आयुष्मान योजना की घोषणा की थी। गरीबी की सीमा रेखा से नीचे जीवन यापन करने वालों को 5 लाख रुपये तक का ईलाज सरकार की ओर से देने की घोषणा की थी। वैसे यह योजना अच्छी थी परंतु इस योजना में भारी भ्रष्टाचार हुआ। एक तो राज्य सरकारों ने अपनी सुविधा और अनुकूलता से आयुष्मान योजना के लिये अस्पताल चिन्हित किये। अधिकांश मामलों में आयुष्मान कार्ड की 5 लाख रुपये की राशि का भारी भ्रष्टाचार हुआ। कई निजी अस्पतालों में तो चिकित्सक और मरीजों के बीच समझौता जैसा हो गया और मामूली सी बीमारी को बड़ी से बड़ी बीमारी बताकर पैसे का बंटवारा कर लिया गया। पिछले दिनों एक रपट छपी थी कि भारत सरकार ने प्राप्त शिकायतों के आधार पर जो जांच कराई उनमें कई हजार करोड़ रुपयों का घोटाला का भ्रष्टाचार पाया गया। अभी तक हमारे देश में जो चिकित्सा की व्यवस्था है वह निम्न हिस्सों में बंटी हुई है। 1. केंद्र सरकार के कर्मचारी सीजीएसएच योजना के पात्र होते हैं और उन्हें सेवा कार्यकाल में और सेवानिवृत्ति के बाद भी मुफ्त ईलाज मिलता है। इसी प्रकार सेना, सीआरपीएफ, आरपीएफ आदि केंद्र कार्य या सेवानिवृत्त कर्मचारियों को मुफ्त ईलाज की व्यवस्था है। 2. राज्य सरकार के अधिकारियों और कर्मचारियों को भी सेवाकाल में ईलाज मुफ्त मिलता है और सेवानिवृत्ति के बाद भी कई प्रकार की योजनाएं उनकी चिकित्सा के लिये बनाई गई हैं। 3. सार्वजनिक क्षेत्र के कर्मचारियों के लिये यदा बैंक, एविऐशन, स्टील प्लांट, कोयला क्षेत्र, लोह क्षेत्र,बंदरगाह आदि के कर्मचारियों के लिये उनकी नियोक्ता संस्थाओं की ओर से ईलाज की व्यवस्था की गई है। बहुत सारे संस्थानों ने खुद अस्पताल बनाये हैं जिनमें बेहतर ईलाज की व्यवस्था है। और कुछ सार्वजनिक क्षेत्र के कारखाने वालों ने बड़ी-बड़ी नामधारी निजी अस्पतालों के साथ समझौता किया है जहां उन्हें समुचित ईलाज की व्यवस्था है। 4. बहुत सारे सरकारी, गैर सरकारी और सार्वजनिक क्षेत्र के कर्मचारियों को संस्थानों की ओर से सामूहिक चिकित्सा बीमा की योजना लागू की गई है। 5. गरीबी की सीमा रेखा के नीचे जीवन यापन करने वालों को भी सरकारी चिकित्सालयों में या प्रशासन की मदद से मुफ्त चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हैं। 6. देश के अमीरों और उच्च, मध्यम वर्ग के ईलाज के लिये उनके पास देश व विदेश में पर्याप्त साधन हैं। देश का व्यापारी तबका कारपोरेट कारखानेदार इसमें आते हैं यानि ये सब मिलाकर लगभग 20-25 करोड़ लोग होते हैं जिन्हें चाहे सरकार से चाहे संस्थान या चाहे बीमा से या अपनी क्षमता से निशुल्क ईलाज की व्यवस्था उपलब्ध है। और अगर यह मान लिया जाये कि इनके परिवार में औसतन 4-5 लोग हैं तो औसतन 90 से 100 करोड़ लोगों को सरकारी या गैर सरकारी चिकित्सा उपलब्ध है। देश के राजनेताओं, सांसदों या पूर्व सांसदों, विधायकों को क्रमशरू लोकसभा या विधानसभाओं के माध्यम से श्रेष्ठतम निशुल्क चिकित्सा उपलब्ध है। इस आधार पर लगता है कि देश के मध्यम वर्ग के लोग, कुछ मध्यम किसान, पत्रकार ही वे अभागे लोग हैं जिन्हें निशुल्क सरकारी चिकित्सा उपलब्ध नहीं है। जिनकी आर्थिक क्षमता भी ईलाज लायक नहीं है। और जो गरीब हैं, न अमीर हैं, न कर्मचारी हैं, न व्यापारी हैं बल्कि ऐसे भारतीय हैं जिनके पास आर्थिक या राजनैतिक ताकत नहीं है। इसलिये वे व्यवस्था से पूर्णतरू उपेक्षित हैं। इन्हें मामूली से बुखार जैसी बीमारी की चिंता होती है कि ईलाज कैसे होगा? क्योंकि सरकारी अस्पताल या तो बहुत दूर हैं और हैं भी तो उनमें इतनी भीड़ है कि ईलाज पाना दुष्कर कार्य है। निजी अस्पतालों में उन्हें ईलाज पाना कठिन होता है। मामूली बुखार के ईलाज में फीस, दवा व जांच में कई हजार खर्च हो जाते हैं। वैसे तो देश में एम्स, सिम्स जैसे बड़े-बड़े सरकारी अस्पताल स्थापित किये गये हैं परंतु वहां आने वाले मरीजों की संख्या और चिकित्सकों की उपलब्धता अकल्पनीय है। हमारे एक साथी श्याम सुंदर यादव की बेटी को, अपने बेटे का एक छोटा सा आपरेशन कराना है जो दिल्ली के एम्स में होना है। उसके पहले वह आगरा के निजी चिकित्सालय में अपनी क्षमता भर ईलाज करा चुकी परंतु उससे उन्हें लाभ नहीं हुआ। अब उनसे कहा गया है कि एक छोटा सा आपरेशन दिल्ली एम्स में होगा। वह दिल्ली बेटे को लेकर गये थे और दिल्ली के डॉक्टर ने उसे देखा, आपरेशन के लिये कहा और आपरेशन के लिये ढाई वर्ष बाद की तारीख दी है। मैं इसमें एम्स संस्थान या उसके कुशल चिकित्सकों का कोई दोष नहीं मानता, क्योंकि वे लोग अपनी पूरी क्षमता से, लगन व मेहनत से ईलाज करते हैं परंतु मरीजों की संख्या इतनी ज्यादा है कि वे स्वतरू भी लाचार हैं। यह खाका इसलिये खींचा है ताकि सरकार समझ सके कि सरकार चिकित्सा और ईलाज के लिये जो तरीका अपना रही है उससे देश की बड़ी आबादी को चिकित्सा मिलना संभव नहीं है। फिर सरकारी अस्पतालों में ईलाज और दवाओं के नाम पर भी भेदभाव होता है। अफसरशाही राजनेताओं या उनकी सिफारिश वालों के लिये न केवल बेहतर ईलाज मिल जाता है बल्कि ब्रांडेड दवाईयां भी मिल जाती है। मरीज ज्यादा हैं और सरकार का दवाओं के लिये बजट जरूरत से काफी कम रहता है। इसका परिणाम यह है। अस्पतालों में दो प्रकार की दवाओं की खरीद होती है, एक सामान्य मरीजों के लिये जेनेरिक और लोकल मेड जैसी दवाओं की खरीदी होती है जो बीमारी को मिटाने लिये सक्षम नहीं होती, लंबे समय तक मरीज यह दवायें, गोलियां खाते रहते हैं और बाद किसी दिन कोई नर्स या कम्पाउंडर सलाह दे देता है कि यहाँ की दवाओं से फायदा नहीं होगा, बाहर से ब्रांडेड कंपनियो की दवाईयां खरीदो जो भारी महंगी होती हैं। जबकि राजनेताओं, अफसर और ताकतवर लोगों को ब्रांडेड दवायें उपलब्ध रहती हैं। सरकार को चाहिये कि वह इसका भी अध्ययन कराये कि सरकारी चिकित्सालयों ने कितनी दवाईयां जिनेरिक खरीदी गयीं और कितनी ब्रांडेड। तथा ब्रांडेड दवाईयां किनको दी तथा जिनेरिक दवाईयां किनको दी गई। अधिकांश सरकारी चिकित्सालयों की हालत यह है कि वहां मशीनी जांच के साधन उपलब्ध नहीं हैं, या तो मशीने नहीं हैं, मशीनें हैं तो खराब हैं। करोड़ों की मशीनें डम्प पड़ी हैं, जिन्हें चलाने वाले तकनीकी जानकार नहीं हैं। और परिणाम यह होता है कि खून की जांच, ईसीजी, एक्सरे आदि जांचों के लिये सामान्य मरीजों को बाजार के हवाले कर दिया जाता है। हमारे देश अपवाद छोड़े तो आमतौर पर चिकित्सकों का व्यवहार मरीजों को ठीक करना कम धन कमाना ज्यादा हो गया वे मरीज का हाथ पकड़ने के पहले उसकी माली हालत पूछते हैं। अधिकांश सरकारी अस्पताल के सरकारी डॉक्टर प्राइवेट प्रेक्टिस कर रहे हैं। उनके लिये सरकारी अस्पताल केवल मरीजों को रिफर करने का संस्थान हैं, जहां से वे मरीजों को अपने निजी अस्पतालों में रिफर कर देते हैं। हालात इतने बदतर हैं कि कितने ही डॉक्टर जिन्हें मरीज अपना भगवान मानता है, उनसे वे साहूकार जैसा व्यवहार करते हैं, यद्यपि सभी नहीं कुछ अपवाद भी है। प्रायवेट डॉक्टर तो आमतौर पर मरीज की आर्थिक स्थिति देखते हैं और फिर फीस आदि का निर्धारण करते हैं।

# उपचुनाव से मालूम हो जाएगा कि यूपी में किस पार्टी में कितना दम ?


अशोक भाटिया

उत्तरप्रदेश में कभी कांग्रेस के रहे वर्चस्व के बाद बारी - बारी से बसपा , सपा और भाजपा का वर्चस्व रहा है । इस समय वहां भाजपा के योगी जी का शासन कायम है पर पिछले 2024 लोकसभा चुनाव में सपा द्वारा 37 सीट जीत लेने के बाद उसका बर्गिन पॉवर बढ़ गया है । आगामी 13 नवम्बर को होने वाले उपचुनाव में सपा पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक (पीडीए) फार्मूले के साथ लोकसभा चुनाव में प्रदर्शन करने वाली सपा उपचुनाव को 2027 का सेमीफाइनल मान रही है। यही कारण है कि सपा ने कांग्रेस के दबाव में आए बिना हर सीट पर अपने प्रत्याशियों को पहले ही उतारने की घोषणा कर दी थी । शिवपाल सिंह यादव सहित कई बड़े नेताओं को चुनाव प्रभारी बनाया गया। अब सपा के सामने जहां वर्ष 2022 की जीती हुई सीटों पर अपना प्रदर्शन दोहराने की चुनौती है, वहीं, भाजपा के हिस्से वाली सीटों पर सपा को अपने पिछले प्रदर्शन को सुधारने की चिंता भी। इस चुनाव में इंडिया गठबंधन की मुख्य पार्टी कांग्रेस उत्तरप्रदेश के इस उपचुनाव में लगभग बाहर हो गई है ,बाकी अब सपा और भाजपा में ही मुख्य मुकाबला होना था पर मायावती की बसपा ने भी इंट्री करली है । वैसे तो बसपा हमेशा उपचुनावों से दूर रहती है पर इस चुनाव वह भी 9 सीटों पर अपने दम पर चुनाव लड़ रही है । अब मुकाबला त्रिकोणीय होना तय है ।इस चुनाव में बात करे सपा की तो सपा की चिंता इसलिए भी बढ़ी है, क्योंकि पश्चिमी यूपी में पिछली बार उसको रालोद का साथ मिला था। इस बार रालोद भाजपा के साथ है। वहीं, सपा आईएनडीआई गठबंधन में जिस कांग्रेस के साथ लड़ने की सोच रही थी उसका पिछले विधानसभा का प्रदर्शन निराशाजनक था इसी कारण शायद सपा उससे दूर हो गई । जिन नौ सीटों पर उपचुनाव होने जा रहा है उसमें भाजपा ने वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में गाजियाबाद, खैर और फूलपुर जीती थी। मझवां सीट एनडीए गठबंधन की निषाद पार्टी ने जीता था। वहीं, सपा गठबंधन में रहते हुए मीरापुर सीट पर राष्ट्रीय लोकदल ने जीत दर्ज की थी। इस बार राष्ट्रीय लोकदल भाजपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ रही है। सपा ने अपने चुनाव चिन्ह पर सीसामऊ, करहल, कटेहरी और कुंदरकी सीट जीती थी। करहल सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के कन्नौज से सांसद बनने के बाद रिक्त हुई है।करहल जहां सपा के लिए नाक का सवाल बन गई है, वहीं, सीसामऊ, फूलपुर, कुंदरकी और कटेहरी की हार- जीत उनके वरिष्ठ नेताओं का कद भी तय करेगी। सपा महासचिव शिवपाल सिंह यादव कटेहरी के चुनाव प्रभारी हैं। इस सीट की जिम्मेदारी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ली है। इसी तरह वीरेंद्र सिंह को मझवां, चंद्रदेव यादव को करहल, इंद्रजीत सरोज को फूलपुर और राजेंद्र कुमार को सीसामऊ सीट का प्रभारी बनाया गया है। फूलपुर सीट वर्ष 2012 में सपा जीती थी। हालांकि, वर्ष 2017 में इसे भाजपा ने सपा से छीन लिया था। वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में फूलपुर सीट पर भाजपा और सपा के बीच कांटे की टक्कर हुई थी। भाजपा के प्रवीण सिंह पटेल से सपा के मो. मुज्तबा सिद्दीकी केवल 2732 वोटों से हार गए थे। बसपा ने 33 हजार वोट पाकर सपा का खेल बिगाड़ दिया था। कुर्मी बहुल इस सीट पर भाजपा ने फिर से इसी समाज के दीपक पटेल को टिकट दिया है। सपा ने भी पिछले विधानसभा चुनाव लड़ने वाले अपने प्रत्याशी मो. मुज्तबा सिद्दीकी को फिर मैदान में उतारा है। मीरजापुर की मझवां सीट पर पिछले चुनाव में एनडीए में शामिल निषाद पार्टी के डॉ. विनोद कुमार बिंद को 1,03,235 वोट मिले थे, वहीं, सपा को 69,648 मत प्राप्त हुए थे। इस बार सपा ने बिंद समाज से ही पूर्व सांसद रमेश बिंद की बेटी डॉ. ज्योति बिंद पर दांव लगाया है।पिछले चुनाव में भाजपा से 33587 वोटों से पिछड़ने वाली सपा के लिए यह सीट किसी चुनौती से कम नहीं है। इसी तरह सपा के लिए गाजियाबाद और खैर सीट पर अपना प्रदर्शन बेहतर करने की चिंता सबसे अधिक है। सपा 2004 के बाद गाजियाबाद सीट पर कभी जीत दर्ज नहीं करा सकी है। 2007 से यह सीट भाजपा का मजबूत किला है। 2022 के चुनाव में भाजपा को इस सीट पर कुल 61.37 प्रतिशत वोट मिले थे, वहीं, सपा को केवल 18.25 और कांग्रेस को 4.81 प्रतिशत वोट प्राप्त हुए थे। करहल विधानसभा सीट से 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा प्रमुख अखिलेश यादव को जीत मिली थी। तब उन्होंने भाजपा के उम्मीदवार एसपी सिंह बघेल को हराया था। एसपी सिंह बघेल इस बार आगरा संसदीय सीट से चुनाव जीते हैं। करहल समाजवादी पार्टी का गढ़ है और सपा यहां कई बार चुनाव जीत चुकी है।2022 के विधानसभा चुनाव में अखिलेश यादव को 1,47,237 वोट मिले थे जबकि एसपी सिंह बघेल को 80,455 और बसपा उम्मीदवार कुलदीप नारायण को 15,643 वोट मिले थे। सपा को पूरी उम्मीद है कि वह इस सीट पर फिर से जीत हासिल करेगी। इस बार सपा ने तेज प्रताप यादव, बीजेपी ने अनुजेश यादव और बसपा ने अविनाश कुमार शाक्य को टिकट दिया है। खैर विधानसभा सीट अलीगढ़ जिले में है और यह अनूप प्रधान वाल्मीकि के हाथरस सीट से सांसद चुने जाने की वजह से खाली हुई है। अनूप प्रधान वाल्मीकि यहां से दो बार विधायक रहे और योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री थे। भाजपा के अलावा आरएलडी और बसपा की भी इस सीट पर अच्छी मौजूदगी है। 2022 के विधानसभा चुनाव में अनूप प्रधान वाल्मीकि को 1,38,517, बसपा उम्मीदवार डॉ. चारू कैन को 64,996 और आरएलडी के उम्मीदवार भगवती प्रसाद को 41,154 वोट मिले थे।खैर में बीजेपी मजबूत है लेकिन बसपा उम्मीदवार के इस बार सपा के टिकट पर चुनाव लड़ने की वजह से पार्टी के सामने चुनौती खड़ी हुई है। हालांकि भाजपा को भी यहां आरएलडी के कार्यकर्ताओं का समर्थन मिलेगा। खैर में इस बार सपा ने डॉ. चारू कैन, भाजपा ने सुरेंद्र दिलेर और बसपा ने डॉ. पहल सिंह को टिकट दिया है।मीरापुर विधानसभा सीट मुजफ्फरनगर जिले में है। 2022 के विधानसभा चुनाव में यहां से आरएलडी के टिकट पर लड़े चंदन चौहान चुनाव जीते थे। तब आरएलडी का सपा के साथ गठबंधन था। 2022 के चुनाव में चंदन चौहान को 1,07,124, बीजेपी के उम्मीदवार प्रशांत चौधरी को 79,693 और बसपा के उम्मीदवार मोहम्मद सालिम को 23,733 वोट मिले थे। लोकसभा चुनाव से पहले आरएलडी ने बीजेपी के साथ हाथ मिला लिया था। इस सीट पर निश्चित रूप से कड़ा मुकाबला देखने को मिलेगा।मीरापुर सीट पर आरएलडी की ओर से मिथलेश पाल, सपा ने सुम्बुल राणा और बसपा ने शाह नजर को उम्मीदवार बनाया है।

# मुरझाए चेहरे खिल उठे हर घर पहुंचे उजाला


नरेंद्र तिवारी

दीपावली की उजास से मुरझाए चेहरे भी खिल उठे, हर घर में प्रगति का प्रकाश पहुंचे, दीप पर्व में छुपा यह महत्वपूर्ण संदेश हमें सामाजिक सहयोग की प्रेरणा देता है। सामाजिक सहयोग की यह भावना सिर्फ दीपावली के दिनों में ही नहीं अपितु साल के 365 दिन चलती रहनी चाहिए। आपसी सहयोग की भावना से ही समाज में समानता स्थापित हो सकती है। इसी तरह की निर्मल ओर पवित्र सहयोग की भावना का संदेश देता एक टीवी विज्ञापन जब भी देखता हूँ, मन में निर्मल ओर पवित्र सामाजिक सहयोग की भावना बलवती होने लगती है। एचपी इंडिया कंपनी द्वारा दिखाए जाने वाले इस विज्ञापन का निर्माण वर्ष 2018 में हुआ विज्ञापन में दीपावली के दौरान सड़क के किनारे बैठी एक बुजुर्ग महिला दिए बेच रही है, दीपावली की खरीदी के दौरान अपनी माँ के साथ बाजार आया बालक अपनी माँ से दीपक खरीदने को कहता है, बुजुर्ग महिला से दिए खरीदने हेतु अनिच्छा जताती माँ अपने पुत्र के साथ आगे निकल आती है। किंतु संवेदनशील बालक अकेला आकर दीपक खरीदते हुए बुजुर्ग महिला से जब हैप्पी दीपावली कहता है तब अपने पर्याप्त दीपक न बिक पाने से निराश बुजुर्ग महिला बालक से कहती है 'काहे की हैप्पी दिवाली, जब तक यह दिए न बिक जाए' बालक बुजुर्ग महिला की मोबाइल से फोटो खींचता है, अपने लेपटॉप से बुजुर्ग अम्मा की फोटो सहित एक पोस्टर बनाता है जिसपर लिखा होता है अम्मा की दीपावली हैप्पी बनाओ, जाकर उनसे दिए ले आओ। इन पोस्टरों को अपने आसपास के घरों में ओर दीवारों पर चिपका देता है। पोस्टर देखकर, पढ़कर बुजुर्ग अम्मा के सारे दिए बिक जाते है। मुरझाया चेहरा खिल उठता है। दीपावली के दौरान भावप्रधान यह विज्ञापन समाज में सहयोग की भावना को बढ़ाता है, परस्पर सहयोग करने की प्रेरणा भी देता है। एचपी इंडिया का एक ओर भावना प्रधान विज्ञापन है जिसमें बुजुर्ग चित्रकार की पेंटिंग की दुकान महानगर के बाजार से हटा दी जाती है, तब यह बुजुर्ग कहता है, आजकल शहरों में हमारे लिए जगह नहीं रही। बुजुर्ग के मुंह से निकले उक्त कथन को एक कला पसंद संवेदनशील महिला सुन रही होती है जो किसी कंपनी की प्रमुख होती है। अपनी कंपनी के ऑफिस में दीपावली की सजावट हेतु उस बुजुर्ग की चित्रकला का उपयोग करती है। बुजुर्ग को कंपनी के ऑफिस आमंत्रित करती है। तब उक्त बुजुर्ग के चेहरे पर आने वाली खुशी निश्चित ही समाज के हर वर्ग की हैप्पी दीपावली का भावना प्रदान संदेश है। सहयोग का पाठ 2018 में बने उक्त विज्ञापन सिखाते प्रतीत होते है। भारतीय संस्कृति सनातन संस्कृति है। हमारी परंपरा के महान चरित्रों ने भी आपसी सहयोग के उदाहरण प्रस्तुत किए है। संवेदनाओं को समझा है, दारुण दुख से पीड़ित लोगों के साथ खड़े होकर उन्हें कष्टों से उभारा है। दीपावली का महान उत्सव जिस महान चरित्र के 14 वर्षीय वनवास से अयोध्या लौटने, दानवी प्रकृति से विजय होने की खुशी में सदियों से मनाया जा रहा है। वह है मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम जिनका संपूर्ण जीवन समानता और आपसी सहयोग की भावना को समर्पित रहा। तुलसीदास रचित रामचरितमानस में शबरी और श्रीराम के मिलन का वर्णन करती चौपाई 'सबरी देखि राम गृह आए। मुनि के बचन समुझि जियं भाए।। आरण्यकांड में श्रीराम और शबरी के मिलन का सुंदर चित्रण किया है। शबरी प्रभु राम के आगमन पर उन्हें बेर खिलाती है। बेर मीठे ही प्रभु खा पाए इसलिए हर बेर को चखकर सिर्फ मीठे बेर ही प्रभु को खिलाती है।


शबरी ने प्रभु श्रीराम को बताया था कि मतंग ऋषि उन्हें यह बता चुके थे कि एक दिन सीता को खोजते हुए राम यहीं आएंगे। इस दौरान जहां सबरी ने भगवान राम को सीता जी को खोजने के लिए वानर राज सुग्रीव एवं हनुमान जी की मदद के बारे में बताया तो श्रीराम ने शबरी को नवधा भक्ति का उपदेश दिया था। सबरी ओर राम की यह मुलाकात दक्षिण–पश्चिम गुजरात के डांग जिले के सुबीर गांव के पास सबरी धाम में होने की जनश्रुति चली आ रही है। वनवासी सबरी ओर श्रीराम की मुलाकात का यह प्रंसग मानवीय जीवन की कोमल भावनाओं का प्रकटीकरण है। इसी तरह के निर्मल भाव केवट और राम की मुलाकात में भी नजर आते है। कोमल, निर्मल ओर पवित्र भावनाओं के अनेकों प्रसंग श्री राम के जीवन से जुड़े है। भारतीय समाज के एक ओर नायक श्री कृष्ण के जीवन से जुड़े अनेकों प्रसंग दुनियां का मार्ग दर्शन कर रहे है, किंतु सुदामा और श्रीकृष्ण की मित्रता की कहानी दोस्ती की अमिट यादगार और प्रेरणादाई प्रसंगों में दर्ज हो गई। जब भी ईमानदार मित्रता की चर्चा होती है। कृष्ण–सुदामा दोस्ती का यह प्रंसग बरबस जहन में आ जाता है।

# हे शक्तिशाली गड्ढा देव!


डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

हे देवाधिदेव! आप सड़क सज्जनों के परम संरक्षक हो। आपके दर्शन मात्र से राहगीरों के मन में एक अलौकिक भय और थरथराहट का संचार होता है। आप कीचड़, धूल, और गहरे पानी के साम्राज्य के रचयिता हो, अतएव आपको प्रणाम है। हे अपार क्षमतावान! आपकी गहराई का अनुमान कोई मानव मस्तिष्क नहीं लगा सकता। दुपहिया वाहन हों या चार चक्का गाड़ी, सब आपके सामने सिर झुकाते हैं, और नतमस्तक होकर खुद को आपकी गोद में समर्पित कर देते हैं। हे महाप्रभु! आपको शत-शत नमन है। हे अपराजित व खतरनाक! जब नगर परिषद के अधिकारी आपको हटाने का प्रयास करते हैं, तो आप किसी शूरवीर की भांति अपने स्थान पर अडिग रहते हैं। इस दृढ़ता से आप सभी को प्रेरणा देते हैं कि संघर्ष में कभी हार नहीं माननी चाहिए। इसके लि आपको कोटि-कोटि प्रणाम है। हे गड्ढा महाप्रभु! वर्षा ऋतु में जब पूरी सड़क जलमग्न होती है, तब आप तालाब रूप में अपनी भव्यता दिखाते हो। बच्चों के खेल-कूद का स्थान हो, या ट्रैक्टर का फिसलन भरा स्वप्न, सबके लिये आप आनंद के अविरल स्रोत हो। अतः आपको नमन। हे वाहनों के महाशत्रु! आपका ऐसा आतंक है कि वाहन चालक आपके बारे में सोचने भर से थरथराने लगते हैं। आपकी कृपा से हममें सहनशक्ति और सतर्कता का भाव बढ़ता है और यही कारण है कि आपको ससम्मान नमन करते हैं।हे युग-युगांतर के अस्तित्वधारी! आप तो न जाने कितने प्रशासनिक कालों से सड़क की शोभा बने हुए हो। सड़क का रूप और रंग चाहे बदल जाए, परंतु आप सदा अनंतकाल तक अपनी गहराई और भव्यता में कायम रहते हो। इसलिए हे महागड्ढा प्रभु, आप वंदनीय हो। हे स्वतंत्र आत्मा! कोई आपको नहीं रोक सकता। कहीं आप सड़क के बीचों-बीच विराजमान हैं, तो कहीं किनारे रहकर संतों की तरह मार्गदर्शन कर रहे हैं। आपकी इस स्वतंत्रता से प्रेरित होकर हम आपको साष्टांग प्रणाम करते हैं। हे सफाई और मरम्मत के यज्ञ में अजय रहस्य! सड़क की मरम्मत होती है, पर आप पुनः अवतरित हो जाते हैं। आपकी यह चमत्कारी पुनर्जीविता आपको अद्वितीय बनाती है। इसके लिए आपकी वंदना करना हमारा परम कर्तव्य बन जाता है। हे कीचड़ और पत्थरों के महारथी! आप हर जाति, हर श्रेणी के वाहनों को बराबरी से चुनौती देते हैं। आपको फर्क नहीं पड़ता कि वह कोई नई चमचमाती कार है या पुरानी साइकिल, सभी आपके प्रति समान सम्मान का भाव रखते हैं। अतः आपको फिर से नमन। हे सर्वश्रेष्ठ गड्ढा देव! आपकी महिमा अपरंपार है। जब तक नगर पालिका आपके अस्तित्व को स्वीकार नहीं करती और सड़कों की शोभा में आपके योगदान का आदर नहीं करती, तब तक आप यूं ही अपनी भव्यता से सबको प्रभावित करते रहेंगे।

# प्रदोष व्रत के दिन इन 5 मंत्रों का करें जाप



हिन्दू धर्म में प्रदोष व्रत शिव भक्तों के लिए एक महत्वपूर्ण व्रत है। यह हर महीने के शुक्ल पक्ष और कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को मनाया जाता है। मान्यता है कि इस दिन शिवजी की पूजा करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं और जीवन में सुख-शांति आती है। इस बार कार्तिक माह का पहला भौम प्रदोष व्रत है, इस दिन धनतेरस भी है। ऐसे में प्रदोष काल में मां लक्ष्मी संग शिव पूजा फलदायी होगी। इस दिन सूर्यास्त के बाद दही, घी, दूध से शिवलिंग का अभिषेक करें। मान्यता है इस उपाय से व्यापार-नौकरी में धन की कभी कमी नहीं होती है। प्रमोशन की संभावनाएं बढ़ती हैं। प्रदोष व्रत की पूजा के दौरान भगवान शिव के कुछ विशेष मंत्रों का जाप करने से घर में खुशियों का आगमन होता है और पूजा सफल होने के साथ विवाह की बाधाएं दूर होती हैं।

पंचांग के अनुसार, कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि 29 अक्टूबर दिन मंगलवार को सुबह 10 बजकर 31 मिनट पर शुरू होगी और 30 अक्टूबर दिन बुधवार को दोपहर में 1 बजकर 15 मिनट पर समाप्त होगी। शिव पूजा का शुभ मुहूर्त 29 अक्टूबर 2024 को शाम 5 बजकर 38 मिनट से लेकर रात 8 बजकर 13 मिनट तक रहेगा।

**प्रदोष व्रत शुभ संयोग**

कार्तिक माह के भौम प्रदोष व्रत पर 3 शुभ संयोग बन रहे हैं। भौम प्रदोष में पुष्कर योग सुबह 6 बजकर 31 मिनट से सुबह 10 बजकर 31 मिनट तक रहेगा। इंद्र योग सुबह 7 बजकर 48 मिनट तक रहेगा। व्रत के दिन उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र सुबह से शाम 6 बजकर 34 मिनट तक है। उसके बाद से हस्त नक्षत्र है, जो पूरी रात है।

**प्रदोष व्रत पूजा विधि**

प्रदोष व्रत के दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान करें और साफ कपड़े पहनें।

किसी साफ स्थान पर शिवलिंग और माता पार्वती की प्रतिमा स्थापित करें।

प्रदोष व्रत के दिन शिवलिंग पर दूध, दही, शहद आदि से अभिषेक करें।

प्रदोष काल में शिवलिंग के सामने बैठकर दीपक जलाएं और धूप-दीप करें।

शुद्ध मन से इन मंत्रों का 108 बार या अपनी इच्छानुसार जाप करें।

शिवलिंग पर बेलपत्र चढ़ाएं और शिव पुराण का पाठ करें।

प्रदोष काल में व्रत का पारण करें और अन्य ग्रहण करें।

इन मंत्रों के जाप के साथ-साथ आपको अपने कर्मों में भी सुधार करना चाहिए।

**इन मंत्रों का करें जाप**

**ॐ नमः शिवायः** यह मंत्र शिवजी का सबसे पवित्र मंत्र है। इसका जाप करने से मन शांत होता है और सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

**ॐ महादेवाय नमः:** इस मंत्र का जाप करने से भगवान शिव प्रसन्न होते हैं और विवाह में आ रही बाधाएं दूर होती हैं।

**ॐ कार्तिकेय नमः:** कार्तिकेय भगवान शिव के पुत्र हैं। इस मंत्र का जाप करने से कुंडली दोष दूर होते हैं और विवाह में आ रही बाधाएं दूर होती हैं।

**ॐ पार्वती नमः:** माता पार्वती भगवान शिव की पत्नी हैं। इस मंत्र का जाप करने से सुखी वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद मिलता है।

ॐ हौं जूं सः ॐ भूर्भुवः स्वः ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय मामृतात ॐ स्वः भुवः भूः ॐ सः जूं हौं ॐ। इस मंत्र को मृत संजीवनी मंत्र कहा जाता है। यदि आप इस मंत्र का जाप करते हैं, तो भगवान शिव हमेशा आशिर्वाद बनाए रखते हैं। इसलिए प्रदोष व्रत के दिन महामृत्युंज मंत्र का जाप जरूर करना चाहिए।

**प्रदोष व्रत का महत्व**

ज्योतिष शास्त के अनुसार, प्रदोष व्रत के दिन विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने के साथ दो गायों को दान करने के समान भक्तों को पुण्य फल की प्राप्ति होती है। साथ ही कर्ज की समस्या से छुटकारा मिलता है और घर में खुशियों का आगमन होता है। इसके अलावा विवाह में आ रही रुकावटें खत्म होती है और विवाह के शुभ योग बनते हैं। प्रदोष व्रत की पूजा संध्याकाल में की जाती है। प्रदोष व्रत के अवसर पर रुद्राभिषेक करना बेहद शुभ माना जाता है। इससे घर में सुख-शांति का वास होता है।

# रमा एकादशी के दिन दुर्लभ संयोग

पंचांग के अनुसार, कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि 27 अक्टूबर दिन रविवार को सुबह 5 बजकर 23 मिनट पर शुरू होगी और 28 अक्टूबर दिन सोमवार को सुबह 7 बजकर 50 मिनट पर समाप्त होगी। ऐसे में उदया तिथि के अनुसार रमा एकादशी का व्रत 28 अक्टूबर दिन सोमवार को ही रखा जाएगा।

**रमा एकादशी शुभ योग**

इस बार की रमा एकादशी बेहद खास है, क्योंकि इस दिन हरिवास का संयोग बन रहा है।

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, जब एकादशी तिथि दो दिन उदया तिथि में होती है तब यह योग बनता है। इस बार ऐसा ही संयोग है कि 27 अक्टूबर को उदयातिथि में एकादशी शुरू होगी और अगले दिन भी उदयाकाल में एकादशी तिथि रहेगी। ऐसे में जो भक्त हरिवासर में व्रत रखेंगे उन्हें रमा एकादशी का अनंत फल मिलेगा।

**रमा एकादशी के दिन ऐसे करें पूजा**

रमा एकादशी के दिन के दिन सुबह जल्दी उठकर स्नानकर शुद्ध होकर भगवान विष्णु की पूजा करें।

रमा एकादशी पर भगवान विष्णु की मूर्ति या चित्र के सामने बैठकर ध्यान लगाएं।

विष्णु जी को पंचामृत से स्नान कराएं और फूल, फल, धूप, दीप, नैवेद्य आदि चढ़ाएं।

श्री विष्णु सहस्रनाम का जाप करें और श्रीमद् भागवत या विष्णु पुराण की कथा सुनें।

प्रदोष काल में व्रत का पारण करें और अपनी कामना के लिए प्रार्थना करें।

**रमा एकादशी के दिन विशेष उपाय**

**तुलसी की पूजा:** तुलसी का पौधा भगवान विष्णु को बहुत प्रिय है। तुलसी के पौधे की पूजा करें और तुलसी के पत्ते भगवान विष्णु को अर्पित करें।

**विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ:** विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करने से सभी पापों का नाश होता है और भगवान विष्णु की कृपा प्राप्त होती है।

**गरीबों को दान:** दान पुण्य का काम है। रमा एकादशी के दिन दान करने से पुण्य की प्राप्ति होती है।

मंदिर में दर्शनः रमा एकादशी के दिन भगवान विष्णु के मंदिर में जाकर दर्शन करें।

**रमा एकादशी पारण और महत्व**

पंचांग के अनुसार, इस साल रमा एकादशी का व्रत 28 अक्टूबर 2024 को रखा जाएगा। इसका पारण अगले दिन यानि 29 अक्टूबर को सुबह 6 बजकर 23 मिनट से 8 बजकर 35 मिनट के बीच किया जा सकता है।

रमा एकादशी भगवान विष्णु की प्रिय एकादशी में से एक मानी जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, जो व्यक्ति सच्चे मन से रमा एकादशी का व्रत करता है उसे बैकुंठ की प्राप्ति होती है। साथ ही इससे सभी तरह के पापों और समस्याओं से मुक्ति मिलती है।

# धनतेरस पर इन 6 अशुभ चीजों को खरीदकर दुर्भाग्य को ला बैठेंगे घर

इस साल धनतेरस 29 अक्टूबर को है। हिंदू पंचांग के अनुसार, धनतेरस का त्योहार कार्तिक मास की त्रयोदशी तिथि को मनाया जाता है। धनतेरस का मतलब होता है धन और समृद्धि। 'धन' का अर्थ है संपत्ति और 'तेरस' का अर्थ है तेरहवीं तिथि। पौराणिक मान्यता है कि धनतेरस पर खरीदारी करने से घर में सुख-समृद्धि का वास होता है। इस दिन खरीदारी करने से धन और समृद्धि बढ़ती है लेकिन कुछ चीजें ऐसी भी जिन्हें धनतेरस पर खरीदना शुभ नहीं माना जाता। आइए, जानते हैं कौन-सी हैं वे चीजें।





**लोहा न खरीदें**

धनतेरस पर लोहा खरीदने से परहेज करना चाहिए। लोहे का सम्बध शनि और राहु से होता है, इसलिए धनतेरस पर लोहा खरीदने से आपको परहेज करना चाहिए। धनतेरस पर लोहा खरीदकर घर लाने से घर की सुख-शांति भंग होती है।

**कांच न खरीदें**

कई लोग धनतेरस पर कांच का सजावट का सामान खरीदते हैं। इसके अलावा कांच के बर्तन, गुलदस्ता भी खरीदते हैं लेकिन वास्तु शास्त्र और ज्योतिष शास्त्र के अनुसार धनतेरस पर कांच खरीदने से रिश्तों में दरार आती है। साथ ही परिवार के बीच मनमुटाव भी बढ़ता है।

धनतेरस पर न खरीदें उपयोग की वस्तुएं कई लोग धनतेरस पर अपनी इस्तेमाल की गई चीजें बेच देते हैं। जैसे, सोफा, फ्रिज, अलमारी या टेबल या कोई अन्य उपयोग में न आने वाली चीजों की सेल भी लगती है लेकिन वास्तु शास्त्र के अनुसार आपको धनतेरस पर पुरानी चीजें नहीं खरीदनी चाहिए। धनतेरस पर पुरानी चीजें खरीदने से गृहक्लेश बढ़ता है।

धनतेरस पर न खरीदें धारदार सामान धनतेरस पर धारदार सामान खरीदने से आपको परहेज करना चाहिए। धनतेरस पर धारदार सामान जैसे, चाकू, कैंची आदि खरीदने पर घर में किसी अनहोनी की आशंका बनी रहती है। साथ ही इससे घर-परिवार के सदस्यों के बीच मतभेद भी बढ़ने लगते हैं।


**न खरीदें प्लास्टिक की चीजें**

धनतेरस पर आपको प्लास्टिक की चीजें भी नहीं खरीदनी चाहिए। विशेषकर प्लास्टिक के बर्तन या सजावटी सामान धनतेरस पर खरीदने से परहेज करना चाहिए। धनतेरस पर प्लास्टिक खरीदने से जीवन में धन-धान्य की कमी हो जाती है।

**न खरीदें काली चीजें**

धनतेरस पर काले रंग की चीजें खरीदने से भी बचना चाहिए। काले रंग पर शनिदेव का वास होता है इसलिए धनतेरस पर काले रंग की चीजें घर पर नहीं लानी चाहिए। इससे जीवन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

# पंच महोत्सव पर विधि विधान से जलाएं दीपक







**पंच महोत्सव के दौरान दीपक जलाने के लिए वास्तु सुझावः** पंच महोत्सव का मौसम, जिसमें दीपावली, गोवर्धन पूजा, भैया दूज और अन्य त्योहार शामिल हैं, घर में सकारात्मक ऊर्जा और सुख-शांति लाने का समय है। दीपक जलाना इस अवसर पर बहुत महत्वपूर्ण है। यहां कुछ वास्तु अनुसार सुझाव दिए जा रहे हैं:

**स्थान का चयनः** दीपक जलाने के लिए घर के उत्तरी या पूर्वी दिशा का चुनाव करें। ये दिशाएं सकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करती हैं और घर में खुशहाली लाती हैं।

**दीपक का आकारः** घी के दीपक का प्रयोग करना अधिक शुभ माना जाता है। अगर संभव हो तो मिट्टी के दीपक का उपयोग करें क्योंकि ये प्राकृतिक हैं और वातावरण को शुद्ध करते हैं।

**साफ-सफाईः** दीपक जलाने से पहले उस स्थान को साफ करें। स्वच्छता से न केवल वातावरण शुद्ध होता है बल्कि यह सकारात्मक ऊर्जा को भी आमंत्रित करता है।

**दीपक जलाने का समयः** अमावस्या, पूर्णिमा या पंच महोत्सव के दिनों में आने वाले त्योहारों में दीपक जलाना अत्यंत शुभ होता है। संध्या समय में दीपक जलाने से घर में सुख-समृद्धि का संचार होता है।

**मन्त्र या प्रार्थनाः** दीपक जलाते समय कोई शुभ मन्त्र या प्रार्थना का जाप करें। इससे आपके मन में सकारात्मकता आएगी और दीपक के साथ-साथ आपके मन का दीप भी जगमगाएगा।

**दीपक की संख्याः** एक या पांच दीपक जलाना अच्छा होता है। यह संख्या समृद्धि और सुख की प्रतीक मानी जाती है।

वायु का प्रवाहः दीपक को ऐसे स्थान पर रखें, जहां वायु का प्रवाह सीधे न हो। इससे दीपक बुझने का खतरा रहता है और इसका प्रकाश भी मंद हो जाता है।

**सकारात्मक सोचः** दीपक जलाते समय सकारात्मक विचारों को मन में रखें। मन में शुभ भावना रखने से दीपक का प्रकाश और भी अधिक प्रभावी होगा।

इन बातों का ध्यान रखकर आप पंच महोत्सव के इस खास मौसम में अपने घर में दीपक जलाकर शुभता और सुख-समृद्धि का अनुभव कर सकते हैं। दीपक केवल प्रकाश का स्रोत नहीं बल्कि यह ऊर्जा का प्रतीक भी हैं, जो आपके घर को रोशन करता है।

# जीवन की हर खुशी पाने के लिए दीपावली पर इन 6 वास्तु नियमों का रखें ध्यान



पूजन के निमित्त वास्तु अनुसार सर्वप्रथम घर के उत्तर और पूर्व के बीच के स्थान को साफ-सुथरा कर देवपूजन के अनुरूप बनाना चाहिए। वास्तुशास्त्र में पूर्व और उत्तर के कोने को ईशान कोण कहते हैं, ईशान से ही लक्ष्मी का प्रवेश होता है, अतः इसी स्थान पर दीपावली पूजन करना चाहिए। आइए, जानते हैं वास्तु नियम।

घर के पूजाघर में रखी विभिन्न देवी-देवताओं की मूर्ति, चित्रों में से जो भी खंडित हो गई हों या जो यंत्र धूमिल पड़ गए हों, उन्हें हटाकर उनके स्थान पर नई मूर्ति, यंत्र आदि की स्थापना दीपावली पर करनी चाहिए। यंत्रों में बनी आकृति का विशेष महत्व होता है, अगर वह आकृति कहीं से मिट गई हो तो उस यंत्र को घर पर रखने से उर्जा का असंतुलन बनता है जिससे उसका कुप्रभाव कार्यों को बाधित करता है।

दीपावली से पहले घर में अगर कोई बल्ब, ट्यूबलाइट फ्यूज हो गई हो तो उसे बदलकर उस स्थान पर नया बल्ब लगाएं। दीपावली की सफाई के दौरान घर-कार्यालय की उन सभी वस्तुओं को हटा देना चाहिए जिनका अब उपयोग नहीं रह गया है। अक्सर अनुपयोगी खराब वस्तुओं को बाद में ठीक करवाने लेने की सोचकर लोग उस कबाड़ को सालों घर में संजो कर रखते हैं। वास्तुशास्त्र के अनुसार इससे उत्पन्न होने वाली नकारात्मक उर्जा सुख-समृद्धि को बाधित करती है। अतः इस दीपावली पर जितना हो सके।उतना घर से कबाड़ को बाहर निकालना चाहिए, इससे घर से दिलद्दर दूर होता है और लक्ष्मी का आगमन होता है।



घर के मुख्य द्वार पर ओम, स्वास्तिक, त्रिशूल, कलश आदि मांगलिक चिह्न दीपावली के अवसर पर अंकित करना चाहिए, साथ ही आम, अशोक की पत्तियों की माला तोरण के रूप में घर की प्रत्येक चौखट पर लगानी चाहिए, यह सभी वस्तुएं लक्ष्मी जी को अतिप्रिय हैं।

घर के मुख्य द्वार पर रोशनी की कमी नहीं होनी चाहिए, क्योंकि लक्ष्मी का आगमन स्वच्छ, सुन्दर स्थान पर ही होता है। अमावस्या की काली अंधेरी रात के अंधियारे का दीपावली के जगमग करते दीयों के प्रकाश से नाश होता है, भवन पर प्रकाश ही जगमगाहट करते समय भवन के पर्वू-उत्तर हिस्से में पीले एवं लाल बल्बों से युक्त लड़ी लगानी चाहिए।

# अल्लू अर्जुन के साथ फिल्म बनाना चाहते हैं त्रिविक्रम

अल्लू अर्जुन अगली बार सुकुमार द्वारा निर्देशित अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित ' पुष्पा 2 : द रूल' के साथ बड़े पर्दे पर दिखाई देंगे। हाल ही में एक फिल्म निर्माता नागा वामसी ने त्रिविक्रम द्वारा निर्देशित अल्लू अर्जुन की एक और परियोजना के बारे में रोमांचक जानकारी साझा की। नाग वामसी ने उल्लेख किया कि स्क्रिप्ट लगभग पूरी हो चुकी है और मार्च में फिल्मांकन शुरू होने की उम्मीद है।



### कुछ नया बना रहे त्रिविक्रम

नाग वामसी ने संकेत दिया कि त्रिविक्रम कुछ असाधारण अवधारणा बना रहे हैं, जिसे भारतीय सिनेमा में पहले कभी नहीं देखा गया है। उन्होंने यह भी कहा कि निर्देशक राजामौली ने भी इस क्षेत्र में कदम नहीं रखा है, जिससे फिल्म के लिए उम्मीदें बढ़ गई हैं। दिलचस्प बात यह है कि यह फिल्म त्रिविक्रम की अखिल भारतीय पहली फिल्म है, जिनकी पिछली फिल्म महेश बाबू अभिनीत 'गुंटूर कारम' थी।

### त्रिविक्रम-अल्लू अर्जुन की फिल्में

अल्लू अर्जुन और त्रिविक्रम पहले भी साथ काम कर चुके हैं। उनकी एक सुपरहिट फिल्म है, 'अला वैकुंठपुरमुलु'। इसके अलावा, उन्होंने 'सन ऑफ सत्यमूर्ति' और 'जुलाई' जैसी फिल्मों में भी साथ काम किया है। इस बीच, अब अल्लू अर्जुन 'पुष्पा 2' की रिलीज के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। हाल ही में फिल्म की रिलीज देर में फिर बदलाव हुआ है। बीते दिन निर्माताओं ने खुलासा किया कि फिल्म एक दिन पहले सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

# फिल्म शूटिंग के दौरान बच्चे ने दी नयनतारा को आवाज, एक्ट्रेस ने दिया क्यूट सा रिएक्शन

अभिनेत्री नयनतारा इन दिनों अपनी मलयालम फिल्म 'डियर स्टूडेंट' की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस फिल्म में निविन पॉली भी प्रमुख किरदार में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म की शूटिंग के दौरान एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि कैसे नयनतारा को शूटिंग के बीच में एक बच्चा आवाज देता है, जिसका नयनतारा ने क्यूट सा रिएक्शन दिया है।



### शूटिंग के दौरान बच्चे ने दी नयनतारा को आवाज

वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि नयनतारा अपनी छोटी सी प्रशंसक से बात कर रही हैं। जब रात में शूटिंग के दौरान उसने उनका नाम चिल्लाया तो अभिनेत्री ने उसकी तरफ देखा और हाथ हिलाते हुए कुछ इशारे किए। इस पर नयनतारा ने उसकी तरफ देखा और कहा कि खाना खाया? अब सो जाओ।

### वायरल हो रहा है वीडियो

उस बच्चे और नयनतारा के बीच की इस क्यूट सी बातचीत का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो पर प्रशंसकों ने कमेंट भी किया है। साथ ही नयनतारा की तारीफ में भी बहुत सी बातें कही हैं।

### अप्रैल में हुई थी फिल्म की घोषणा


फिल्म डियर स्टूडेंट बनाने की घोषणा मेकर्स ने इसी साल अप्रैल में की थी। इस फिल्म का निर्देशन संदीप कुमार और जॉर्ज फिलिप कर रहे हैं। इस बात की घोषणा मेकर्स ने एक पोस्ट के जरिए की थी, इसमें लिखा, 'डियर स्टूडेंट्स की मजेदार और मनोरंजक दुनिया में शामिल हो गई हैं, अविश्वसनीय, हमेशा दीप्तिमान नयनतारा'। इससे पहले नयनतारा और निविन पॉली को साल 2019 में आई फिल्म 'लव, एक्शन, ड्रामा' में नजर आईं थीं।

### नयनतारा ने साझा की थीं तस्वीरें

अभिनेत्री नयनतारा ने दशहरे पर अपने परिवार के साथ त्योहार मनाते हुए तस्वीरें साझा की थीं। इसमें उनके जुड़वा बच्चे लोगों को समान बांटते नजर आ रहे थे। साथ ही नयनतारा ने अपनी लाल साड़ी में भी तस्वीर साझा की थी, जो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुई थी।

# धनुष निर्देशित तीसरी फिल्म में दिखेंगी प्रियंका मोहन
## अभिनेत्री ने बताया कैसे मिली भूमिका

धनुष साउथ फिल्म इंडस्ट्री के मशहूर और लोकप्रिय अभिनेता हैं, जिन्हें अभिनय के अलावा गायन और निर्देशन के लिए भी जाना जाता है। अपने करियर में बतौर अभिनेता कई शानदार फिल्में देने वाले धनुष, बतौर निर्देशक भी काफी सफल रहे हैं। उनकी हालिया रिलीज फिल्म 'रायन' सिनेमाघरों में काफी सफल रही है। इस फिल्म को उन्होंने ही निर्देशित किया था। अब वह अपने निर्देशन वाली तीसरी फिल्म की तैयारी कर रहे हैं, जिसमें प्रियंका मोहन भी नजर आने वाली हैं।





### धूम मचा रहा है प्रियंका मोहन का नया गाना

वह साउथ की प्रतिभाशाली गायिकाओं में से एक हैं। प्रियंका, धनुष के निर्देशन वाली तीसरी फिल्म 'नीलावुकु एन मेल एन्नाडी कोबाम' में नजर आएंगी। इस फिल्म से अभिनेत्री प्रियंका मोहन का पहला सिंगल 'गोल्डन स्पैरो' अब यूट्यूब पर 50 मिलियन से अधिक व्यूज के साथ धूम मचा रहा है। अब अभिनेत्री ने खुलासा करते हुए बताया है कि कैसे उन्हें ये गाना मिला।

अभिनेत्री इससे पहले धनुष के साथ 'कैप्टन मिलर' में नजर आ चुकी हैं। उन्होंने बताया कि इस फिल्म की शूटिंग के दौरान ही धनुष उनसे अगली फिल्म नीलावुकु एन मेल एन्नाडी कोबाम को लेकर बात की थी। अभिनेत्री ने कहा, कैप्टन मिलर की शूटिंग के दौरान धनुष 'नीलक' के बारे में बात कर रहे थे। एक दिन उन्होंने मुझे फोन किया और कहा कि फिल्म में एक खास गाना है। उन्होंने मुझसे पूछा कि क्या मैं इसे करने में दिलचस्पी रखती हूं। प्रियंका मोहन ने आगे कहा, मैंने अपनी सहमति देने में थोड़ा समय लिया। मैं पूरे वीडियो में मौजूद हूं। हमने अभी-अभी लिरिकल वीडियो रिलीज किया है, लेकिन इसमें एक हुक स्टेप है। टीम गाने के जरिए युवाओं को पेश करना चाहती थी। अभिनेत्री ने आगे बताया कि गाने से जुड़ा एक और खास वीडियो है, जिसे फिल्म की रिलीज के समय में रिलीज किया जाएगा।" अभिनेत्री ने बताया कि उन्हें गाना काफी पसंद आया। उनके अनुसार, टीम ने बिना किसी रिहर्सल के सिर्फ एक दिन में गाना शूट किया। बताते चलें प्रियंका इसके बाद जयम रवि की 'ब्रदर' में नजर आएगी, जो दिवाली पर रिलीज होने वाली है।

वहीं, राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेता धनुष की तीसरी निर्देशित फिल्म 'नीलावुकु एन मेल एन्नाडी कोबाम' 21 दिसंबर 2024 को रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में अनिका सुरेंद्रन, पाविश, प्रिया प्रकाश वारियर, मैथ्यू थॉमस, वेंकटेश मेनन, राबिया खातून और राम्या रंगनाथन मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे।

# जान्हवी ने सिटाडेल हनी बनी की जमकर तारीफ की

वरुण धवन और सामंथा रूथ प्रभु की बहुप्रतीक्षित वेब सीरीज सिटाडेलः हनी बनी, 7 नवंबर, 2024 को अमेजन प्राइम वीडियो पर प्रीमियर के लिए तैयार है। टीजर और ट्रेलर रिलीज होने के साथ ही उत्साह बढ़ता जा रहा है। वहीं अब वरुण की सनी संस्कारी की तुलसी कुमार की सह-कलाकार और बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने उनके आगामी राज और डीके के शो के लिए दोनों की प्रशंसा करते हुए कहा, ₹दोनों ने कमाल कर दिया।



जान्हवी ने की वरुण-सामंथा की तारीफ

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक इंटरव्यू के दौरान जब जान्हवी कपूर से पूछा गया कि उन्हें वरुण की सिटाडेल कैसी लगी। उन्होंने जवाब दिया, ₹मुझे लगता है कि यह कमाल की है। मुझे लगता है कि उन्होंने और सामंथा ने कमाल कर दिया है, और मुझे उम्मीद है कि वे जो भी करेंगे, उन्हें हमेशा सफलता मिलेगी क्योंकि वे बहुत मेहनती हैं। हनी बनी के लिए, यह बहुत बढ़िया है !₹

वरुण और सामंथा रुथ प्रभु की आने वाली एक्शन ड्रामा वेब सीरीज सिटाडेलः हनी बनी में सामंथा हनी और वरुण बनी के किरदार में नजर आएंगे। सिटाडेल का भारतीय संस्करण, सिटाडेलः हनी बनी , मूल श्रृंखला की कहानी पर आधारित है, जिसमें प्रियंका चोपड़ा ने नादिया की भूमिका निभाई है।

जान्हवी और वरुण ने पहली बार साल 2023 में फिल्म बवाल में एक साथ काम किया था। इस फिल्म में दोनों ने पति-पत्नी का किरदार निभाया था। यह फिल्म दोनों के प्रशंसकों को बेहद पसंद भी आई थी। अब जान्हवी और वरुण फिर से एक साथ फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में नजर आएंगे। राज और डीके के निर्देशन में बनी वेब सीरीज सिटाडेलः हनी बनी का निर्माण डी2आर फिल्म्स और अमेजन एमजीएम स्टूडियो द्वारा किया गया है। इसके अलावा निर्माताओं में राज और डीके के साथ द रुसो ब्रदर्स का एजीबीओ शामिल है। यह सीरीज 7 नवंबर को अमेजन प्राइम वीडियो पर प्रीमियर के लिए तैयार है।

# सारा ने शुरू की आयुष्मान के साथ मनाली में शूटिंग



सारा अली खान ने आधिकारिक तौर पर अपनी अगली अनटाइटल्ड फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है, जिसमें उनके साथ आयुष्मान खुराना नजर आएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म के मुख्य कलाकार आयुष्मान और सारा इस वक्त हिमाचल प्रदेश के मनाली शूटिंग कर रहे हैं। सारा ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर निर्देशक आकाश कौशिक के साथ बिहाइंड द सीन की तस्वीर साझा की हैं, जो अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है।

अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में सारा अली खान ऊनी लेगिंग के साथ प्रिंटेड पफ्ड जैकेट पहने नजर आ रही हैं। वहीं आयुष्मान खुराना भी निर्देशक आकाश कौशिक के साथ पोज देते और अपने चेहरे पर हल्की मुस्कान बिखेरते नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर के साथ सारा ने कैप्शन में कुछ भी नहीं लिखा।

इसके अलावा सारा ने मनाली में हिडिम्बा मंदिर के दर्शन करते हुए एक तस्वीर साझा की। इस तस्वीर में सारा बेहद खुश नजर आ रही हैं। उनके चेहरे से साफ जाहिर हो रहा है कि वह हिडिम्बा मंदिर के दर्शन कर बेहद खुश हैं। बहरहाल, यह कहना मुश्किल है कि यह तस्वीर फिल्म की शूटिंग का ही एक सीन है या फिर उनके इस सफर की एक झलक।

फिल्म की शूटिंग की तैयारियां जोरों पर हैं और जून 2024 तक प्रोडक्शन शुरू होने वाला है। यह फिल्म धर्मा प्रोडक्शंस और सिख्या एंटरटेनमेंट के सहयोग से निर्मित होगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसर निर्देशक आकाश कौशिक की यह एक अनोखी जासूसी कॉमेडी फिल्म होगी।

सारा अली खान फिल्मों में अपनी भूमिकाओं के साथ-साथ अपनी शायरी और सादा कपड़ों के लिए भी जानी जाती है। हालांकि, उसका कहना है कि इनमें से कुछ भी 'सोच-समझ' कर चुना नहीं होता है।

सारा अली खान ने 2018 में फिल्म 'केदारनाथ' के साथ अपनी शुरुआत के बाद से हमेशा लोगों को अपनी ओर आकर्षित किया लेकिन अलग-अलग वजहों से। जहां कुछ लोग उसकी मजेदार शायरी और सादा कपड़ों के प्रशंसक हैं वहीं कुछ दूसरों का मानना है कि यह उसकी 'पब्लिक रिलेशन टीम' द्वारा सावधानीपूर्वक तैयार की गई उसकी छवि है क्योंकि वह अभिनेता सैफ अली खान और अभिनेत्री अमृता सिंह की बेटी है।

एक इंटरव्यू में सारा ने इस बाबत खुद का बचाव करते हुए दावा किया कि उसकी छवि के बारे में कुछ भी 'क्यूरेटेड' यानी सोच-समझ कर किया गया नहीं है।

जब उससे पूछा गया कि क्या आम लोगों से जुड़ी एक्ट्रैस के रूप में पहचाने जाने का यह 'सचेत निर्णय' था, सारा ने जवाब दिया, बेशक कुछ लोग यह जान कर निराश होंगे लेकिन यही सच है कि मैंने अपनी छवि बनाने में कोई समय या ताकत खर्च नहीं की है। वह तो मैं कैमरे के सामने करूंगी, जहां मैं किरदारों को चुनती और उन पर मेहनत करती हूं। असल जिंदगी में मैं वही हूं जो मैं हूं चाहे वह एक जैसी शॉर्ट्स पहनकर जिम जाना हो, उन्हें क्रॉप टॉप के साथ बदल-बदल कर पहनना हो या ट्रैक सूट पहनकर एयरपोर्ट जाना हो या मन करे तो जींस और टी-शर्ट में भी जा सकती हूं। सारा ने यह भी बताया कि उसे और उसके भाई इब्राहिम अली खान को 'लोगों की अपेक्षा' से 'अलग ' तरीके से पाला गया। इसे 'सामान्य जीवन' बताते हुए सारा ने कहा, हम वीडियो गेम खेलने या फूड कोर्ट में खाने के लिए मॉल जाते थे। मैं इसी तरह के जीवन की आदी थी।

आज, मैं अपने काम की सराहना करती हूं लेकिन जब मैं काम नहीं कर रही होती जिम या कैफे जाती हूं या यात्रा करती हूं तो मेरी कोशिश होती है कि मैं अपने व्यक्तित्व को बहुत गंभीरता से न लूं और वही करती हूं ।

# तृप्ति डिमरी को दृश्य फिल्माने में हुई कठिनाई
## राजकुमार राव ने फॉर्मूला देकर की मदद

हाल ही में तृप्ति डिमरी को फिल्म 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' में देखा गया। अभिनेत्री ने इस फिल्म को लेकर एक साक्षात्कार में खुलासा किया कि वह कई बार सेट पर घबरा जाती थीं, जिसकी वजह से वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाती थीं। अभिनेत्री ने साझा किया कि उनके सह-कलाकार राजकुमार राव ने उन्हें कुछ फॉर्मूले बताए, जिसके चलते वह सहजता के साथ शूट कर सकीं।



### फॉर्मूला देकर आत्मविश्वास बढ़ाते थे अभिनेता

एक साक्षात्कार में अभिनेत्री तृप्ति डिमरी ने 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' में राजकुमार राव के साथ काम करने के अनुभवों को साझा किया। फिल्मफेयर के साथ बातचीत में तृप्ति ने याद किया वह ₹डर और घबराहट₹ महसूस करती थीं, जिससे उनका प्रदर्शन प्रभावित होता था। अभिनेत्री ने खुलासा किया कि राजकुमार राव उन्हें फॉर्मूले देकर उनका आत्मविश्वास बढ़ाते थे।

### राजकुमार राव को दिया क्रेडिट

अभिनेत्री ने कहा, ₹वह कभी-कभी मुझे कुछ फॉर्मूला देते थे कि तुम इसे इस तरह क्यों नहीं आजमाती? ताकि मेरा प्रदर्शन अच्छा लगे और दृश्य पूरी तरह से काम करे। इसलिए, मुझे लगता है कि ऐसे सह-कलाकारों का होना वास्तव में महत्वपूर्ण है।" राजकुमार के बारे में बात करते हुए, तृप्ति ने साझा किया कि उनके साथ काम करके उन्हें बहुत अच्छा लगा। तृप्ति ने इस बात पर जोर दिया कि उन्हें उनसे बहुत कुछ सीखना है। 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' सेट का उदाहरण देते हुए, अभिनेत्री ने साझा किया कि राजकुमार वहां मौजूद रहते थे, भले ही उनके पास शूट करने के लिए कोई दृश्य न हो।


'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' ने 11 अक्टूबर, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक दी। इस फिल्म में तृप्ति डिमरी और राजकुमार राव ने 90 के दशक के ऑन-स्क्रीन विवाहित जोड़े की भूमिका निभाई है। फिल्म में विजय राज, मल्लिका शेरावत, अर्चना पूरन सिंह और टीकू तलसानिया भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में है।

# कार्तिक आर्यन ने अपने फिल्मी करियर को लेकर कही ये खास बातें

अभिनेता कार्तिक आर्यन अपनी बहुमुखी प्रतिभा के लिए जाने जाते हैं, उन्होंने इंडस्ट्री में अपनी काबिलियत साबित की है। हाल ही में, कार्तिक ने अपने फिल्मी सफर पर खुलासा किया कि उन्हें कुछ भी नहीं दिया गया और उन्हें अपना रास्ता खुद बनाना पड़ा। उन्होंने कहा, ₹किसी ने मुझे 500 करोड़ रुपये का निर्देशक नहीं दिलाया, क्योंकि उन्होंने डेब्यू डायरेक्टर्स के साथ काम किया है।''

### क्या कभी फिल्मों को लेकर बनाया गया दबाव?

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जब कार्तिक से पूछा गया कि क्या कभी उनपर स्त्री 2 और एनिमल के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन और सफलता को लेकर उनके ऊपर दबाव बनाया गया। इस पर कार्तिक ने कहा, इसके पीछे पूरी मैथ है, जैसे कि टीम क्या है, उनकी पिछली फिल्म कौन सी थी, उनकी अगली फिल्म कौन सी है, दर्शक किसे देखने आ रहे हैं? क्या यह साल की सबसे बड़ी तारीख है, क्या इस दौड़ में कई छुट्टियां हैं? कई तरह के कैलकुलेशन हैं, जिन पर आप और साथ ही इंडस्ट्री भी गौर कर रही है, जब ये चीजें अच्छी तरह से कैलकुलेट हो जाती हैं, तो आप पर इसका दबाव नहीं होता।



### उन्हें अपने अवसर खुद बनाने पड़े

अपने करियर के बारे में बात करते हुए कार्तिक आर्यन ने बताया कि उन्हें कभी भी थाली में परोसी गई कोई चीज नहीं मिली। उन्होंने कहा कि उन्हें अपने अवसर खुद बनाने पड़े और बताया कि जब उन्होंने शुरुआत की थी, तो उन्हें 500 करोड़ रुपये की फिल्मों के लिए जाने जाने वाले निर्देशक के साथ काम करने का फायदा नहीं मिला। इसके बजाय उन्होंने डेब्यू डायरेक्टर्स के साथ काम किया था।

### मैंने किया है डेब्यू निर्देशकों के साथ काम

कार्तिक ने कहा, मेरे सफर में, मुझे कभी भी कुछ नहीं मिला। मुझे खुद सबकुछ संभालना पड़ा, कोई भी मेरे पास ऑफर लेकर नहीं आया, जब मैंने शुरुआत की थी, तो किसी ने मुझे 500 करोड़ रुपये का निर्देशक नहीं दिया, मैंने सभी डेब्यू निर्देशकों के साथ काम किया।

### भूल भुलैया 3 में नजर आएंगे

कार्तिक ने माना कि वह बहुत भाग्यशाली नहीं रहे हैं, लेकिन उन्हें पता है कि उनके विकास की संभावना कहां है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वह किसी से कोई तुलना या शिकायत नहीं कर रहे हैं, बल्कि उन्होंने कहा कि वे अपनी आने वाली स्थिति से संतुष्ट हैं।

कार्तिक ने बताया कि जब वह पहली बार मुंबई शहर में आए थे, तो उन्हें लगभग कुछ नहीं माना जाता था, लेकिन अब उन्हें पूरे देश में पहचान मिली, जिसे वह आभारी मानते हैं। काम के मोर्चे की बात करें तो कार्तिक जल्द ही इस दिवाली पर भूल भुलैया 3 में तृप्ति डिमरी, विद्या बालन और माधुरी दीक्षित के साथ हॉरर-कॉमेडी का तड़का लगाते नजर आएंगे।

# फर्जी दस्तावेजों से आठ हजार करोड़ की जीएसटी चोरी करने वाला गिरफ्तार, सात फरार

मुंबई, 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। वस्तु एवं सेवा कर विभाग(जीएसटी) की टीम ने फर्जी दस्तावेजों से आठ हजार करोड़ की जीएसटी चोरी करने के मामले में आरोपित अशरफ भाई इस्माईल कलावाडिया को मीरा रोड के एक लॉज से गिरफ्तार किया है। जीएसटी टीम ने कलावाडिया के पास से 21 मोबाइल, दो लैपटॉप, 11 सिम कार्ड, डेबिट कार्ड, चेक बुक, अलग-अलग कंपनियों के नाम की रबर स्टांप जब्त किया है। कलावाडिया को गिरफ्तार कर पुणे की शिवाजीनगर कोर्ट में पेश किया गया और कोर्ट ने उन्हें 14 दिन की न्यायिक कस्टडी में भेज दिया है। कोरेगांव पार्क पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक रूनल मुल्ला के




अनुसार जीएसटी पुणे डिवीजन के अधिकारी ऋषि प्रकाश (39) ने कोरेगांव पार्क पुलिस स्टेशन में फर्जी कंपनी के नाम पर दस्तावेज जमा कर 5 हजार से आठ हजार करोड़ रुपये की जीएसटी की चोरी का एक मामला दर्ज करवाया था। इस मामले की छानबीन के बाद पुलिस ने अशरफ इब्राहिम कलवाडिया, नितिन भागोजी बर्गे, फैसल अब्दुल गफ़र मेवावाला, निज़ामुद्दीन मोहम्मद सईद खान, अमित तेजबहादुर सिंह, राहुल बटुकभैया बरैया, कौशिक मकवाना, जीतेंद्र गोहेल और उनके सहयोगियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इनमें से मुख्य आरोपित अशरफ इब्राहिम को जीएसटी टीम ने गिरफ्तार किया था और उन्हें पुणे में कोर्ट में पेश किया गया था। जबकि अन्य आरोपितों की तलाश जारी है। रुनल मुल्ला के अनुसार जीएसटी अधिकारी ऋषि प्रकाश को अक्टूबर 2023 में पठान इंटरप्राइजेज के खाते की ऑनलाइन जांच करते समय पता चला कि पठान इंटरप्राइजेज ने माल की कोई खरीद या बिक्री नहीं की गई थी, केवल भुगतान किया गया था। इसके बाद पठान एंटरप्राइजेज की खोज की गई, तो पता चला कि जीएसटी पंजीकरण के लिए दिया गया पता फर्जी था। संबंधित कंपनी, पठान शब्बीर खान अनवर खान के नाम पर पंजीकृत किया गया था, जबकि तलाश में पता चला कि पठान शब्बीर खान अनवर खान गुजरात के भावनगर में रिक्शा चालक था और उसी पठान इंटरप्राइजेज के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। इस कंपनी का बैंक खाता जीत कुकडिय़ा के नाम पर खोला गया था, जांच में पता चला कि वह सुरक्षा रक्षक है। जीएसटी की जांच टीम ने पुणे, मुंबई के साथ-साथ गुजरात के राजकोट, भावनगर इलाके में भी छानबीन की तो पता चला कि अशरफभाई कलावाडिया ने अपने साथी नितिन बर्ज, फैसल मेवावाला, अमित सिंह, जीतेंद्र गोहेल, कौशिक मकवाना, राहुल बरैया और साथियों के साथ मिलकर जीएसटी टैक्स की चोरी की साजिश रची। उसने जीएसटी टैक्स से बचने के लिए फर्जी नामों से 246 कंपनियां स्थापित कीं और टैक्स चोरी करने वाले कारोबारियों से पैसे लेकर फर्जी दस्तावेजों के जरिए टैक्स चोरी की। जीएसटी कार्यालय की ओर से जारी शिकायत में कहा गया है कि आरोपियों ने सितंबर 2018 से मार्च 2024 तक पांच से आठ हजार करोड़ रुपये की सरकारी टैक्स चोरी की है। जीएसटी की टीम और कोरेगांव पुलिस स्टेशन की टीम इस मामले की गहन छानबीन कर रही है।

## दूसरी शादी करना घरेलू हिंसा का ही रूप! मद्रास हाई कोर्ट बोला- मुस्लिम महिलाएं मांग सकेंगी हर्जाना

मदुरै, 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। मद्रास उच्च न्यायालय की मदुरै पीठ ने एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा है कि एक मुस्लिम महिला अपने द्विविवाही पति (जिसने अपनी पहली पत्नी को तलाक दिए बिना ही दूसरी शादी कर ली हो) से क्षतिपूर्ति/मुआवजा पाने की हकदार है क्योंकि पति के इस कृत्य उसे मानसिक क्षति हुई है और यह घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005 के तहत 'घरेलू हिंसा' शब्द की परिभाषा के अंतर्गत आता है। न्यायमूर्ति जी।आर। स्वामीनाथन ने सुनवाई के दौरान कहा कि आगर मुस्लिम महिला अपने अलग हुए पति द्वारा दिए गए तीन तलाक की वैधता पर सवाल उठाती है तो पति को अनिवार्य रूप से न्यायालय में जाना होगा। पति को कोर्ट में कानून के हिसाब से तलाक देना होगा।

न्यायमूर्ति जी।आर। स्वामीनाथन ने आगे कहा कि शरीयत (कुरान पर आधारित विहित कानून) परिषदें किसी भी जमात (इस्लाम का पालन करने वालों का समूह) के लिए तलाक पर फैसला नहीं सुना सकतीं। उन्होंने जोर देकर कहा, केवल राज्य द्वारा विधिवत गठित अदालतें ही इस पर फैसला सुना सकती हैं। शरीयत परिषद एक निजी संस्था है, न कि अदालत।

न्यायमूर्ति स्वामीनाथन ने एक डॉक्टर दंपति के बीच घरेलू विवाद के मामले में यह फैसला सुनाया है। उन्होंने 2010 में इस्लामी रीति-रिवाजों के अनुसार शादी की थी और उनका एक बेटा भी था। 2018 में महिला ने 2005 के अधिनियम के तहत शिकायत दर्ज कराई थी। 2021 में एक न्यायिक मजिस्ट्रेट ने उसकी याचिका स्वीकार कर ली और पति को निर्देश दिया कि वह अपनी पत्नी को घरेलू हिंसा के लिए 5 लाख रुपये का मुआवजा दे। 2022 में एक सत्र न्यायालय ने आदेश को बरकरार रखा था। इसके बाद पति ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था।

# 'क्या आप मुझे मारना चाहते हैं'

### अरविंद केजरीवाल ने भाजपा पर लगाया आरोप, दे दी खुली चुनौती



नई दिल्ली, 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने एक दिन पहले पश्चिमी दिल्ली के विकासपुरी में पदयात्रा के दौरान उन पर हुए कथित हमले का आरोप भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर लगाया। उन्होंने भाजपा को उनके खिलाफ चुनाव लड़कर अपनी ताकत साबित करने की चुनौती भी दे डाली। इससे पहले आम आदमी पार्टी ने यह भी दावा किया है कि पदयात्रा अभियान के दौरान केजरीवाल पर कथित तौर पर भाजपा के गुंडों द्वारा हमला किया गया था। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने बीजेपी पर हमला बोलते हुए कहा, 'कल बीजेपी ने अपने गुंडों को विकासपुरी में मुझ पर हमला करने के लिए भेजा। उन्होंने बीजेपी पर हमला बोलते हुए कहा, क्या आप मुझे मारना चाहते हैं? अगर आपमें ताकत है तो आएं मेरे खिलाफ चुनाव लड़ें। अरविंद केजरीवाल ने मतदाताओं से भाजपा का समर्थन नहीं करने का आग्रह किया और दावा किया कि पार्टी उनके द्वारा लागू की गई सभी मुफ्त योजनाओं को समाप्त कर देगी। केजरीवाल ने कहा, अगर आप गलती से बीजेपी को वोट देंगे तो वे आपके बच्चों के स्कूल बंद कर देंगे और आपको 10,000 रुपये का बिजली बिल भेजना शुरू कर देंगे। दिल्ली के लोगों को तय करना है कि वे काम करने वालों को वोट देना चाहते हैं या काम बंद करने वालों को। आम आदमी पार्टी अगले साल फरवरी या मार्च में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियों में लग गई है और इसे लेकर ही केजरीवाल की विकासपुरी में 'पदयात्रा' आयोजित की गई थी। दिल्ली में आम आदमी पार्टी के नेता अब सार्वजनिक रैली और चुनाव की तैयारियों को लेकर लोगों के बीच जा रहे हैं। इसी पदयात्रा के दौरान आम आदमी पार्टी ने केजरीवाल पर कथित तौर पर हमले की बात कही थी और इसका आरोप भाजपा पर लगाया था।

# आ गई खुशखबरी! गगनयान की तारीख हुई फिक्स

### चांद पर इंसान कब भेजेगा भारत? इसरो चीफ ने बताया सबकुछ



नई दिल्ली, 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय स्पेस एजेंसी (इसरो) पर पूरी दुनिया की नजर टिकी हुई हैं। चंद्रयान-3 की सफलता के बाद इसरो चंद्रयान-4 और गगनयान मिशन पर द्रुत गति से काम कर रहा है। दरअसल, भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन 'गगनयान' इसी साल 2024 के आखिर या 2025 में लॉन्च की उम्मीद थी लेकिन, इसकी तारीख बदल चुकी है। इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ आकाशवाणी (ऑल इंडिया रेडियो) में सरदार पटेल मेमोरियल लेक्चर में भारत के आगामी मिशन के साथ-साथ उन्होंने वैश्विक स्पेस इकॉनमी में भारत की भागीदारी बढ़ाने पर भी बात की। उन्होंने गगनयान, चंद्रयान-4, चंद्रयान-5 और भारत के चांद पर मानव मिशन पर भी बात की। ऑल इंडिया रेडियो के लेक्चर में उन्होंने बहु प्रतीक्षित भारत के गगनयान मिशन के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि मानवयुक्त स्पेस मिशन गगनयान संभवतः 2026 में लॉन्च होगा। वहीं, चंद्रयान-4 जो कि चांद की सतह से सैंपल लेकर आएगा, यह 2028 तक लॉन्च हो सकता है। वहीं, उन्होंने बताया कि भारत-अमेरिका का विलंबित मिशन निसार अगले साल तक संभव हो सकेगा। निसार मिशन, एक रडार मशीन है जो धरती की सतह पर पर्यावरणीय बदलावों और प्राकृतिक आपदाओं और प्राकृतिक घटनाओं की बेहतर जानकारी जुटाएगा।

**जाक्सा के साथ इसरो का मून मिशन**

इसरो के अध्यक्ष ने खुलासा किया कि जापान की अंतरिक्ष एजेंसी जेएक्सए (जाक्सा) के साथ संयुक्त चंद्रमा-लैंडिंग मिशन, जिसे मूल रूप से ल्यूपेक्स या लूनर पोलर एक्सप्लोरेशन (ल्यूपेक्स) नाम दिया गया था। यह चंद्रयान-5 मिशन होगा। उन्होंने लॉन्च के लिए फिक्स समय सीमा का उल्लेख नहीं किया। पहले ल्यूपेक्स मिशन को 2025 की समय-सीमा में लॉन्च किया जाना था, लेकिन अब इसे चंद्रयान-5 के रूप में वर्णित किया गया है, इसलिए इसकी उम्मीद 2028 के बाद ही की जा सकती है।

**चंद्रयान-4 कब तक**

सोमनाथ ने बताया, 'चंद्रयान-4 एक बहुत भारी मिशन होगा, इसमें लैंडर भारत द्वारा प्रदान किया जाएगा, जबकि रोवर जापान से आएगा। चंद्रयान-3 पर रोवर का वजन केवल 27 किलोग्राम था। लेकिन, यह मिशन 350 किलोग्राम का रोवर ले जाएगा। यह मिशन भारत को चंद्रमा पर मानव को उतारने में एक कदम और करीब ले जाएगा। उन्होंने भारत ने 2040 तक चंद्रमा पर मानवयुक्त मिशन भेजने की योजना का अनावरण किया है।

**इसरो में प्राइवेट सेक्टर**

सोमनाथ ने शनिवार के लेक्चर में वैश्विक स्पेस इकॉनमी और स्पेस रिसर्च में प्राइवेट सेक्टर को शामिल करने को लेकर बात की। उन्होंने बताया कि अगले 10 से 12 साल में इंटरनेशनल स्पेस इकॉनमी में भारत की भागीदारी 2 प्रतिशत से 10 प्रतिशत तक करने की कोशिश किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसे इसरो अकेले दम पर हासिल नहीं कर सकता है। स्टार्ट-अप से लेकर बड़ी कंपनियों तक, सभी को भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र में आकर भाग लेने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, "हम ऐसे सक्षम तंत्र बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं, जिससे कंपनियों के लिए इसरो के साथ काम करना आसान हो जाएगा।"

# पंजाब के गवर्नर ने फायर एंड इमरजेंसी बिल को दी मंजूरी

चंडीगढ, 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। पंजाब में अग्नि सुरक्षा उपायों को प्रभावी बनाने की दिशा में अहम कदम उठाते हुए प्रदेश के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने स्टेट फायर एंड इमरजेंसी सर्विस बिल 2024 को मंजूरी दे दी। रविवार को इस बिल के लागू होने से प्रदेश में अग्नि सुरक्षा उपायों को मजबूती मिलेगी। साथ ही कारोबारियों को व्यापार करने में भी मदद मिलेगी। अब पंजाब में अग्नि सुरक्षा प्रमाणपत्रों की अवधि 1 वर्ष की बजाए 3 तक वर्ष प्रभावी रहेगी। इसमें तीसरे पक्षों को मान्यता देने, उनकी गतिविधियों का निरीक्षण करने और सुरक्षा उपायों को लेकर लापरवाही बरतने वालों को सजा देने का भी प्रावधान है। अब पंजाब में इमारतों के मालिकों और कब्जाधारियों को अग्नि सुरक्षा प्रमाणपत्र प्राप्त करने की आवश्यकता होगी। इसके अलावा, उन्हें रोकथाम उपायों के निरंतर अनुपालन की पुष्टि करने के लिए समय-समय पर रिटर्न जमा करने की



भी आवश्यकता होगी।

**राजस्व के बढ़ेंगे स्रोत**

पंजाब में फायर प्रशासन के पास अब पंजाब की सभी इमारतों पर अग्नि टैक्स लगाने की क्षमता होगी। फायर प्रशासन फायर टैक्स पर सेस भी लगा सकता है। फायर प्रशासन जनता के सदस्यों को आग की रोकथाम और नियंत्रण से संबंधित अग्रिम सेवाएं प्रदान करने के लिए उपयोगकर्ता शुल्क एकत्र कर सकता है। पंजाब सरकार ने अब राज्य स्तरीय अग्नि और आपातकालीन सेवा विभाग बनाई है। इसका नेतृत्व स्थानीय निकाय विभाग के डायरेक्टर करेंगे, जिन्हें तकनीकी अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों के निर्वहन में सहायता करेंगे।

**अधिकारी कर पाएंगे ये काम**

पंजाब फायर एंड इमरजेंसी सर्विस बिल 2024 अधिकारियों के लिए व्यवस्थित निरीक्षण करने के लिए एक रूपरेखा तैयार करता है। फायर अधिकारी आसानी से निरीक्षण करने के योग्य होंगे और किसी इमारत में संभावित आग के खतरों को प्रभावी ढंग से बेअसर करने के लिए निर्देश जारी कर सकेंगे। बिल फायर फाइटरों को आग बुझाने के कार्यों को प्रभावी ढंग से चलाने और उनसे जुड़े जोखिमों और जटिलताओं का प्रबंधन करने के लिए प्रभावी कदम उठाने का अधिकार देता है। पंजाब फायर एंड इमरजेंसी सर्विस बिल में जोखिम-वर्गीकरण किया गया है। इस बिल मे इमारतों की श्रेणियों को सरकार द्वारा आग लगने के कम, मध्यम या उच्च जोखिम के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा। बिल में सजाओं की गंभीरता भी जोखिम के अनुसार भिन्न होती है। बिल यह सुनिश्चित करता है कि सरकारी संसाधनों का बड़ा हिस्सा आग लगने के उच्च जोखिम वाली इमारतों की श्रेणियों पर लक्षित है। प्रत्येक अपराध के लिए बिल में अलग से एक पड़ाववार मॉडल की परिकल्पना की गई है। लगातार गैर-अनुपालन के लिए सख्त दंड निर्धारित हैं।

**बिल में शामिल हैं ये प्रावधान**

पंजाब फायर एंड इमरजेंसी सर्विस बिल में फायर प्रिवेंशन एंड लाइफ सेफ्टी फंड का गठन, एक प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना और नियम बनाना, बीमा योजना का प्रावधान, सार्वजनिक और निजी संपत्तियों पर फायर हाइड्रेंट और अन्य उपकरणों की स्थापना का प्रावधान और उसका उल्लंघन करने पर जुर्माना, समय-समय पर विभिन्न प्रावधानों को नोटिफाई करना आदि की व्यवस्था है।

## एसीबी ने ठेकेदार से रिश्वत लेते हुए वन अधिकारी को पकड़ा

अमरेली, 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। एंटी करप्शन ब्यूरो यानी एसीबी ने एक बार फिर रिश्वतखोर अफसर को रंगे हाथों पकड़ा है। मामला गुजरात के अमरेली जिले का है। यहां एक रेंज वन अधिकारी यानी आरएफओ और एक अन्य शख्स को एक ठेकेदार से दो लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए पकड़ा है। एसीबी ने एक विज्ञप्ति में बताया कि ठेकेदार ने राजुला में वन विभाग में किसी निर्माण कार्य के वार्षिक अनुबंध के लिए सुरक्षा के रूप में जमा कराए गए पांच लाख रुपये की राशि जारी कराने के लिए आरएफओ योगराज सिंह राठौड़ को पूर्व में 90,000 रुपये की रिश्वत दी थी। विज्ञप्ति में बताया गया, अनुबंध कार्य पूरा होने के बाद शिकायतकर्ता यानी ठेकेदार ने राठौड़ से जमा राशि जारी करने को कहा। आरएफओ ने शिकायतकर्ता से 10 लाख रुपये की रिश्वत मांगी, जिसमें वार्षिक अनुबंध के तहत किए गए काम के लिए कमीशन का एक हिस्सा शामिल था।

## महाराष्ट्र में कांग्रेस की बढ़ी टेंशन, प्रत्याशी ने ही वापस कर दिया टिकट, सीट शेयरिंग है वजह



मुंबई, 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर एक तरफ जहां महाविकास अघाड़ी में सीट शेयरिंग को लेकर भारी माथापच्ची हो रही है, तो दूसरी ओर सीटें कम होने के चलते कांग्रेस में टिकट बंटवारे से लेकर आंतरिक बगावत होने की संभावनाएं बढ़ गई है। यह कांग्रेस के लिए टेंशन इसलिए भी क्योंकि पार्टी के एक प्रत्याशी ने अपना टिकट ही वापस कर दिया है। दरअसल, महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर विपक्षी गठबंधन एमवीए के तहत एनसीपी, कांग्रेस और शिवसेना उद्धव गुट के बीच 85-85 सीटों का फॉर्म्यूला बना है और कांग्रेस पार्टी अब तक 3 लिस्ट जारी कर चुकी है, जिसमें कुल 87 नाम है। मतलब साफ है कि पार्टी अपने कोटे के सभी प्रत्याशी घोषित कर चुकी है लेकिन अब पार्टी में सीट बंटवारे को लेकर टेंशन सामने आ रही है। पार्टी के नेता सचिन सावंत ने अपना टिकट ही वापस कर दिया है। कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता सचिन सावंत बेबाक बोल के लिए जाने जाते हैं और वे अपनी मनपसंद सीट न मिलने से नाराज हैं। सचिन सावंत को कांग्रेस ने अंधेरी वेस्ट सीट से टिकट दिया है लेकिन वे यहां से चुनाव नहीं लडना चाहते हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी नाराजगी जाहिर की और कहा कि वे बांद्रा ईस्ट से चुनाव लड़ना चाहते हैं। सचिन सावंत ने कहा कि मैं वहां से लड़ना चाहता था, लेकिन वह निर्वाचन क्षेत्र शिवसेना यूबीटी पार्टी के खाते में चली गई। मैंने अंधेरी पश्चिम निर्वाचन क्षेत्र से उम्मीदवारी नहीं मांगी थी। हालांकि, पार्टी के वरिष्ठजनों द्वारा मुझ पर दिखाए गए विश्वास के लिए तहे दिल से धन्यवाद!

## एयरपोर्ट पर महिलाओं को दिखा तेंदुआ, खोजने पहुंची वन विभाग की टीम को रात में मिला जंगली बिल्ला

भुवनेश्वर, 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। खोजा तेंदुआ, निकला बिल्ला, ये कहावत गलत जरूर है पर इन हालातों पर सटीक बैठती है। दरअसल, मामला ये है कि अचानक अल सुबह भुवनेश्वर के हवाई अड्डे के पास कुछ महिलाओं ने दावा किया कि उन्हें हवाई अड्डे के डंपिंग यार्ड के अंदर एक तेंदुआ दिखाई दिया। खबर मिलते ही वहां लोगों की भीड़ इकठ्ठी हो गई। जिसके बाद लोगों ने इसकी सूचना वन विभाग की टीम को दी। वन विभाग की टीम कुछ देर के अंदर मौके पर पहुंच भी गई। दिन भर डंपिंग यार्ड के पास मौजूद जंगल में तेंदूए को खोजा गया। वन विभाग के अधिकारी जंगल के अंदर तेंदुए के पद चिन्ह खोजते रहे। वन विभाग की टीम जाल और अपने अन्य उपकरणों के साथ मौके पर इस उम्मीद के साथ मौजूद थी कि, अगर तेंदुआ जंगल से बाहर आया तो उसे पकड़ कर ले जाएंगे। तेंदुए को ललचाने के लिए टीम ने पिंजरे के अंदर एक मुर्गे को भी लटकाया फिर वहां कैमरे को भी लगाया गया। तेंदुए को पकड़ने की पुरजोर कोशिश होती रही। पूरा दिन बीत गया पर लेकिन तेंदुआ हाथ नहीं आया। हाथ आए तो कुछ पद चिन्ह। पूरा दिन बीत जाने के बाद रात को जो तस्वीर सामने आई उसने वहाँ मौजूद वन विभाग के अधिकारियों और स्थानीय लोगों को हैरान कर दिया। दरअसल, जिस जानवर को तेंदुआ सोच कर दिन भर खोजा जाता रहा था, वह आखिर में एक जंगली बिल्ला निकला।

# 'वकील अपने जूनियरों को उचित वेतन देना सीखें', सीजेआई चंद्रचूड़ ने क्यों कहा ऐसा?

नई दिल्ली, 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा है कि वकीलों को उनके चैंबर में सीखने आने वाले युवाओं को उचित वेतन और पारिश्रमिक देना सीखना चाहिए। एक साक्षात्कार के दौरान उन्होंने कहा कि कानून का पेशा एक मुश्किल पेशा होता है, जहां प्रारंभिक वर्षों में रखी गई नींव से युवा वकील अपने पूरे करियर में अच्छी स्थिति में रहते हैं। सीजेआई ने आगे कहा, 'किसी भी पेशे में हमेशा उतार-चढ़ाव आते रहते हैं। शुरुआत में कानून के पेशे में पहले महीने के अंत में आपको जो राशि मिलती है, वह बहुत अधिक नहीं भी हो सकती।' उन्होंने कहा कि इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि पहली बार काम करने वालों को प्रोत्साहित किया जाए कि वे लगन से काम करें, कड़ी मेहनत करें और जो वे करते हैं, उसके प्रति ईमानदार रहें। उन्होंने कहा- 'इसी तरह, हमारे तौर-तरीकों में भी बदलाव होना चाहिए। उदाहरण के लिए, वकीलों को यह सीखना होगा कि उनके चैंबर में आने



वाले युवा वकीलों को उचित वेतन, पारिश्रमिक और भत्ते कैसे दिए जाएं। युवा उनके चैंबर में सीखने के लिए आते हैं। उनके पास देने के लिए भी बहुत कुछ होता है। इसलिए यह आत्मसात करने, साझा करने और मार्गदर्शन की दोतरफा प्रक्रिया है, जो हमें युवा वकीलों को प्रदान करनी है।'

**सीजेआई ने सुनाया आकाशवाणी में काम करने का किस्सा**

मुख्य न्यायाधीश ने दिल्ली में कालेज में पढ़ाई करने के दौरान आकाशवाणी में प्रस्तोता के रूप में अपने दिनों को भी याद किया। उन्होंने बताया कि जब वह तीसरी या चौथी कक्षा में थे तो शास्त्रीय संगीतकार उनकी मां उन्हें मुंबई में आकाशवाणी के स्टूडियो ले जाती थीं। बाद में 1975 में दिल्ली आने के बाद उन्होंने आकाशवाणी के लिए आडिशन दिया और हिंदी व अंग्रेजी में कार्यक्रम प्रस्तुत करना शुरू कर दिया।

**जीएसटी लागू करना सहकारी संघवाद का उत्कृष्ट उदाहरण**

यहां एक कार्यक्रम में सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि भारत में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लागू करना सहकारी संघवाद का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। इसके लिए संविधान में संशोधन किया गया। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दशकों में अदालतों ने राज्यों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने के लिए संघवाद पर एक मजबूत ढांचा विकसित किया है। उन्होंने कहा कि सहकारी संघवाद शासन की एक प्रणाली है जहां केंद्र और राज्य विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने के आपसी मतभेदों को दूर करते हुए मिलकर काम करते हैं।

# बीजेपी नेता और मंत्री रहे राघवजी ने नहीं किया था कुकर्म, कुर्सी गंवाई, गिरफ्तारी हुई



विदिशा, 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। भाजपा के बड़े नेता और मध्य प्रदेश सरकार में वित्त मंत्री रहे राघवजी को हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने बड़ी राहत दी है। सर्वोच्च न्यायालय ने राघवजी को उनके नौकर के साथ कुकर्म करने के मामले में क्लीन चिट दे दी है। मामले में 11 साल बाद फैसला आया है। इससे पहले मप्र हाईकोर्ट ने भी राघवजी को निर्दोष बताते हुए एफआईआर खारिज करने के आदेश दिए थे। अब सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद पूर्व वित्त मंत्री राघवजी ने कहा कि आखिरकार सत्य की विजय हुई। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद विदिशा शहर के कई समाजसेवियों और वरिष्ठ नागरिकों ने राघवजी के निवास पर पहुंचकर उन्हें शॉल और श्रीफल देकर उनका सम्मान किया। दरअसल, मध्य प्रदेश सरकार में वित्त मंत्री रहते हुए राघवजी पर आरोप लगा था कि उन्होंने अपने नौकर के साथ अप्राकृतिक कृत्य (कुकर्म) किया है। जुलाई 2013 में आरोप लगाने वाले नौकर ने हबीबगंज थाना भोपाल में शिकायत देकर एफआईआर कराई। सरकार से मंजूरी मिलने के बाद मामले की जांच शुरू की गई। आरोप लगने के बाद राघवजी को मंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा। 5 जुलाई 2013 को उन्हें भोपाल से पुलिस ने गिरफ्तार किया। लेकिन, करीब दो साल तक पुलिस की ओर से मामले में चालान पेश नहीं किया गया। दिसंबर 2015 में पुलिस ने कोर्ट में चालान पेश किया। इसके बाद राघवजी की ओर से मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में एफआईआर खारिज करने की मांग को लेकर एक याचिका दायर की गई। याचिका लंबे समय तक पेडिंग में पड़ी रही। करीब आठ साल बाद याचिका पर सुनवाई हुई। एक ही सुनवाई में हाईकोर्ट में फैसला सुनाया और एफआईआर निरस्त कर दी। 44 पेज के फैसले में हाईकोर्ट में मामले को राजनीति और द्वेषपूर्ण बताते हुए एफआईआर खारिज करने का आदेश दिया। हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ पीड़ित नौकर ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। पीड़ित ने कोर्ट में याचिका दायर करते हुए होईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाने की मांग की। तीसरी सुनवाई में ही सुप्रीम कोर्ट ने याचिका को खारिज कर दिया।

# कांग्रेस की कार्यकारिणी का विरोध शुरू,पटवारी बोले-जो बेस्ट हो सकता था किया, वीडी शर्मा ने ली चुटकी



भोपाल, 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। दस महीने इंतजार के बाद आखिरकार पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने अपनी टीम की घोषणा एक दिन पहले कर दी है। कार्यकारिणी में सीमित लोगों को जगह दी गई है। 177 लोगों की टीम में सभी वर्गों को साधने की कोशिश की गई है युवा, महिला, क्षेत्र और जातिगत समीकरण का भी ध्यान रखा गया है। कमलनाथ के कार्यकारिणी से यह काफी छोटी टीम है कमलनाथ के टीम में करीब 700 लोगों को शामिल किया गया था। पटवारी की कार्यकारिणी ज्यादा बड़ी नहीं होने से कई नेताओं को जगह नहीं मिली है। अब विरोध शुरू हो गया हैं। इधर भारतीय जनता पार्टी के नेता कांग्रेस नेताओं के विरोध पर चुटकी लेते नजर आ रहे हैं। बीजेपी अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कांग्रेस को जनता ने नकार दिया है। कार्यकारणी में जगह नहीं मिलने से नाराज कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता रवि सक्सेना ने इशारों-इशारों में जीतू पटवारी पर हमला बोला है। उन्होंने फेसबुक पर लिखा कि एक पुरानी कहावत है, जो आज चरितार्थ हो गई "अंधा बांटे रेवड़ी अपने अपनों को दे, जिन्हें जनता ने पराजित किया वही बने भाग्य विधाता। प्रदेश कांग्रेस की नई कार्यकारिणी को लेकर पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने कहा कि हमने कार्यकारिणी में जातिगत, क्षेत्रीय और वरिष्ठता को ध्यान रखा है। नाराज नेताओं को लेकर कहा कि जो बेस्ट हो सकता था, वो मैंने किया है। जो पार्टी के लिए काम करना चाहते हैं उनको आगे एडजस्ट किया जाएगा। युवा और वरिष्ठ दोनों को कार्यकारिणी में बैलेंस किया गया है। हमने सबको एडजस्ट करते हुए कार्यकारिणी में शामिल किया है। पूर्व सीएम कमलनाथ के बेटे नकुल नाथ के कार्यकारिणी में शामिल नहीं होने पर जीतू पटवारी ने कहा कि नकुल नाथ पॉलिटिकल अफेयर कमेटी में है, वहीं कांग्रेस नेता प्रमोद टंडन के इस्तीफे के सवाल पर जीतू ने चुप्पी साध ली। कांग्रेस की कार्यकारिणी को लेकिन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा कि जनता ने उसे नकार दिया है। राहुल गांधी को भी जनता नकार चुकी है। हरियाणा में जो कांग्रेस की जलेबी बनी है, वहीं कांग्रेस उलझ गई है। यही हाल मध्यप्रदेश में कांग्रेस का है। मध्य प्रदेश 2003 में कांग्रेस के शासन में बीमारू राज्य था।



# 'सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने के लिए वित्तीय संस्थानों से समर्थन की जरूरत': वित्त मंत्री

नई दिल्ली, 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को अमेरिका के वॉशिंगटन में आयोजित हुए जी7 अफ्रीकी मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों से अधिक समर्थन देने की मांग की।



वित्त मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा एक पोस्ट में यह जानकारी दी।

**जी7 अफ्रीकी सम्मेलन में चुनौतियों के समाधान पर चर्चा हुई**

वित्त मंत्रालय ने पोस्ट में लिखा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों से समर्थन मांगने पर फोकस किया। खासकर बहुपक्षीय विकास बैंकों (एमडीबी) से ऋण क्षमता बढ़ाने की मांग की गई ताकि सतत विकास लक्ष्यों को हासिल किया जा सके। जी7 अफ्रीकी मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन में वित्त चुनौतियों के समाधानों और अफ्रीका में विकास की पहल पर चर्चा की गई। इस दौरान वित्त मंत्री ने दीर्घकालिक और किफायती वित्तपोषण तक पहुंच बढ़ाने का आग्रह किया।

**भारत ने अफ्रीकी देशों के समर्थन की जताई प्रतिबद्धता**

सम्मेलन के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारत और अफ्रीका के बीच गहरी साझेदारी का भी जिक्र किया। वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 मार्गदर्शक सिद्धांतों के साथ भारत-अफ्रीकी साझेदारी को फिर से परिभाषित किया है, जिसका उद्देश्य क्षमता निर्माण, बढ़ी हुई सार्वजनिक सेवाओं और जलवायु परिवर्तन को संबोधित करने के माध्यम से अफ्रीका के विकास का समर्थन करना है।' वित्त मंत्रालय ने बताया कि केंद्रीय वित्त मंत्री ने बुनियादी ढांचे के विकास और स्वास्थ्य क्षेत्र जैसे क्षेत्रों में अफ्रीका को तकनीकी विशेषज्ञता और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण की पेशकश करते हुए भारत के समर्थन को रेखांकित किया। वित्त मंत्री ने वाशिंगटन डीसी में विश्व बैंक समूह द्वारा आयोजित वार्षिक बैठक 2024 में भी भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की प्रथम उप प्रबंध निदेशक (एफडीएमडी) गीता गोपीनाथ से मुलाकात की और वार्षिक बैठक 2024 के सफल आयोजन पर एफडीएमडी को बधाई दी।

# नोकिया का टॉयलेट पेपर, सोनी का राइस कुकर, एलजी की फेशियल क्रीम... कभी सुना है नाम



नई दिल्ली, 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। सैमसंग, एलजी, सोनी और नोकिया की पहचान आज दुनियाभर में इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स बनाने वाली कंपनियों के रूप में है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इस कंपनियों का पहला प्रॉडक्ट कुछ और था। मसलन दक्षिण कोरिया की दिग्गज कंपनी सैमसंग ने ग्रॉसरी स्टोर से शुरुआत की थी। इसी तरह एलजी का पहला प्रॉडक्ट फेशियल क्रीम थी। जापान की दिग्गज इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी सोनी ने राइस कुकर के साथ शुरुआत की थी। इसी तरह मोबाइल बनाने वाली कंपनी नोकिया का पहला प्रॉडक्ट टॉयलेट पेपर था। लग्जरी कार बनाने वाली इटली की दिग्गज कंपनी लैंबोर्गिनी का पहला प्रॉडक्ट ट्रैक्टर था। इसी तरह जापान की दिग्गज ऑटो कंपनी टोयोटा ने ऑटोमैटिक लूम के साथ शुरुआत की थी। कोलगेट शुरुआत में साबुन और कैंडल्स बेचती थी। इसी तरह फर्नीचर बेचने वाली स्वीडन की कंपनी आइकिया का पहला प्रॉडक्ट फाउंटेन पेन था। जूलरी बेचने वाली कंपनी टिफनी एंड कंपनी की शुरुआत स्टेशनरी से हुई थी। दिग्गज ऑनलाइन कंपनी ऐमजॉन ने किताबें बेचकर धंधा शुरू किया था। बीएमडब्ल्यू शुरुआत में एयरक्राफ्ट इंजन बनाया करती थी। अमेरिका की दिग्गज ऑटो कंपनी फोर्ड का पहला प्रॉडक्ट क्वाड्रिसाइकल था। लैपटॉप बनाने वाली कंपनी एचपी ने ऑडियो ओसिलेटर से शुरुआत की थी जबकि होंडा का पहला प्रॉडक्ट बाइसाइकिल ऑक्जिलरी इंजन था। अमेरिका की दिग्गज फूड चेन मैकडॉनल्ड ने हॉट डॉग से शुरुआत की थी जबकि आज उसकी पहचान बर्गर से है। अमेरिका की दिग्गज बेवरेजेज कंपनी कोका-कोला पहले सिरप बनाती थी जबकि लॉरियाल ने हेयर डाई से शुरुआत की थी।

# हेलमेट बनाने वाली 162 कंपनियों के लाइसेंस कैंसल, सरकार कर रही है अलग प्लानिंग



नई दिल्ली, 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। रोड सेफ्टी को लेकर केंद्र सरकार की ओर से अलग अभियान चलाया हुआ है। इस अभियान के तहत टू-व्हीलर्स पर चलने वाले लोगों के हेलमेट को भी शामिल किया गया है। खास बात तो ये है कि सरकार ने 162 कंपनियों के लाइसेंस कैंसल कर दिए हैं, जो हेलमेट बना रही थी। सरकार की ओर से इस कैंपेन में किया गया सबसे बड़ा एक्शन बताया जा रहा है। आने वाले दिनों के लिए, सरकार की ओर से और भी अलग प्लानिंग की जा रही है। आइए आपको भी बताते हैं कि आखिर सरकार की ओर से किस तरह की प्लानिंग की जा रही है।

**162 लाइसेंस कैंसल**

सड़क सुरक्षा और बाजार में घटिया सुरक्षात्मक उपकरणों की बाढ़ से जुड़ी चिंताओं के बाद केंद्र ने जिला अधिकारियों को गैर-आईएसआई प्रमाणित हेलमेट के मेकर्स और सेलर्स पर कार्रवाई करने का आदेश दिया है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने शनिवार को जानकारी देते हुए कहा कि सरकार ने अब तक 162 हेलमेट मैन्युफैक्चरर के लाइसेंस रद्द कर दिए हैं। अधिकारियों ने भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के नियमों के उल्लंघन को लक्षित करते हुए 27 छापे मारे हैं।

**करीब 3 साल पहले का आदेश**

उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने कहा कि हेलमेट जीवन बचाते हैं, लेकिन केवल तभी जब वे अच्छी गुणवत्ता के हों। यह पहल बाजार से असुरक्षित हेलमेट हटाने की दिशा में महत्वपूर्ण है। यह कार्रवाई सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जून, 2021 में गुणवत्ता नियंत्रण आदेश लागू करने के बाद की गई है, जिसमें मानक आईएस 4151:2015 के तहत सभी हेलमेट के लिए बीआईएस प्रमाणन अनिवार्य कर दिया गया है।

**क्या है नई प्लानिंग**

अधिकारियों ने खास तौर पर सड़क किनारे बिना प्रमाणिकता वाले हेलमेट बेचने वाले विक्रेताओं को निशाना बनाया है। उपभोक्ता बीआईएस केयर ऐप या वेबसाइट के माध्यम से विनिर्माता की साख को सत्यापित कर सकते हैं। जिला अधिकारियों को उल्लंघन की पहचान करने के लिए पुलिस और बीआईएस अधिकारियों के साथ मिलकर काम करने का निर्देश दिया गया है।

# भारत कभी नहीं भूल पाएगा विदेशी निवेशकों का ये रिकॉर्ड, शेयर बाजार से निकाल चुके हैं करीब 86 हजार करोड़

नई दिल्ली, 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। विदेशी निवेशकों ने अक्टूबर के महीने में भारतीय शेयर बाजार से करीब 86 हजार करोड़ रुपए निकाल लिए हैं। भारतीय शेयर बाजार के इतिहास में पहली बार हुआ है, जब विदेशी निवेशकों ने इतना पैसा किसी एक महीने में शेयर बाजार से निकाला है। इसका प्रमुख कारण चीन में निवेश बढ़ाना प्रमुख कारण बताया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर विदेशी निवेशकों के भारतीय शेयर बाजार से मुनाफावसूली का प्रमुख कारण दूसरे असेट्स में निवेश भी हो सकता है। जिसमें गोल्ड और रियल एस्टेट शामिल है। हो सकता है कि जियो पॉलिटिकल टेंशन और अमेरिकी प्रेसीडेंशियल इलेक्शन के अनिश्चित होने की खबर से विदेशी निवेशकों ने अपने रुख बदलाव किया हो। आइए आपको भी बताते हैं कि आखिर विदेशी निवेशकों के निवेश के किस तरह के आंकड़ें सामने आ रहे हैं।

**अब तक की सबसे बड़ी मुनाफावसूली**

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) का भारतीय शेयर बाजार में बिकवाली का सिलसिला जारी है। इस महीने एफपीआई ने अबतक भारतीय बाजार से 85,790 करोड़ रुपये या 10।2 अरब डॉलर की निकासी की है। चीन के प्रोत्साहन उपायों, वहां शेयरों के आकर्षक वैल्यूएशन तथा घरेलू शेयरों के हाई वैल्यूएशन की वजह से एफपीआई भारतीय बाजार में लगातार बिकवाली कर रहे हैं। विदेशी कोषों की निकासी के मामले में अक्टूबर का महीना सबसे खराब साबित हो रहा है। मार्च, 2020 में, एफपीआई ने शेयरों से 61,973 करोड़ रुपये निकाले थे।

**किस महीने में कितना किया निवेश**

इससे पहले सितंबर में एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजार में 57,724 करोड़ रुपये का निवेश किया था, जो उनके निवेश का नौ माह का उच्चस्तर है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, जून से विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक लगातार लिवाल बने हुए थे। अप्रैल-मई में उन्होंने जरूर 34,252 करोड़ रुपये की निकासी की थी।




आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने एक से 25 अक्टूबर के बीच भारतीय शेयर बाजार से शुद्ध रूप से 85,790 करोड़ रुपये निकाले हैं। एफपीआई की निरंतर बिकवाली ने बाजार की धारणा को प्रभावित किया है, जिससे एनएसई का निफ्टी अपने शीर्ष स्तर से आठ प्रतिशत नीचे आ गया है।

**बॉन्ड मार्केट से भी निकाले**

आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने समीक्षाधीन अवधि के दौरान बॉन्ड से सामान्य सीमा के माध्यम से 5,008 करोड़ रुपये निकाले हैं और स्वैच्छिक प्रतिधारण मार्ग (वीआरआर) से 410 करोड़ रुपये का निवेश किया। इस साल अबतक एफपीआई ने शेयरों में 14,820 करोड़ रुपये और ऋण या बॉन्ड बाजार में 1.05 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया है।

**क्या कहते हैं जानकार**

मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट निदेशक, प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि भविष्य में एफपीआई का भारतीय बाजार में निवेश भू-राजनीतिक स्थिति और ब्याज दरों में उतार-चढ़ाव जैसे वैश्विक घटनाक्रमों पर निर्भर करेगा। उन्होंने कहा कि घरेलू मोर्चे पर महंगाई का रुख, कंपनियों के तिमाही नतीजे और त्योहारी सत्र की मांग पर एफपीआई की निगाह रहेगी। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा कि एफपीआई की निरंतर बिकवाली के रुख में तत्काल बदलाव आने की संभावना नहीं है। चीन के प्रोत्साहन उपायों की वजह से एफपीआई वहां के बाजार का रुख कर रहे हैं।

# डोनाल्ड ट्रंप के देश में आरबीआई गवर्नर की क्रिप्टो पर चेतावनी, बताया सबसे बड़ा रिस्क

नई दिल्ली, 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। जिस देश में डोनाल्ड ट्रंप और एलन मस्क जैसे क्रिप्टोकरेंसी के हिमायती हों, अगर वहां कोई भारतीय इसको लेकर नेगेटिव बातें करें। इसे एक बड़ी घटना के रूप में देखा जाना चाहिए। वो भी ऐसे समय में जब अमेरिका में क्रिप्टोकरेंसी को लीगल करने की एक पूरी मुहिम विपक्षी कैंडीडेट डोनाल्ड ट्रंप ने चलाई हुई हो और उसका सपोर्ट दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क का साथ मिल रहा हो। लेकिन आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने अमेरिका के प्रोग्राम में सिर्फ क्रिप्टोकरेंसी को लेकर जो रिस्क हैं, सिर्फ उनके बारे में चर्चा नहीं बल्कि क्रिप्टोकरेंसी को लेकर पूरी दुनिया को चेतावनी भी दे डाली। आइए आपको भी बताते हैं कि आखिर उन्होंने क्रिप्टोकरेंसी पर क्या कहा...

**गवर्नर ने बताया सबसे बड़ा रिस्क**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने



शुक्रवार को कहा कि क्रिप्टोकरेंसी फाइनेंशियल और मॉनेटरी स्टेबिलिटी के लिए बहुत बड़ा रिस्क है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इससे ऐसी स्थिति पैदा हो सकती है, जहां सेंट्रल बैंक इकोनॉमी में करेंसी सप्लाई पर अपना कंट्रोल खो देगा। दास ने कहा कि उनका मानना है कि यह ऐसी चीज है, जिसे फाइनेंशियल सिस्टम पर हावी होने की परमीशन नहीं दी जानी चाहिए। इसमें फाइनेंशियल स्टेबिलिटी के लिए बहुत बड़ा रिस्क जोखिम है। इसमें और मॉनेटरी स्टेबिलिटी के लिए बहुत बड़ा रिस्क है। यह बैंकिंग सिस्टम के लिए काफी बड़ा जोखिम पैदा कर सकता है।

**आरबीआई गवर्नर ने दी चेतावनी**

उन्होंने प्रमुख थिंक-टैंक पीटरसन इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल इकोनॉमिक्स में कहा कि यह ऐसी स्थिति भी पैदा कर सकता है, जहां सेंट्रल बैंक इकोनॉमी में करेंसी सप्लाई पर अपना कंट्रोल खो देगा। दास ने कहा कि अगर सेंट्रल बैंक का इकोनॉमी में करेंसी सप्लाई पर कंट्रोल नहीं रहेगा तो तो सिस्टम में उपलब्ध कैश की जांच कैसे होगी। उन्होंने आगे कहा कि संकट के समय करेंसी सप्लाई को कंट्रोल सेंट्रल बैंक महंगाई को कंट्रोल करता है। इसलिए, हम क्रिप्टो को एक बड़े रिस्क के रूप में देखते हैं।

**चिंतित है दुनिया के सेंट्रल बैंक**

उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि इस पर अंतरराष्ट्रीय समझ बननी चाहिए, क्योंकि इसका सीमापार ट्रांजेक्शन होता है। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि क्रिप्टोकरेंसी से जुड़े बड़े जोखिमों के बारे में पूरी तरह सचेत रहना चाहिए। मुझे लगता है कि इसे प्रोत्साहित नहीं किया जाना चाहिए।

# दिग्गज कंपनियों को नहीं सूझ रहा कोई प्लान, कैसे रोकें ये नुकसान

नई दिल्ली, 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। देश की टॉप 10 कंपनियों में से 9 कंपनियों के पिछले हफ्ते 2 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा डूब गए। सबसे ज्यादा नुकसान एफएमसीजी कंपनी हिंदुस्तान यूनिलीवर को हुआ। वहीं दूसरी ओर देश की सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज और टाटा कंसलटेंसी सर्विस के मार्केट कैप में गिरावट रुकने नाम नहीं ले रहा रहा है। मुकेश अंबानी की कंपनी को लगातार चौथे हफ्ते नुकसान हुआ है। जिसकी वजह से कंपनी का मार्केट कैप 18 लाख करोड़ रुपए से नीचे आ गया है। जबकि महीने की शुरुआत में ये आंकड़ा 20 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का था। सरकारी कंपनियों की बात करें तो टॉप 10 में देश का सबसे बड़ा बैंक एसबीआई के मार्केट कैप को नुकसान उठाना पड़ा। इस लिस्ट में देश की सबसे बड़ी इंश्योरेंस कंपनी एलआईसी का नाम भी है। दोनों सरकारी संस्थाओं को संयुक्त रूप में से 55 हजार करोड़ रुपए का नुकसान हो चुका है। इन 10 कंपनियों में सिर्फ एक ही ऐसा ऑर्गनाइजेशन दिखाई दिया, जिसे फायदा हो रहा है और उसका मार्केट कैप 13 लाख करोड़ रुपए के पार कर गया है। जी हां, देश का सबसे बड़ा प्राइवेट लेंडर एचडीएफसी बैंक जिसके मार्केट कैप में बीते हफ्ते करीब 47 हजाार



करोड़ रुपए का फायदा हुआ है। आइए आपको भी बताते हैं कि आखिर देश की टॉप 10 कंपनियों में से किन 9 कंपनियों को कितना नुकसान हुआ है।

**शेयर बाजार में 2 फीसदी की गिरावट**

पिछले हफ्ते शेयर बाजार में 2 फीसदी से ज्यादा की गिरावट देखने को मिली। बांबे स्टॉक एक्सचेंज का प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स में 1,626.89 अंक यानी 2.01 फीसदी की गिरावट के साथ 79,402.29 अंकों पर आ गया। जबकि शुक्रवार को सेंसेक्स में 662.87 अंकों की गिरावट देखने को मिली थी। अक्टूबर के महीने में सेंसेक्स में करीब 6 फीसदी की गिरावट देखने को मिल चुकी है। दूसरी ओर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का प्रमुख सूचकांक निफ्टी में 2.86 फीसदी यानी 711.70 अंकों की गिरावट देखने को मिल चुकी है और इंडेक्स 24,180.80 अंकों पर आ गया है। अक्टूबर के महीने में निफ्टी में 6.30 फीसदी की गिरावट देखने को मिल चुकी है।

# नोएल टाटा के बारे में क्या सोचते थे रतन टाटा, बुक में हुआ बड़ा खुलासा

नई दिल्ली, 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। लंबे समय तक टाटा संस की अगुवाई करने वाले दिवंगत कारोबारी रतन टाटा को लगता था कि उनके सौतेले भाई नोएल टाटा को उनका उत्तराधिकारी बनने के लिए और अधिक अनुभव की आवश्यकता है। हाल ही में जारी एक किताब में यह बात कही गई। नोएल टाटा को हाल में रतन टाटा की मृत्यु के बाद टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन के रूप में नियुक्त किया गया। यह ट्रस्ट अप्रत्यक्ष रूप से 165 अरब अमेरिकी डॉलर के टाटा ग्रुप को कंट्रोल करता है। आइए आपको भी बताते हैं कि आखिर इस बुक में नोएल टाटा को लेकर रतन टाटा की क्या सोच बताई गई है?

**2011 में शुरू हुई थी तलाश**

मार्च, 2011 में जब रतन टाटा के उत्तराधिकारी की तलाश के लिए कई उम्मीदवारों का इंटरव्यू लिया गया, तो उसमें नोएल टाटा भी शामिल थे। रतन टाटा ने उत्तराधिकारी को खोजने के लिए बनी चयन समिति से दूर रहने का फैसला किया था। रतन टाटा की जीवनी – रतन टाटा ए लाइफ के अनुसार, बाद में उन्हें इस फैसले पर पछतावा हुआ।

इस किताब को थॉमस मैथ्यू ने लिखा है और हार्पर कॉलिन्स पब्लिशर्स ने प्रकाशित किया है। किताब में कहा गया कि रतन टाटा चयन समिति से इसलिए दूर रहे, क्योंकि टाटा ग्रुप के भीतर से कई उम्मीदवार थे, और वह उन्हें यह भरोसा देना चाहते थे कि एक सामूहिक निकाय सर्वसम्मति से निर्णय के आधार पर उनमें से किसी एक की सिफारिश करेगा। चयन समिति से दूर रहने का दूसरा कारण व्यक्तिगत था, क्योंकि यह व्यापक रूप से माना जाता था कि उनके सौतेले भाई नोएल टाटा उनके उत्तराधिकारी के लिए स्वाभाविक उम्मीदवार थे।कंपनी में पारसियों और समुदाय के परंपरावादियों की ओर से दबाव के बीच नोएल टाटा को अपना माना जाता था। किताब के अनुसार, हालांकि रतन टाटा के लिए केवल व्यक्ति की प्रतिभा और मूल्य ही मायने रखते थे। लेखक के मुताबिक, रतन टाटा नहीं चाहते थे कि नोएल को न चुने जाने की स्थिति में उन्हें उनके विरोधी के रूप में देखा जाए।

# एलन मस्क सच्चे देशभक्त, विवादों में फंसे टेस्ला मालिक के पक्ष में खड़े हुए जोहो सीईओ श्रीधर वेम्बू

नई दिल्ली, 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। टेस्ला और स्पेसएक्स जैसी दिग्गज कंपनियों के मालिक एलन मस्क इन दिनों विवादों में फंसे हुए हैं। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रम्प का समर्थन किया है। यह बात कुछ विपक्षियों को इतनी नागवार गुजरी है कि वो एलन मस्क की गिरफ्तारी तक की डिमांड करने लगे हैं। साथ ही एलन मस्क पर वह आरोप लगा रहे हैं कि उनके रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से संबंध हैं। ऐसे कठिन समय में जोहो कॉर्पोरेशन के सीईओ श्रीधर वेम्बू एलन मस्क के साथ खड़े हो गए हैं। श्रीधर वेम्बू ने उन्हें सच्चा अमेरिकी देशभक्त बताया है। श्रीधर वेम्बू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि एलन मस्क ने अमेरिका को आगे ले जाने के लिए बहुत कुछ किया है। हम सभी ने टेस्ला की सफलता पूरी दुनिया में देखी है। इसके अलावा वह अंतरिक्ष के क्षेत्र में भी अमेरिका को आगे ले जाने के लिए कमाल के काम कर रहे हैं। एलन मस्क एक देशभक्त अमेरिकी हैं। उन्होंने अमेरिका में मैन्युफैक्चरिंग को भी बढ़ावा दिया है। श्रीधर वेम्बू ने आगे लिखते हुए कहा कि उन्हें रूस से मिला हुआ बताया जा रहा है। साथ ही उनकी गिरफ्तारी की मांग भी की जा रही है। इससे साफ समझ आ रहा है कि अमेरिका में लेफ्ट सोच वाले कितने असहिष्णु हो चुके हैं। उन्होंने एलन मस्क को टैग करते हुए लिखा कि आप संघर्ष जारी रखिए।दरअसल अमेरिकी लेखक कीथ ओल्बरमन ने अपनी पोस्ट में दुनिया के सबसे रईस इंसान एलन मस्क को गिरफ्तार करने की डिमांड की थी।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**




श्री कालयुक्त संवत्सर-विक्रम संवत-2081
शक संवत- 1946 सूर्य -दक्षिणायन- ऋतु -हेमन्त
महावीर निर्वाण संवत -2550, हिजरी सन् -1444
कलियुग अवधि-432000
भोग्य कलि वर्ष-426875
सूर्योदय - 06-16
सूर्यास्त. -17-42
कलियुग संवत् -5125 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949125
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885125

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य- | तुला मे | तुला-- | 05-30 बजे |
| चंद्र- | सिंह मे | वृश्चिक- | 07-40 बजे |
| मंगल | कर्क मे | धनु---- | 09-53 बजे |
| बुध- | तुला मे | मकर... | 12-00 बजे |
| गुरु- | वृष मे | कुंभ- | 13-50 बजे |
| शुक्र- | वृश्चिक मे | मीन- | 15-28 बजे |
| शनि- | कुंभ मे | मेष--- | 17-04 बजे |
| राहु- | मीन मे | वृष--- | 18-49 बजे |
| केतु- | कन्या मे | मिथुन | 20-50 बजे |
| | | कर्क-- | 23-01 बजे |
| | | सिंह--- | 01-14 बजे |
| | | कन्या-- | 03-21 बजे |

दिशाशूल -- पूर्व - कांच मे मुंह देखकर घर से निकले
तिथि- एकादशी 07-50 तक उपरान्त द्वादशी
मास - कार्तिक कृष्ण, सोमवार 28 October
नक्षत्र - पूर्वाफाल्गुनी 15-23 तक उपरान्त उ.फाल्गुनी
योग - ब्रह्म 06-46 तक उप ऐन्द्र
करण- बालव 07-50 तक उप कौलव
विशेष:- रमा एकादशी व्रत सर्वे
व्रत -त्योहार - गौ वत्स द्वादशी

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश क लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 07:41 से 09:07 तक**

पं महेशचन्द्र शर्मा मो.9247132654,8309517693

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 06:16 - 07:41 | शुभ | चंचल | 17:42 - 19:19 | शुभ |
| काल. | 07:41 - 09:07 | अशुभ | रोग | 19:19 - 20:53 | अशुभ |
| शुभ | 09:07 - 10:33 | शुभ | काल | 20:53 - 22:26 | अशुभ |
| रोग | 10:33 - 11:59 | अशुभ | लाभ | 22:26 - 23:59 | शुभ |
| उत्पात | 11:59 - 13:26 | अशुभ | उत्पात | 23:59 - 01:34 | अशुभ |
| चंचल. | 13:26 - 14:52 | शुभ | शुभ. | 01:34 - 03:07 | शुभ |
| लाभ | 14:52 - 16:19 | शुभ | अमृत | 03:07 - 04:41 | शुभ |
| अमृत | 16:19 - 17:42 | शुभ | चंचल | 04:41 - 06:16 | शुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** चू,चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ,
यह आप के लिए एक महान दिन है! आप दूसरों को अपने विचारों और अवधारणाओं को पेश करने के लिए इस अवसर का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। हो सकता है की आपकी मासूमियत और ईमानदारी, व्यंग्य और आक्रामकता के रूप में लोगो को लगे क्यों की लोग आप से ज्यादा परिचित नहीं हैं। इसलिए सावधान रहे क्यों की हो सकता है, स्थितिया उस अनुपात में आपका साथ न दे।

**वृष** ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,
कुछ दिनों से आपके कार्य क्षेत्र में चीज़े आपके अनुसार नहीं चल रही थी परन्तु अब कुछ सुधार आने की उम्मीद है। आपको ये याद रखना होगा की कार्य क्षेत्र के मित्रो के साथ मैत्रीपूर्ण व्ययहार रखने से आप शांति से काम में सामंजस्य स्थापित कर सकते हैं। अगर आप थोड़ी सी नरमी दिखाए तो कार्य क्षेत्र के मित्रो के साथ आप शांत माहौल का मजा ले सकते है।

**मिथुन** का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह,
आज के दिन आपको अपने सहकर्मियों के साथ सतर्कता बरतनी जरुरी है। कुछ तर्क वितर्क और विवाद के कारण आपके दफ्तर का माहौल ख़राब हो सकता है इसलिए बेफाल्तू के वाद विवाद से अपने को बचाकर रखे। आज के दिन कुछ क्षेत्रों में उच्च अधिकारीयों से आपके विचार अलग हो सकते है हालाँकि धातु या कृषि उत्पाद में निवेश आप के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है।

**कर्क** ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो,
जो लोग विलासिता के सामान के व्यवसायों में शामिल हैं, वे लोग आज बहुत लाभ में रहेंगे और साथ ही साथ जो लोग स्वरोजगार में हैं, वे भी अपनी दरों में बढ़ोतरी कर सकते हैं और साथ ही साथ मन वांछित राशि की प्राप्ति कर सकते हैं। उन लोगों पर ध्यान न दें जो लोग आपकी सराहना करने में विफल रहते हैं।

**सिंह** मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे,
आप इस समय परिस्थितियों के गहन अर्थ को समझने की कोशिश में रहेंगे! आप हाल ही में अपने पुरे किये गए कार्यो की समीक्षा करेंगे और अपने काम को और बेहतर बनाने के तरीके पर गौर करेंगे। हालांकि वित्तीय प्रबंधन आपके लिए मुश्किल साबित हो सकता है। आपके लिए धन संचित करना मुश्किल होगा!

**कन्या** टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
आज आप एक चिंतनशील अवस्था में रहेंगे। आज आपके उस काम में उत्कृष्टता प्राप्त करने की संभावना है जिसमे गहरी सोच और चिंतन शामिल हो। आज शिक्षक, प्रचारकों, वकील, विवादकर्ताओं और राजनेताओं के अपने अपने कार्य क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करने की संभावना है।

**तुला** रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते,
आज आप जो भी कार्य करेंगे, सफलता आपके कदम चूमेगी। अगर आप एक प्रतियोगी परीक्षा में बैठे थे तो आज आपको सकारात्मक परिणाम मिलेगा। आज का दिन पदोन्नति या अधिक जिम्मेदारी लेने के बारे में अपने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विचार विमर्श आरंभ करने के लिए उपयुक्त है।

**वृश्चिक** तो, ना, नी, ने, नू, नो, या, यी, यू,
आपकी वित्तीय जरुरतो पर अनसोची व अप्रत्याशित मांगों की वजह से दिन परेशानी में रह सकता हैं। आपने अपने सभी बकाया राशि का भुगतान कर दिया है यह सुनिश्चित करने के लिए अपने सभी बिलों और अन्य दायित्वों की जाँच करें। अनदेखी में निकट भविष्य में वह राशि बड़ी मात्रा में आपको परेशान कर सकती है।

**धनु** ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे
आज का दिन काम और कार्य क्षेत्र के हिसाब से काफी हद तक शांत रहेगा। आज का दिन घटनाओं रहित रहेगा जिससे की आपको अपने व्यस्त कार्यक्रम में से थोड़ी राहत मिलेगी जिसके तलाश आपको काफी समय से थी। इस समय की आप सराहना करे और इसे मनोरंजन में बिताये और उन खुशनुमा पलो को भी याद करे जो अपने अपने कार्य क्षेत्र में महसूस किये है।

**मकर** भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी
आज आपको नयी नौकरी का प्रस्ताव मिल सकता है जो की आपके क्षेत्र से अलग होगा। आपको दोनों क्षेत्रो को आपस में तोलना होगा ताकि आप सही करियर का निर्णय ले सके, हालाँकि ये आपके लिए काफी चुनौतीपूर्ण होगा पर आप पूरी तरह से अपना कार्य क्षेत्र को न बदले। आप अपने परिवार या अपनी जीवन संगिनी का मत भी ले सकते है.।

**कुंभ** गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,
आज आपको एक अप्रत्याशित स्रोत से, धन लाभ होने की संभावना है। सट्टा उद्यम, शेयर बाजार में और छोटी अवधि के निवेश में सफलता मिलने की पूरी संभावना है। आपका वित्तीय भाग्य उच्च चल रहा है। बस आप अपने आवेग पर लगाम लगाने की कोशिश करे और आप अपनी वित्तीय सुरक्षा का आनंद भी ले पाएंगे। आज आप कुछ धन दान भी दे सकते हैं।

**मीन** दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची
अगर आपने हाल ही में कोई परीक्षा दी है, तो आपको सकारात्मक परिणाम प्राप्त हो सकता है। आपको कड़ी मेहनत और समर्पण का फल मिलेगा। आप आज वित्तीय योजना के बारे मैं जानेंगे। निवेश करने से पहले, सही योजना पर अपने मित्रों और सहयोगियों से सलाह ले। प्रस्ताव आपके लिए अच्छा साबित हो सकता है।

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र

# हटिया के चुनावी रण में उतरीं ट्रांसजेंडर नगमा रानी

## भाजपा और कांग्रेस उम्मीदवारों को देंगी टक्कर



रांची, 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। झारखंड के हटिया विधानसभा क्षेत्र के चुनावी रण में ट्रांसजेंडर उम्मीदवार नगमा रानी ने निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर कदम रखा है। जहां वो भाजपा प्रत्याशी नवीन जायसवाल और कांग्रेस प्रत्याशी अजय नाथ शाहदेव को टक्कर देती नजर आएंगी। जानकारी के मुताबिक, नगमा रानी ने उच्च शिक्षा एवं रोजगार के लिए युवाओं के संघर्ष और गरीबों की निराशाजनक स्थिति को देखते हुए राजनीति की दुनिया में कदम रखने का फैसला लिया और 23 अक्तूबर को एक निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

**'युवाओं को नौकरी के लिए संघर्ष करते देखकर दुख होता है'**

वहीं इस मामले में नगमा रानी ने कहा, हम सड़कों पर समय गुजारते हैं और घरों का दौरा करते हैं। मुझे गरीब और असहाय युवाओं को उच्च शिक्षा और नौकरियों के लिए संघर्ष करते देखकर दुख होता है। निर्वाचन क्षेत्र में बुनियादी ढांचे या स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए कोई महत्वपूर्ण काम नहीं किया गया है। इन्हीं चीजों ने मुझे राजनीति की दुनिया में कदम रखने और बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया।

**पहले बिहार पुलिस में शामिल होना चाहती थीं नगमा**

मूल रूप से बिहार की रहने वाली नगमा रानी रांची में पली-बढ़ीं। उन्होंने कहा, ट्रांसजेंडर होने के कारण मेरे माता-पिता ने बचपन में ही मुझे त्याग दिया था। इसके बाद मेरी गुरु संगीता नाग किन्नर ने रांची में मेरा पालन-पोषण किया। बिहार के मगध विश्वविद्यालय से इतिहास में स्नातक नगमा बिहार पुलिस में शामिल होना चाहती थीं। उन्होंने बताया, मैंने कांस्टेबल पद के लिए आवेदन किया था, लेकिन मेरी उम्र के कारण इसे खारिज कर दिया गया। उस समय, फॉर्म में ट्रांसजेंडर उम्मीदवारों के लिए अलग श्रेणी नहीं थी।

**'जीतने पर अपने क्षेत्र के लोगों के लिए करूंगी काम'**

नगमा ने कहा, मुझे पढ़ना-लिखना पसंद था, लेकिन सामाजिक बाधाओं के कारण मैं नियमित कक्षाओं में शामिल नहीं हो पाई। मैंने 12वीं कक्षा तक की पढ़ाई दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रम के माध्यम से पूरी की। नगमा पिछले कई वर्षों से समाज सेवा कर रही हैं और वह अपनी आय का एक बड़ा हिस्सा लोगों की मदद के लिए दान करती हैं। उन्होंने कहा, अगर मैं जीतती हूं, तो मैं न केवल निर्वाचन क्षेत्र के विकास के लिए काम करूंगी, बल्कि यह भी सुनिश्चित करूंगी कि झारखंड के योग्य छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए राज्य से बाहर न जाना पड़े। बता दें कि, हटिया विधानसभा क्षेत्र में कुल 4,46,372 मतदाता हैं, जिनमें 23 ट्रांसजेंडर शामिल हैं।

**भाजपा-कांग्रेस प्रत्याशियों के खिलाफ मुकाबला**

वहीं भाजपा और कांग्रेस के उम्मीदवारों के साथ अपनी प्रतिस्पर्धा के बारे में नगमा रानी ने कहा कि निर्वाचन क्षेत्र के लोगों ने पिछले कुछ वर्षों में दोनों राष्ट्रीय दलों का काम देखा है। उन्होंने कहा, समुदाय से भारी समर्थन और प्रोत्साहन मिलने के बाद मैंने उनके खिलाफ चुनाव लड़ने का फैसला किया। मैं अपने लिए नहीं, बल्कि क्षेत्र के लोगों के लिए चुनाव लड़ रही हूं।

# 20 गांवों के लोग नहीं देंगे वोट, कहा- चुनाव में बूथ एजेंट बनने वालों के परिवार का कर देंगे दाना-पानी बंद

गुमला, , 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। आजादी के 77 साल बाद भी सड़कें नहीं बनने से घाघरा प्रखंड के बिमरला व दीरगांव पंचायत के 20 गांवों के करीब 15 हजार ग्रामीणों में आक्रोश है. इन गांवों के लोगों ने इस बार विधानसभा चुनाव में वोट नहीं देने का निर्णय लिया है.

**ग्रामीणों ने जनसभा कर जारी किया फरमान**

दोनों पंचायत के ग्रामीणों ने जनसभा की और फरमान जारी किया है कि अगर विधानसभा चुनाव में गांव का कोई भी व्यक्ति किसी राजनीति पार्टी का बूथ एजेंट बनेगा, तो उसके परिवार का बहिष्कार करते हुए दाना पानी बंद किया जायेगा. पंचायती कर सजा भी दी जायेगी. वहीं, अगर कोई ग्रामीण भी वोट देने जायेगा तो उसे भी सजा दी जायेगी.

**हर बार सांसद-विधायक देते हैं आश्वासन, नहीं होता काम**

ग्रामीणों ने कहा कि हर चुनाव में बिमरला व दीरगांव पंचायत की



सड़कें बनाने की मांग की जाती है. परंतु, हर समय विधायक व सांसद वादा करते हैं. परंतु, सड़कें नहीं बनतीं. लोकसभा चुनाव में भी प्रशासन ने आश्वासन दिया था. पर सड़कें अब तक नहीं बनी. इसलिए इस बार के झारखंड विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करने व वोट नहीं डालने का निर्णय सभी 20 गांवों के ग्रामीणों ने लिया है.

**ग्रामीण बोले- संकट में जी रहे हैं हम**

ग्रामीण बुद्धिमान खड़िया ने कहा है कि हमलोग यहां संकट में जी रहे हैं. सड़कें नहीं होने से गर्भवती व बीमार लोगों को अस्पताल ले जाने में परेशानी होती है. गांव में अस्पताल भवन है. पर न डॉक्टर हैं और न नर्स. इलाज के लिए 30 किमी दूर प्रखंड मुख्यालय घाघरा जाना पड़ता है.

स्कूल की छत भी टूटकर गिर रही है. प्रशासन व नेताओं से फरियाद लगा कर लोग थक गये हैं. अब गांव के प्रवेश द्वार पर नेताओं के लिए नो इंट्री की बैरिकेडिंग लगायी जायेगी.

इन गांवों में किया गया विरोध

दीरगांव व बिमरला पंचायत में 15 हजार आबादी है. यह पूरा इलाका घनी आबादीवाला क्षेत्र है. परंतु, सड़कें नहीं होने से गांवों का विकास ठप है. दो पंचायतों में दीरगांव, सलामी, तुसगांव, हेदमी, तेंदार, केदली, सराईडीह, काड़ासिल्ली, बिमरला, जोकारी, गुटवा, बियार, बरटोली, खुखराडीह, सेमला, रूकीघाट, घाघरापाठ, इंजनी, जमगई गांव शामिल है.

# गैंगस्टर अमन साहू को लेकर बड़ा खुलासा

## रंगदारी के पैसों को बिहार के इस बिल्डर के प्रोजेक्ट में लगाया था करोड़ों रुपये

रांची, 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी (एनआइए) की जांच में बिहार के भागलपुर जिला निवासी बिल्डर सह जमीन कारोबार से जुड़े शंकर यादव और जेल में बंद गैंगस्टर अमन साहू गिरोह के बीच गठजोड़ का खुलासा हुआ है. अनुसंधान में आये नये तथ्यों के आधार पर एनआइए की ओर से यह जानकारी अदालत को भी दी गयी है.

अदालत को बताया गया है कि अमन साहू गिरोह ने रंगदारी में जो पैसे वसूले थे, उसका निवेश शंकर यादव ने आकाश साहू के साथ मिलकर तुपुदाना में एक आवासीय प्रोजेक्ट में किया था. शंकर यादव ने वर्ष 2022-23 में अपने आइटीआर में सिर्फ 44,569 रुपये होने का दावा किया था. जबकि उसके पास से 1.30 करोड़ रुपये नकद मिले थे. इसलिए इस पैसे को एनआइए ने गिरोह द्वारा रंगदारी में वसूला गया पैसा माना है.

**दोनों कंपनियों का कार्यालय एक ही स्थान पर**

नकद बरामद होने के संबंध में शंकर यादव ने बताया था कि उसे यह पैसे कुछ लोगों ने नकद दिये थे. लेकिन पूछताछ में संबंधित लोगों ने शंकर यादव को नकद देने की बात से इनकार किया है. इसके अलावा शंकर यादव ने अमन साहू के भाई आकाश साहू के नाम पर मेसर्स किरना



इंटरप्राइजेज खोला था. वहीं एक अन्य कंपनी ओम साईं कंस्ट्रक्शन खोला था. दोनों कंपनियों का कार्यालय एक ही स्थान पर है. बैंक डिटेल की जांच में दोनों कंपनियों के बीच आपस में ट्रांजेक्शन की पुष्टि हुई है.

एनआइए की ओर से न्यायालय को यह भी बताया गया कि शंकर यादव ने बिरसा मुंडा जेल से कांफ्रेंस कॉल में एक गवाह को भी धमकी दी थी. गवाह को धमकी देते हुए कहा गया था कि वह एनआइए को कुछ नहीं बताये. एनआइए ने गवाह के आवाज की रिकॉर्डिंग के सैंपल को मिलान के लिए सीएफएसएल के पास भेजा है. आकाश साहू के घर से बरामद फॉर्च्यूनर गाड़ी को शंकर यादव ने ही खरीद कर आकाश साहू को दिया था.

गाड़ी खरीदने के लिए ओरमांझी के पालू निवासी राज किशोर साहू का रेंट एग्रीमेंट शंकर यादव ने दिया. लेकिन एनआइए की पूछताछ में राज किशोर साहू ने शंकर यादव के साथ किसी प्रकार का रेंट एग्रीमेंट होने की बात से इंकार किया है.

**मोबाइल की जांच में भी हुआ खुलासा**

उल्लेखनीय है कि अदालत में याचिका दायर कर शंकर यादव ने खुद को निर्दोष बताया था. सीएसएफएल दिल्ली से कराये गये मोबाइल की जांच में भी हुआ खुलासा एनआइए की ओर से न्यायालय को बताया गया है कि शंकर यादव के पास से बरामद मोबाइल को सीएसएफएल दिल्ली के पास जांच के लिए भेजा गया था. जांच के दौरान पाया गया कि शंकर यादव और गैंगस्टर अमन साहू के भाई आकाश साहू के बीच मोबाइल पर चैट होता था. शंकर यादव के मोबाइल में 15 वर्चुअल नंबर स्टोर मिले हैं. इसमें चार वर्चुअल नंबर जय महाकाल और श्री महाकाल के नाम से थे. इन दोनों वर्चुअल नंबर का प्रयोग अमन साहू और उसके गिरोह के मयंक सिंह द्वारा किया जाता था.

# बंगाल की नम हवाओं से बदला छत्तीसगढ़ का मौसम

रायपुर27 अक्टूबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में बंगाल की खाड़ी से नमीयुक्त हवाओं का आगमन लगातार जारी है। बंगाल की खाड़ी से आ रही नम हवाओं के चलते मौसम में बदलाव देखा जा रहा है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार, इन हवाओं के प्रभाव से राज्य के विभिन्न हिस्सों में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे और रायपुर सहित प्रदेश के एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। मौसम विभाग के अनुसार, आगामी दो दिनों में प्रदेश के उत्तरी हिस्सों के जिलों, जैसे कि दंतेवाड़ा, कांकेर, और कोरबा में हल्की बारिश की संभावना है। इसके अलावा, रायपुर, बिलासपुर, और जगदलपुर जैसे क्षेत्रों में भी मौसम आंशिक रूप से मेघमय रहने की उम्मीद है।

विशेषकर, राजधानी रायपुर में गरज-चमक के साथ हल्की बौछारें पड़ने की संभावना बनी हुई है। छत्तीसगढ़ के कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा रिकॉर्ड की गई। बलरामपुर जिले के सामरी क्षेत्र में सबसे अधिक 1 सेमी वर्षा हुई। इसके अलावा, राज्य के अन्य हिस्सों में भी कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी देखने को मिली। मौसम रिकॉर्ड के अनुसार, प्रदेश का अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस राजनांदगांव में और न्यूनतम तापमान 17.4 डिग्री सेल्सियस पेंड्रा रोड में दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने बताया कि बंगाल की खाड़ी से आ रही नम हवाओं के चलते प्रदेश में मौसमी गतिविधियों में वृद्धि हुई है। हालांकि, मौसम विज्ञानियों का कहना है कि अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई विशेष बदलाव की संभावना नहीं है, लेकिन न्यूनतम तापमान में मामूली गिरावट संभव है।

# 50 लाख दे दो, झारखंड में आयकर छापे के बाद व्यापारियों के फोन से मिल रहे हवाला कारोबार के सबूत

रांची, 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। आयकर विभाग के छापे के दायरे में शामिल व्यापारियों के मोबाइल फोन और दूसरे डिजिटल डिवाइस से हवाला कारोबार से संबंधित सबूत मिल रहे हैं. हैदराबाद और कोलकाता से आयी विशेषज्ञों की टीम चिरानिया,भालोटिया और बर्णवाल ग्रुप से संबंधित लोगों के डिजिटल डिवाइस से डिलिट किये जा चुके आंकड़ों को निकालने में जुटी है. विशेषज्ञों द्वारा निकाले गये डेटा में करोड़ों रुपये के लेन-देन का ब्योरा दर्ज है. जैसे रमेश को 50 लाख दे दो. प्रकाश को 10 लाख दे दो. अधिकारियों का दल अब ऐसे लोगों की पहचान करने की कोशिश कर रहा है जिन्हें हवाला के सहारे पैसे दिये गये है. छापेमारी के दौरान मिली नकदी और जेवरात मामले में प्रारंभिक जांच जारी है.

छापे में अघोषित संपत्ति के निवेश से संबंधित दस्तावेज मिले

जांच पूरी होने के बाद छूट आदि




के नियमों का पालन करते हुए बाकी वस्तुओं को जब्त किया जायेगा. आयकर विभाग की छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में अघोषित संपत्ति के निवेश से संबंधित दस्तावेज मिले हैं. इसमें निहित राशि का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है.

चुनाव के दौरान हवाला के सहारे नोटों के लेन-देन के मामले में 25 अक्तूबर को शुरू हुई छापेमारी दूसरे दिन भी जारी रही. छापेमारी के दौरान अब तक मिले दस्तावेज के आधार पर संबंधित व्यापारियों द्वारा 20 से अधिक कागजी कंपनी बनाने और उसके सहारे लेन-देन करने से संबंधित सबूत मिले हैं.

हवाला कारोबार पर केंद्रित है इनकम टैक्स अफसरों की जांच

व्यापारियों के डिजिटल डिवाइस से मिले चैट, हवाला कारोबार में इस्तेमाल किये जानेवाले कोड वर्ड और कटे हुए नोटों की तस्वीरें मिली हैं. हवाला कारोबार में लेन-देन के लिए एक-दूसरे की पहचान इन्ही नोटों के सहारे की जाती है. आयकर अधिकारियों का लक्ष्य फिलहाल हवाला कारोबार पर केंद्रित है.

सितंबर 2024 में गया रेलवे स्टेशन पर पुलिस ने 28 लाख रुपये जब्त किये थे. इसके बाद होटल से 25 लाख रुपये जब्त किये गये. इन रुपयों के स्रोतों की जांच के दौरान झारखंड के व्यापारियों के हवाला कारोबार में शामिल होन का पता चला. रुपयों के साथ पकड़े गये लोगों ने अपने बयान में रुपयों का संबंध हवाला कारोबार से होने की बात स्वीकार की थी.

गया स्टेशन पर पकड़े गये व्यक्ति ने यह स्वीकार किया था कि पैसा रांची के व्यापारी रिषू चिरानिया का है. रिषू चिरानानिया का मुख्य कारोबार चावल मिल से संबंधित है. इसके अलावा भी दूसरी व्यापारिक गतिविधियों में शामिल है. डिलिवरी ब्यॉय के मोबाइल से कटे नोट की तस्वीर और नंबर मिले. उनसे जांच के दौरान दिये गये अपने बयान में यह स्वीकार किया कि इस नोट का आधा हिस्सा जो व्यक्ति लेकर आता उसे ही पैसा देना था.

# एसी फटने से एक कारोबारी और महिला कर्मचारी की मौत

## बीजेपी नेता का भाई था मृतक





रायपुर, 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में एसी फटने से कारोबारी और बीजेपी नेता के भाई समेत दो की मौत हो गई। घटना देवेंद्र नगर सेक्टर-1 के रेजिडेंशियल-कमर्शियल कॉम्प्लेक्स की है। अचानक एसी के फटने से बड़ा धमाका हुआ। आसपास में मौजूद लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम को दी। इस पर फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची और आग पर काबू पाया। पुलिस ने दोनों को रेस्क्यू कर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर्स ने दोनों को मृत बताया।

मिली जानकारी के अनुसार, जब धमाका हुई तब ऑफिस में दोनों मौजूद थे। उन्हें बचाने के लिए आसपास के लोगों ने कोशिश की, लेकिन दरवाजा ऑटोमेटिक सिस्टम से लॉक होने की वजह से दरवाजा नहीं खुल पाया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने किसी तरह दरवाजा खोला। ऑफिस के अंदर पहुंचने पर पूरा ऑफिस धुआं से भरा हुआ था।

पुलिस ने बताया कि ऑफिस के अंदर आरिफ मंजूर और उनकी महिला कर्मचारी मशरत खान बेहोशी के हालत में थे। मौके पर दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया। जांच के बाद डॉक्टर्स ने मृत घोषित कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार, दोनों के शरीर पर जलने के निशान थे। ऑफिस में भरे धुएं की वजह से दोनों की दम घुटने से मौत हो गई।

राजतालाब कालीनगर निवासी मृतक कारोबारी आरिफ मंजूर खान इवेंट मैनेजमेंट का काम करते था। मृतक के बड़े भाई मखमूर खान छत्तीसगढ़ भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश महामंत्री हैं।

## फ्री फायर गेम के चक्कर में जहर खाने से छात्र की मौत

रायगढ़, 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। सक्ती जिला के जैजैपुर थाना क्षेत्र के ग्राम नंदेली निवासी भीष्म सिदार पिता नवरात्न सिदार (15) कक्षा 9वीं की छात्र था। उसे मोबाइल पर फ्री-फायर गेम खेलने का लत था। उसके मोबाइल में मसगुल हो जाने से परिजन परेशान रहते थे। परिजनों द्वारा मना करने पर नहीं मानता था। 13 अक्टूबर की सुबह करीब छह बजे उसने कीटनाशक का सेवन कर लिया। इससे उसकी सेहत बिगड़ गई। मोबाइल में फ्री फायर गेम खेलने को लेकर छात्र तनाव में रहने लगा। इसी तनावपूर्ण हालात में उसने जहर का सेवन कर लिया। गंभीर स्थिति में उसे अस्पताल दाखिल कराया गया जहां 13 दिन चले उपचार के बाद उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले को विवेचना में लिया है। परिजनों ने उसे डभरा एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। यहां सप्ताह भर उपचार के बाद भी उसकी तबीयत में सुधार नहीं हुआ। इस पर डाक्टरों ने 19 अक्टूबर को रायगढ़ रेफर कर दिया। यहां बालाजी मेट्रो अस्पताल में भर्ती कर उपचार किया जा रहा था। 13 दिन उपचार चलने के बाद उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर चक्रधरनगर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। मर्ग डायरी संबंधित थाना भेजी गई है।

# मनचले का कारनामा: लड़की की स्कूटी में लगाया जीपीएस ट्रैकर, फिर करता था उसका पीछा

रायपुर27 अक्टूबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में तकनीक के दुरुपयोग के चौंकाने वाले मामले सामने आ रहे हैं। रायपुर के डीडीनगर की एक छात्रा का पीछा करने के लिए उसी की क्लास के छात्र ने उसकी मोपेड में जीपीएस ट्रैकर लगा दिया। छात्रा जहां भी जाती वह उसका लोकेशन ट्रैक कर पहुंच जाता।

छात्रा भी हैरान थी कि उसे कैसे पता चल जाता है कि वह कहां जा रही है? जब वह अपना मोपेड बनवाने मैकेनिक के पास गई तो उसमें लगाए गए जीपीएस का पता चला। मैकेनिक ने जांच करने के लिए मोपेड के पार्ट्स खोले उसमें जीपीएस ट्रैकर लगा था। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार किया। उस पर छेड़छाड़ और आईटी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

इस तरह के ट्रैकर ऑनलाइन और शहर के बाजार में आसानी मिल रहे हैं। इनकी कीमत भी महज 850 रुपये से पांच हजार रुपये तक है। ऐसा कई लोगों के साथ हो चुका है। लोगों की निगरानी के लिए जीपीएस और ट्रैकर बेहद आसानी से मिल रहे हैं।

यह एक छोटा सा इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस होता है। उसे किसी भी गाड़ी में लगाकर मोबाइल में उसका सॉफ्टवेयर या एप डाउनलोड करना होता। उससे गाड़ी जहां भी जाती है, मैप पर दिखाई देने लगता है।

कोतवाली इलाके में रहने वाली एक महिला ने अपने पति को ट्रैक करने उनकी गाड़ी में जीपीएस लगा दिया। पति बिना बताए कभी कोरबा, रायगढ़ या जांजगीर चले जाते थे। पत्नी ट्रैकर से देखकर उन्हें फोन करती थी। कई दिनों तक हैरान रहने के बाद पति ने इसकी पुलिस में शिकायत की थी।

रायपुर के एक युवक ने अपनी प्रेमिका को ट्रैक करने के लिए उसके मोपेड में जीपीएस लगाया था। लड़की को इसकी जानकारी नहीं थी। अगर वह युवक को बिना बताए कहीं भी जाती थी, तो युवक फोन करता था। वह खुद भी वहां पहुंच जाता था।

सिविल लाइन थाने में युवती ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि उसकी लोकेशनल आसानी से पता चल जा रही है। पुलिस ने जब मोबाइल की जांच की तो पता चला की डिवाइस लगा दी गई है। जिसके बाद पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज करवाई। छेड़छाड़ और आइटी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# छत्तीसगढ़ शराब घोटाला: डुप्लीकेट होलोग्राम नोएडा से रायपुर भेजने वाला प्रिज्म कंपनी का अकाउंटेंट गिरफ्तार

रायपुर, 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में शराब घोटाला मामले में आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो डुप्लीकेट होलोग्राम नोएडा से रायपुर भेजने वाले सुनील दत्त को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी प्रिज्म होलोग्राफी सिक्योरिटी फिल्म्स प्रालिमि के अकाउंटेंट है। कोर्ट में पेश कर 28 तक आरोपी को रिमांड में लिया गया है।

एसीबी से प्राप्त जानकारी के अनुसार उसके द्वारा वर्ष 2019 से 2022 के बीच प्रिज्म कंपनी के नोएडा स्थित मुख्यालय में डुप्लीकेट होलोग्राम का लेखा-जोखा रखा जाता था। असली होलोग्राम के साथ गलत तरीके से डुप्लीकेट होलोग्राम का परिवहन नोएडा से रायपुर करवाया जाता था।

पूर्व में जब्त परिवहन में उपयोग में आने वाले इंवाईस, जिसमें डुप्लीकेट होलोग्राम की संख्या एवं अन्य विवरण होते थे। उस पर सुनील दत्त के हस्ताक्षर भी होते थे। सिंडिकेट के मुख्य आरोपित पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा, अनवर ढेबर, अरुणपति त्रिपाठी के संलिप्तता में प्रिज्म होलोग्राफी के मालिक विधु गुप्ता द्वारा फर्जी होलोग्राम छत्तीसगढ़ स्थित डिस्टलरियों को उपलब्ध कराए गए थे।

चार माह पहले छत्तीसगढ़ के स्टेट हेड की हुई थी गिरफ्तारी

चार महीने पहले डुप्लीकेट होलोग्राम सप्लाई करने वाले प्रिज्म होलोग्राफी कंपनी के स्टेट हेड दिलीप पांडेय को गिरफ्तार किया था। पूछताछ के दौरान जानकारी मिली कि नवा रायपुर के जीएसटी भवन आफिस के भूतल-कक्ष में होलोग्राम प्रिंटिंग होते थे।

जांच के बाद आरोपी सुनील दत्त का नाम सामने आया था। जिसे गिरफ्तार किया गया। वहीं अनवर ढेबर के धनेली स्थित खेत में जेसीबी से खुदावाई गई थी। इस दौरान बड़ी मात्रा में नकली होलोग्राम के कई रोल जब्त किए थे। सभी अधजली हालत में थे। जांच शुरू होने के बाद साक्ष्य छिपाने के लिए जलाकर जमीन में गाड़ दिया गया था।

**कोयला और चावल घोटाले के आरोपियों के नार्को टेस्ट की याचिका खारिज**

कोयला घोटाला मामले में सूर्यकांत तिवारी सहित चार आरोपियों की नार्को टेस्ट की याचिका एसीबी की विशेष न्यायालय ने खारिज कर दी है। ईओडब्ल्यू ने कोर्ट में आवेदन लगाया था कि सूर्यकांत सहित घोटाले में शामिल अन्य आरोपियों द्वारा सच छिपाया जा रहा है।

सच जानने के लिए आरोपियों का नार्को टेस्ट कराने कोर्ट में आवेदन पेश किया था। इससे पूर्व आरोपियों की ओर से कोर्ट में आवेदन देकर नार्को टेस्ट देने से इन्कार किया गया था। ईओडब्ल्यू ने सूर्यकांत के भाई रजनीकांत तिवारी, सहयोगी निखिल चंद्राकर और कस्टम मीलिंग (चावल) घोटाले के आरोपित रोशन चंद्राकर का नार्को टेस्ट करने आवेदन लगाया था।

# इंडियन नेवी बहुत बड़ी, इसकी जरूरत नहीं

## भारत की परमाणु पनडुब्बी देख टेंशन में पाकिस्तानी अफसर



इस्लामाबाद, 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत ने पिछले सप्ताह चुपचाप अपनी चौथी परमाणु चालित बैलिस्टिक मिसाइल (एसएसबीएन) पनडुब्बी समुद्र में लॉन्च की थी। इसे भारतीय नौसेना की ताकत को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है। 16 अक्तूबर को लॉन्च की गई एसएसबीएन का कोड नाम एस4* है और यह परमाणु युक्त मिसाइलों को लॉन्च कर सकती है। यह परमाणु बैलिस्टिक मिसाइल ले जाने में सक्षम है, जिसकी रेंज 3500 किलोमीटर है। भारत की इस नई ताकत पर पाकिस्तान नेवी के सेवानिवृत्त कोमोडोर ने प्रतिक्रिया दी है। इसके साथ ही उन्होंने पाकिस्तान नेवी की योजना का भी खुलासा किया है। पाकिस्तान के पूर्व कोमोडोर साजिद शहजाद ने भारत की परमाणु चालित पनडुब्बी की ताकत को स्वीकार किया है लेकिन साथ ही कहा है कि पाकिस्तान नेवी की ऐसी कोई योजना नहीं है। पाकिस्तानी पूर्व सैन्य अधिकारी ने सुनो डिजिटल यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए ये बात कही है। पाकिस्तान के पास न्यूक्लियर सबमरीन के सवाल पर शहजाद ने कहा, पाकिस्तान की अपनी परमाणु चालित पनडुब्बी बनाने की योजना नहीं है।

**परमाणु पनडुब्बी को बताया गैरजरूरी**

भारत की न्यूक्लियर सबमरीन पर पाकिस्तानी पूर्व नेवी अधिकारी ने कहा, 'मेरे ख्याल में इसकी जरूरत नहीं है। अगर आपके पास पारंपरिक पनडुब्बी है जो मिसाइल और टारपीडो फायर कर सकती है, फिर न्यूक्लियर सबमरीन रखने की क्या जरूरत है?' दोनों सबमरीन अंतर बताते हुए उन्होंने कहा कि 'न्यूक्लियर सबमरीन कई महीने पानी के अंदर रह सकती है, जबकि पारंपरिक पनडुब्बी को हर 12-14 घंटे के बाद ऊपर आना होता है।'

**'समंदर को छोड़ दे इंडिया'**

साजिद शहजाद ने कहा कि मैं हमेशा कहता हूं कि जमीन पर हमने तबाही का काफी हथियार जमा कर रखा है। बड़ी जंगें लड़ ली हैं। अब समंदर को तो रहने ही दें। जहाज चलते हैं, पूरी दुनिया में ट्रेड होती है। वहां भी हम जंग लेकर जाना चाहते हैं। वहां भी हम हथियारों की रेस में शामिल होना चाहते हैं, एक दूसरे से लड़ना चाहते हैं। इसको जमीन तक ही रहने दें।

**भारत की नेवी पांच गुना बड़ी**

पाकिस्तानी पूर्व सैन्य अधिकारी ने कहा कि अगर तुलना करें तो इंडियन नेवी पाकिस्तान की नौसेना से पांच गुना बड़ी है। लेकिन इतनी बड़ी नौसेना रखने की भारत को जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत अपने आपको दुनिया में महाशक्ति साबित करना चाह रहा है, इसलिए सेना के आधुनिकीकरण पर अंधाधुंध पैसा खर्च कर रहा है। वे लगातार अपनी नेवी को बढ़ा रहे हैं और इतनी ज्यादा बढ़ा ली है, जिसकी जरूरत ही नहीं है।

## एक दो नहीं, यहां से चोरी हो गया 22 हजार किलो पनीर, कैसे सबके सामने लगाया 3 करोड़ का चूना

लंदन, 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। दुनिया भर में एक से बढ़कर एक चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। कुछ घटनाएं चोरी के तरीके को लेकर चर्चाओं में रहती हैं तो कुछ चोरी किए गए सामान को लेकर। अब एक और चौंकाने वाली चोरी की घटना सामने आई है। एक, दो, दस, सौ नहीं बल्कि पूरे 22 हजार किलो पनीर की चोरी हुई है, वो भी सबके सामने आंखों में धूल झोंककर। चोरी की अजीब घटना लंदन में हुई है। नील्स यार्ड डेयरी से चोरों ने कुल 22टन पनीर की चोरी होने से हड़कंप मचा हुआ। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस घटना में सबसे हैरानी करने वाली बात है, चोरी का तरीका। चोरों ने ना कोई लूटपाट की और ना किसी तरह की मारपीट, आराम से पनीर लेकर फरार हो गए। चोरी की घटना के तरीके को लेकर हर कोई हैरान हैं। बताया जा रहा है कि चोर व्यापारी बनकर दुकान में पहुंचे और डीलरशिप लेने की बात कहकर पनीर निकलवाया, जैसे ही मौका मिला लेकर फरार हो गए। बताया गया कि प्रीमियम चेडर के 950 से डिब्बे चोरी हुए, जिसकी कीमत लगभग 300,000 (या 3 करोड़ रुपये से अधिक) बताई जा रही है।

# क्या ईरान - इजरायल में छिड़ने वाला है महासंग्राम

## यूएस की चेतावनी के बावजूद ईरान पीछे हटने को तैयार नहीं



वाशिंगटन, 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। इजरायल के ईरान पर हमले के बाद एक बार फिर दोनों देशों में तकरार बढ़ गई है। इजरायल ने 25 अक्टूबर को ईरान के कई सैन्य ठिकानों और मिसाइल निर्माण इकाइयों को निशाना बनाया। इसमें कई ईरानी सैन्य अधिकारियों की मौत की भी खबर है। हमले के बाद अमेरिका ने ईरान को चेतावनी दी है कि वो इजरायल से बदला लेने की न सोचे, लेकिन ईरान बदला लेने पर अड़ा हुआ है। ईरान ने कहा है कि वो अपनी सुरक्षा के लिए जरूरी कदम उठाता रहेगा। ईरान के बयान के बाद मिडिल ईस्ट में फिस से बड़ा युद्ध छिड़ने के आसार हो गए हैं। ईरान की धमकी के बाद अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड जे ऑस्टिन ने चेताते हुए कहा कि ईरान को इजरायल के हमलों का जवाब देने से बचना चाहिए, क्योंकि ये बड़ी गलती साबित होगा। अमेरिका ने कहा कि ये दोनों देशों के बीच तनाव को और बढ़ाएगा। इजरायली हवाई हमले के बाद कुछ सैटेलाइट तस्वीरें भी सामने आई हैं। एक अमेरिकी शोधकर्ता ने कहा कि हमले में ईरान की उस इमारत को निशाना बनाया गया जो उसके बंद पड़े परमाणु हथियार विकास कार्यक्रम का हिस्सा थी। दूसरे रिसर्चर ने बताया कि उन इमारतों को भी निशाना बनाया गया जहां ईरान बैलिस्टिक मिसाइलों के लिए सॉलिड फ्यूल मिलाने के लिए इस्तेमाल करता है। उन्होंने रॉयटर्स को बताया कि इजरायल ने तेहरान के पास एक विशाल सैन्य परिसर परचिन में इमारतों पर हमला किया।

# जेल में बंद इमरान खान को मिली राहत पंजाब सरकार ने लिया ये फैसला



रावलपिंडी, 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान की पंजाब सरकार ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान से मुलाकात पर लगी रोक हटा दी है। इमरान खान पिछले एक साल से रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, पंजाब सरकार ने तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के नेता समेत कई अन्य कैदियों से मुलाकात पर लगी रोक हटा दी है। उन्होंने बताया कि यह रोक 4 अक्टूबर को पीटीआई द्वारा इस्लामाबाद में इमरान की रिहाई और न्यायपालिका की स्वतंत्रता की मांग को लेकर दिए गए विरोध प्रदर्शन के बाद लगाई गई थी। इमरान ने इससे पहले कहा था कि वह जेल में अपनी पूरी जिंदगी बिताने के लिए तैयार हैं, लेकिन हक़ीक़ी आज़ादी के संघर्ष में कोई समझौता नहीं करेंगे। वहीं, सरकार के मंत्रियों का कहना है कि इमरान की रिहाई उनकी 9 मई, 2023 को हुए दंगों के लिए बिना शर्त माफी पर निर्भर है। जिसमें कथित तौर पर पीटीआई कार्यकर्ताओं ने सरकारी और सैन्य संस्थानों पर हमले किए थे। इमरान खान की मांग है कि 9 मई की घटनाओं की जांच के लिए एक न्यायिक आयोग का गठन किया जाए। इमरान ने दावा किया है कि उन्हें जेल में अमानवीय परिस्थितियों में रखा गया है। उन्होंने शिकायत की कि उन्हें सप्ताह में केवल तीन मुलाकातों की अनुमति दी जाती है, जबकि नवाज़ शरीफ को जेल में 40 लोगों से मिलने की अनुमति थी। इसी हफ्ते पाकिस्तानी अदालत ने इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी को तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में जमानत दी है। उनकी गिरफ्तारी करीब नौ महीने पहले हुई थी। इमरान खान को पिछले साल 5 अगस्त को पाकिस्तान चुनाव आयोग द्वारा दर्ज किए गए पहले तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में दोषी पाए जाने के बाद गिरफ्तार किया गया था। तब से वह विभिन्न मामलों में जेल में हैं। इससे पहले एक विशेष अदालत ने संवेदनशील सरकारी राज लीक करने के आरोप में खान को 10 साल जेल की सजा सुनाई थी। अप्रैल 2022 में अविश्वास प्रस्ताव के जरिए उन्हें सत्ता से बेदखल कर दिया गया था।

# बांग्लादेश: शेख हसीना की पार्टी की स्टूडेंट विंग को बताया गया आतंकी संगठन, सरकार की पत्रकारों को भी चेतावनी

ढाका, 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। बांग्लादेश की नई अंतरिम सरकार देश में लगातार कई बदलाव कर रही है। बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार के विशेष सहायक महफूज आलम ने गुरुवार को पत्रकारों से अवामी लीग की छात्र विंग की कोई भी खबर न छापने को कहा। महफूज ने पत्रकारों को धमकी देते हुए कहा कि यह अब एक प्रतिबंधित संगठन है और आप आतंकवादी संगठन के प्रचार में कोई भूमिका न निभाएं। पत्रकारों को चेतावनी देते हुए महफूज ने ये भी कहा कि अंतरिम सरकार मीडिया की आजादी पर किसी तरीके के हमले को बर्दाश्त नहीं करेगी और उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा अंतरिम सरकार अवामी लीग पर भी चुनावों में हिस्सा लेने से प्रतिबंध लगा सकती है। वहीं देश की दूसरी राजनीतिक पार्टियां यूनुस सरकार से जल्द आम चुनाव कराने की मांग कर रही हैं। बीएनपी के जैनुल आबेदीन फारूक ने कहा, "मैं मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस से सतर्क रहने का आग्रह करता हूं, क्योंकि अंतरिम सरकार को कमजोर करने की साजिश की जा रही है।"



**अवामी लीग के समर्थकों पर कार्रवाई**

इससे पहले भी महफूज आलम कह चुते हैं कि जिन लोगों ने पिछले तीन चुनावों में हिस्सा लिया और अवैध रूप से संसद में आए, उन्होंने लोगों को धोखा दिया है और अंतरिम सरकार जरूर उनकी राजनीतिक भागीदारी में बाधाएं डालेगी। महफूज ने प्रतिबंधों के बारे में बताते हुए कहा कि आप जल्द ही देखेंगे की ये प्रतिबंध कैसे प्रभावी होंगी, इसका एक कानूनी पहलू है और इसका एक प्रशासनिक पहलू है। चुनाव प्रक्रिया शुरू होने पर ये चीजें साफ हो जाएंगी।

**क्या अवामी लीग पर लगेगी प्रतिबंध?**

जब अंतरिम सरकार की मीडिया विभाग के प्रमुख आलम से पूछा गया कि क्या सरकार अवामी लीग पर चुनावों में हिस्सा न लेने पर प्रतिबंध लगाने जा रही है। इस बारे में उन्होंने कहा कि इस बारे में विभिन्न राजनीतिक दलों के साथ विचार-विमर्श के बाद निर्णय लिया जाएगा, सरकार एकतरफा निर्णय नहीं लेगी। बता दें, मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस के साथ बातचीत में कुछ दलों ने लीग और उसके सहयोगियों पर प्रतिबंध लगाने या कम से कम उन्हें अगले राष्ट्रीय चुनाव में भाग लेने से रोकने की मांग की थी, लेकिन अभी तक इस पर फैसला नहीं लिया गया है।

# 'ट्रंप की गलतियां क्यों हो रही नजरअंदाज'

## मिशेल ओबामा ने कमला हैरिस का किया समर्थन, पूर्व राष्ट्रपति पर उठाए सवाल

वाशिंगटन, 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव की तारीख नजदीक आते ही प्रचार अभियान तेज हो गया है। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस एक-दूसरे पर तीखे आरोप लगा रहे हैं। पेंसिलवेनिया में एक चुनावी रैली के दौरान डोनाल्ड ट्रम्प ने हैरिस पर आरोप लगाया कि अगर उन्हें राष्ट्रपति चुना गया तो वे अमेरिका को तीसरे विश्व युद्ध में धकेल देंगी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन जैसे वैश्विक नेताओं से निपटने में सक्षम नहीं होंगी। द हिल की रिपोर्ट में यह बताया गया है। ट्रम्प ने कहा, उन्हें राष्ट्रपति बनाना लाखों लोगों की जान के साथ जुआ खेलने जैसा है। वह इस काम के लिए अक्षम हैं और इसीलिए हमारे बेटे-बेटियों को किसी अनजान देश में युद्ध के लिए भेजा जाएगा। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका कभी भी तीसरे विश्व युद्ध के इतने करीब नहीं था। ट्रम्प ने यह भी दोहराया कि हमास के 7 अक्टूबर के हमले के बाद जो संघर्ष हुआ, वह उनकी अध्यक्षता में नहीं हुआ होता। वहीं दूसरी ओर, मिशिगन में कमला



हैरिस के लिए प्रचार करने पहुंची पूर्व प्रथम महिला मिशेल ओबामा ने ट्रम्प पर निशाना साधा। उन्होंने इस चुनाव में डबल स्टैंडर्ड की आलोचना करते हुए कहा, मुझे समझ नहीं आता कि यह दौड़ इतनी करीबी क्यों है? मैं रात में जागकर सोचती हूं कि आखिर हो क्या रहा है। हैरिस का समर्थन करते हुए मिशेल ने कहा कि डोनाल्ड ट्रम्प की अयोग्यता पर सवाल नहीं उठाए जा रहे हैं, जबकि कमला हैरिस से हर जगह परफेक्शन की उम्मीद की जा रही है। उन्होंने कहा, अगर मैं नाराज हूं कि कुछ लोग ट्रम्प के अस्थिर व्यवहार और मानसिक गिरावट को नजरअंदाज कर रहे हैं, तो मुझे माफ करिए। मिशेल ओबामा की ये टिप्पणी ऐसे समय आई है जब सर्वेक्षणों में हैरिस और ट्रम्प के बीच करीबी मुकाबला दिखाया गया है।

# चीन से तनाव के बीच अमेरिका ताइवान को देगा 2 अरब डॉलर का हथियार, 3 एडवांस डिफेंस सिस्टम शामिल



ताइपे, 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिका ने ताइवान को दो अरब डॉलर से अधिक के हथियार बेचने की मंजूरी दे दी है। इसमें सतह से हवा में मार करने वाली एडवांस डिफेंस सिस्टम भी शामिल है। ऐसा माना जा रहा है कि अमेरिका के इस कदम से चीन नाराज हो सकता है। चीन ताइवान पर अपना दावा करता रहा है। ताइवान के राष्ट्रपति कार्यालय ने हथियार बिक्री को मंजूरी देने के लिए वाशिंगटन को धन्यवाद दिया। द्वीप के नए राष्ट्रपति लाई चिंग-ते के नेतृत्व में ताइवान अपनी रक्षा शक्ति पर जोर दे रहा है। हाल में चीन ने उसके खिलाफ अपनी सैन्य क्षमता को बढ़ाया है।

**3 एडवांस मिसाइल सिस्टम और रडार का सौदा**

अमेरिकी विदेश मंत्रालय के जानकारों के अनुसार, हथियार बिक्री सौदे में 3 एडवांस मिसाइल प्रणाली और संबंधित उपकरण शामिल है। इसकी कीमत 1.16 अरब डॉलर तक है जबकि बांकी का 82.8 लाख डॉलर की रडार प्रणाली भी सौदे में शामिल है। ताइवान के राष्ट्रपति के प्रवक्ता करेन कुओ ने कहा, 'ताइवान की आत्मरक्षा क्षमताओं को मजबूत करना क्षेत्रीय स्थिरता बनाए रखने का आधार है। इधर चीन और ताइवान के बीच तनाव भी बढ़ता ही जा रहा है। हाल में चीन ने ताइवान को घेरते हुए सैन्य अभ्यास भी किया। उसके फाइटर जेट्स भी ताइवान क्षेत्र में अक्सर देखे जाते हैं। इस महीने के 14 अक्टूबर को भी चीन ने युद्ध अभ्यास किया। इसपर ताइवान के राष्ट्रपति ने कहा कि चीन का लक्ष्य क्षेत्रीय स्थिरता को कमजोर करना है।

**ताइवान क्रॉस-स्ट्रेट संवाद के लिए खुला है- लाई**

लाई चिंग-ते के मई में पदभार संभालने के बाद से अब तक दो बार ऐसा हुआ है। इसपर प्रतिक्रिया देते उन्होंने एक्स पर कहा, 'आज के सैन्य अभ्यास के साथ, चीन का लक्ष्य क्षेत्रीय स्थिरता और यथास्थिति को कमजोर करना है। वैश्विक अपेक्षाओं पर विफल होना है। जबकि ताइवान क्रॉस-स्ट्रेट संवाद और आदान-प्रदान के लिए खुला है। हम अपनी स्वतंत्र और लोकतांत्रिक संवैधानिक प्रणाली की रक्षा के लिए दृढ़ हैं।' दरअसल, दोनों का विवाद काफी सदियों पुराना है लेकिन 1949 में ताइवान की स्थापना हुई। हालांकि, दोनों चीन के सभी हिस्सों पर दावा करते हैं। चीन वन चाइना पॉलिसी के तहत ताइवान पर संप्रभुता का दावा करता है। वहीं, अमेरिका ताइवान को आधिकारिक रूप से मान्यता नहीं दिया है। जबकि, आर्थिक और व्यापारिक संबंध दोनों के बीच जरूर बने हुए हैं।

## इजराइली हमले में तबाह हुई ईरान की बैलिस्टिक मिसाइल फैक्ट्री रिपेयर होने में लगेंगे इतने साल

तेहरान, 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। इजराइल ने ईरान पर 26 अक्टूबर को जवाबी हमला किया। इजराइल ने इस हमले में ईरान के 10 ठिकानों को निशाना बनाया। साथ ही इजराइल ने ईरान की एक बैलिस्टिक मिसाइल फैक्ट्री को भी टारगेट किया। ईरान ने इजराइल पर 1 अक्टूबर को 180 से ज्यादा बैलिस्टिक मिसाइल दागी थीं। इसी के बाद जवाबी हमला करते हुए इजराइल ने बैलिस्टिक मिसाइल की फैक्ट्री को ही निशाना बनाया। जिस फैक्ट्री को इजराइल ने निशाना बनाया इसमें खैबर और कासेम मिसाइलों को पावर देने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले भारी ईंधन मिक्सर थे। यहीं पर सॉलिड फ्यूलको बैलिस्टिक मिसाइल तैयार करने के लिए मिक्स किया जाता था। विदेशी मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, इजराइल की एयरस्ट्राइक की वजह से ईरान की बैलिस्टिक मिसाइल की फैक्ट्री पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है और ईरान को इस फैक्ट्री को दोबारा रिपेयर करने में पूरे 2 साल का समय लगेगा। हालांकि, इस मीडिया में इस बात की जानकारी नहीं दी गई है कि यह फैक्ट्री कहां पर मौजूद है। इजराइल के इस अटैक के बाद ईरान की सेना ने कहा कि राजधानी तेहरान और बाकी प्रांतों पर इजराइली हमलों में सिर्फ रडार सिस्टम क्षतिग्रस्त हुए हैं।

# फिलीपींस में तूफान का कहर, बाढ़ और भूस्खलन से तबाही, अब तक 130 मौतें, कई लापता

फिलीपींस, 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। फिलीपींस में ट्रामी तूफान ने तबाही मचा दी है। यह तूफान इस साल दक्षिण-पूर्व एशिया के द्वीपसमूह में सबसे घातक और विनाशकारी तूफानों में से एक है। अभी तक इस तूफान से आई बाढ़ और भूस्खलन के कारण मरने और लापता लोगों की संख्या 130 तक पहुंच गई है। फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस ने कहा कि इस तबाही में फंसे लोगों को जल्द से जल्द सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। शुक्रवार को ट्रामी तूफान के कारण आई भीषण बाढ़ और भूस्खलन से मरने और लापता लोगों की संख्या 41 थी। लापता लोगों के लिए खोज अभियान जारी है। वहीं बचाव कर्मियों को राहत और बचाव कार्य में लगाया गया है। रिपोर्ट्स के अनुसार अधिकांश मौतें भूस्खलन के कारण हुई हैं। राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस ने मनीला के दक्षिण-पूर्व में एक अत्यधिक प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण किया और बताया कि तूफान के कारण असामान्य रूप से भारी वर्षा हुई है। कुछ क्षेत्रों में 24 घंटों में एक से दो महीने की बारिश हुई, जिससे बाढ़ नियंत्रण प्रणाली पर दबाव पड़ा। उन्होंने कहा, "पानी बहुत अधिक था। हम अभी भी



बचाव कार्य में जुटे हुए हैं। हमारी समस्या यह है कि कई क्षेत्र अभी भी बाढ़ग्रस्त हैं, जिसके कारण राहत सामग्री पहुचाने में बाधा आ रही है। मार्कोस ने बताया कि उनकी सरकार जलवायु परिवर्तन के कारण उत्पन्न अभूतपूर्व खतरों से निपटने के लिए एक बड़ी बाढ़ नियंत्रण परियोजना शुरू करने की योजना बना रही है। सरकारी एजेंसी के अनुसार तूफान के मार्ग में लगभग 5 मिलियन लोग थे, जिनमें से करीब आधे मिलियन ने विभिन्न प्रांतों में 6,300 से अधिक आपातकालीन आश्रयों में शरण ली। एक आपातकालीन कैबिनेट बैठक में मार्कोस ने चिंता जताई कि यह तूफान जो इस साल फिलीपींस से टकराने वाला 11वां तूफान है, दक्षिण चीन सागर में उच्च दबाव वाली हवाओं के कारण अगले सप्ताह यू-टर्न ले सकता है। अगर तूफान अपने रास्ते से नहीं हटता है, तो इसकी चपेट में वियतनाम भी आ सकती है। फिलिपीन सरकार ने मुख्य उत्तरी द्वीप लुजोन में लाखों लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगातार तीसरे दिन स्कूलों और सरकारी कार्यालयों को बंद रखा। बता दें हर साल फिलीपींस को करीब 20 तूफान प्रभावित करते हैं। 2013 में आए टाइफून हैयान, जो सबसे शक्तिशाली उष्णकटिबंधीय चक्रवातों में से एक था। इसके कारण तूफान ने 7,300 से अधिक लोगों की जान ले ली या उन्हें लापता कर दिया और पूरे गांवों को तबाह कर दिया।

# अमेरिका में युवा क्यों कर रहे अपने परिवार के वोट कैंसिल करने की मांग?

वाशिंगटन, 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव के पहले जेन-जी को चुनाव के लिए प्रेरित करने के लिए टिकटॉक पर नया ट्रेंड चल रहा है। इस दौरान सोशल मीडिया यूजर्स अपने माता-पिता द्वारा डाले गए वोट को कैंसिल करने के लिए अपना मतपत्र भरने की कसम खाते हुए वीडियो बना रहे हैं। इस दौरान अधिकतर टिकटॉकर यह नहीं बताते कि वह किसे अपना वोट दे रहे हैं। हालांकि कई लोगों ने इस बात का खुलासा जरूर किया है कि अपने माता-पिता द्वारा डोनाल्ड ट्रंप को दिए गए वोट को कैंसिल करने के लिए कमला हैरिस को वोट देंगे। एनबीसी न्यूज के सर्वे में हाल ही में यह सामने आया है कि जेन-जी वोटरों के बीच में कमला हैरिस की बढ़त काफी अच्छी है। यह थोड़ा आश्चर्यजनक हो सकता है कि क्योंकि कमला हैरिस ने पहले कहा था कि 18 से 24 साल के युवा बेबकूफ हैं। हालांकि, उन्होंने हाल ही में अपने किए दावे से पीछे हटकर कहा कि उन्हें जेन-जी काफी पसंद हैं। जिसके बाद उनकी नई टिप्पणियों की काफी आलोचना की गई है। इसी बीच कुछ लोगों ने उन पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह अपने झूठ पर नजर नहीं रख सकतीं है।

# मेक्सिको में भीषण सड़क हादसा, ट्रैक्टर ट्रॉली से टकराई बस, 19 लोगों की मौत

मेक्सिको सिटी, 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। मेक्सिको में एक भीषण सड़क हादसे में 19 लोगों की मौत होने की खबर है। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि मेक्सिको के केंद्रीय राज्य जकाटेकास में शनिवार को एक बस हाईवे पर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में 19 लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। यह हादसा सुबह उस समय हुआ जब पीड़ितों को ले जा रही बस मक्का ले जा रहे एक ट्रैक्टर-ट्रेलर के पिछले हिस्से से जा टकराई। यह टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस और ट्रैक्टर दोनों ही वाहन खाई में जा गिरे। जकाटेकास के गवर्नर डेविड मोनरियल ने शुरुआती जानकारी में पहले 24 लोगों की मौत की सूचना दी थी, लेकिन राज्य के अटॉर्नी जनरल के कार्यालय ने बाद में एक बयान में इस संख्या को संशोधित किया और बताया कि 19 लोगों की मौत हुई है जबकि 6 लोग घायल हैं। अटॉर्नी जनरल के कार्यालय ने कहा कि वह ट्रैक्टर-ट्रेलर के ड्राइवर को गिरफ्तार करने के प्रयास में जुटा है। एक स्थानीय सरकारी अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर न्यूज एजेंसी रॉयटर्स को बताया कि शनिवार की सुबह हादसे के बाद खाई में गिरे कुछ शवों को निकालने के प्रयास जारी थे। अटॉर्नी जनरल के कार्यालय के अनुसार हादसे का शिकार हुई बस सिउदाद जुआरेज़ जा रही थी, जो अमेरिका-मेक्सिको सीमा पर चिहुआहुआ राज्य में स्थित एक शहर है। अटॉर्नी जनरल के कार्यालय ने यह भी बताया कि पीड़ितों में प्रवासी शामिल नहीं थे।सोशल मीडिया पर शेयर की गई तस्वीरों में बचाव दल को घटनास्थल पर शवों को निकालते हुए दिखाया गया है।

## पाक में दुष्कर्म की फर्जी खबर फैलाने वालों पर बड़ी कार्रवाई

लाहौर, 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में कॉलेज में दुष्कर्म झूठी खबर फैलने से काफी हिंसा हुई थी, वहीं अब कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक छात्रा से दुष्कर्म के बारे में फर्जी खबरें फैलाने के आरोप में 16 व्लॉगर और टिकटॉकर को गिरफ्तार किया है। पंजाब के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी इमरान किश्वर ने कहा कि पुलिस ने तोड़फोड़ और हिंसा में शामिल 40 छात्रों की पहचान भी की है। एक हफ्ते पहले दुष्कर्म की फर्जी खबर फैलने के बाद पंजाब प्रांत में हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान हिंसा हुई थी। उन्होंने कहा कि संघीय अन्वेषण एजेंसी (एफआईए) और स्थानीय पुलिस ने 16 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें ज्यादातर बलात्कार के बारे में फर्जी खबर फैलने वाले व्लॉगर और टिकटॉकर हैं। उन्होंने कहा कि तोड़फोड़ और हिंसा में शामिल लोगों को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमने घटना के बारे में फर्जी खबरें फैलाने में इस्तेमाल हुए 138 सोशल मीडिया अकाउंट भी ब्लॉक कर दिए हैं। पिछले हफ्ते लाहौर के एक महिला कॉलेज में एक छात्रा से सुरक्षा कर्मी द्वारा कथित तौर पर दुष्कर्म किए जाने की खबर सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद पंजाब प्रांत के कई शहरों में हुए हिंसक प्रदर्शनों में कम से कम 50 छात्राएं घायल हो गई थीं



# एसआई भर्ती ही नहीं गहलोत राज में हुई इन छह परीक्षाओं पर भी संकट

## एसओजी जांच कर रही, गिरफ्तारियां जल्द

जयपुर, 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजस्थान सरकार ने बड़ा कदम उठाते हुए ईओ और आरओ भर्ती परीक्षा को रद्द कर दिया है। इन दोनो परीक्षाओं को रद्द करने के बाद अब एसआई भर्ती परीक्षा के भविष्य को लेकर चिंता बढ़ती जा रही है। परीक्षा रद्द करने और नहीं करने के पक्ष में लगातार प्रदर्शन जारी हैं। ये तीनों परीक्षाएं गहलोत सरकार के कार्यकाल में हुई थीं। ये तीन परीक्षाएं ही नहीं अब गहलोत सरकार के कार्यकाल में हुई छह अन्य परीक्षाओं को भी एसओजी जांच रही है।



एसओजी अफसरों की राडार पर इस समय 6 सरकारी भर्तियां हैं। इनमें से कई भर्तियों में तो सरकारी कर्मचारी भर्ती भी हो गए हैं और वे काम भी करने लगे हैं। लेकिन अब इन कार्मिकों में खौफ है। इनमें से कुछ गलत तरीकों से भर्ती हुए हैं। स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम द्वारा वर्तमान में राजस्थान पुलिस कानिस्टेबल भर्ती परीक्षा 2021 एफआईआर संख्या संख्या 13-22 थाना एसओजी। सीएचओ भर्ती परीक्षा 2020 एफआईआर संख्या 19-22थाना एसओजी। वरिष्ठ अध्यापक भर्ती परीक्षा 2022 एफआईआर संख्या 227-22 थाना बेकरिया, उदयपुर। वरिष्ठ अध्यापक भर्ती परीक्षा 2022 एफआईआर संख्या 747-22, थाना सुखेर, उदयपुर। रीट भर्ती परीक्षा 2021 एफआईआर संख्या 402-21 थाना गंगापुर सीटी, गंगापुर सीटी। कनिष्ठ अभियंता डिग्री... भर्ती परीक्षा 2020 एफआईआर संख्या 540-20 थाना सांगानेर, जयपुर पूर्व। हाई कोर्ट लिपिक भर्ती परीक्षा 2020 एफआईआर संख्या 136-22 थाना कोतवाली दौसा। की जाँच की जा रही है। इन भर्तियों के लिए काबिल अफसरों की टीम को जिम्मा देते हुए एसआईटी यानी स्पेशल इन्वेस्टिकेशन टीम तैनात की गई है। ये टीमें लगातार एक्शन ले रही हैं।

**बचे दो महीने जांच एजेंसियों के लिए महत्वपूर्ण**

साल के बचे हुए दो महीने जांच एजेंसियों के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं क्योंकि अगले साल बड़ी संख्या में सरकारी भर्तियां की जानी हैं। करीब 70 से भी ज्यादा भर्तियों का कैलेंडर हाल ही में जारी किया गया है। इन भर्ती परीक्षाओं में बहुत बड़ी संख्या में अभ्यर्थी शामिल होने हैं। ऐसे में इससे पहले उन तमाम नकल माफिया को सलाखों के पीछे डालना जरूरी है जो सरकारी भर्ती परीक्षाओं के दुश्मन बने हुए हैं।

# गायक दोसांझ के म्यूजिक कॉन्सर्ट से पहले जयपुर में ईडी की रेड

## बड़ी रकम के हेरफेर के मिले सबूत

जयपुर, 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। मशहूर सिंगर दिलजीत दोसांझ के जयपुर में होने जा रहे शो से पहले टिकटों को लेकर बड़ा स्कैम सामने आया है। राजधानी जयपुर में 3 नवंबर को होने जा रहे सिंगर दिलजीत दोसांझ के कंसर्ट से पहले ईडी की एंट्री हो गई है। ईडी को इस शो में फर्जी टिकटों से बड़े पैसे की हेरफेर की जानकारी मिली। साथ ही बड़ा पैसा ऑनलाइन ट्रांजेक्शन होने के संबंध में सबूत भी मिले हैं। दिलजीत के शो के टिकट तीन हजार रुपये से 15 हजार रुपये तक की हैं, लेकिन बाजार में इसे बदमाशों द्वारा 50 हजार रुपये से लेकर 2 लाख रुपये तक बेचा गया है।




ईडी ने जयपुर सहित देश भर में 13 ठिकानों पर छापेमारी करते हुए इस शो में फर्जी टिकटों से बड़े पैसे ट्रांजेक्शन का पता लगाया है। ईडी ने छापेमारी दिल्ली, चंडीगढ़, पंजाब, जयपुर, मुंबई और बेंगलुरु में की गई जो रविवार को भी जारी है। छापेमारी में ईडी को फर्जी टिकटों से बड़े पैसे की हेरफेर की जानकारी मिली है। साथ ही ईडी को बड़ा पैसा ऑनलाइन ट्रांजेक्शन होने के संबंध में सबूत मिले हैं। ईडी ने कुछ लोगों को डिटेन किया। साथ ही मोबाइल, लैपटॉप जब्त किए हैं। ईडी की जांच जारी है।

**बुक माई शो की ओर से दर्ज कराई गई एफआईआर पर एक्शन लिया**

गायक दिलजीत दोसांझ का म्यूजिक कॉन्सर्ट 3 नवम्बर को जयपुर के जेईसीसी सीतापुरा में होना है। इसके साथ विदेशी बैंड कोल्डप्ले का कॉन्सर्ट भी इंडिया में होगा। इनके टिकट जोमाटो लाइव और बुक माई शो पर बेचे गए। बुक माई शो की तरफ से इसकी जांच कराई गई। इसमें पता चला कि टिकट बाजार में अन्य प्लेटफार्म से बिक रही हैं, जो फर्जी हैं। इस तरह से कुछ लोग निजी फायदे के लिए फर्जी टिकट बनाकर लोगों के साथ धोखाधड़ी-ठगी कर रहे हैं।

**बुक माई शो से कॉपी कर सोशल मीडिया पर बेच दिए टिकट**

दरअसल कुछ लोगों ने बुक माई शो से मिल रही टिकटों की हूबहू नकल बनाकर उसे सोशल मीडिया के माध्यम से बेचना शुरू कर दिया। लोगों ने टिकट मिलने की जानकारी पर खरीदना शुरू कर दिया। कुछ लोगों को संदेह हुआ तो बुक माई शो से मिले टिकटों और सोशल मीडिया से मिले टिकटों की जांच की। पता चला कि यह फेक है। इस पर बुक माई शो को जानकारी दी गई।

# सरकार का हिंदू शरणार्थियों को बड़ा तोहफा

## मदन दिलावर बोले- छात्रों को मिलेगी स्कॉलरशिप

जयपुर, 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजस्थान सरकार की ओर से हिंदू शरणार्थी विद्यार्थी कल्याण छात्रवृत्ति योजना शुरू की गई है। शिक्षा मंत्री ने इसका अनुमोदित कर दिया। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने बताया कि राजकीय और राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त विद्यालयों में कक्षा 6 से 12 तक अध्ययनरत हिंदू शरणार्थी परिवारों के बच्चों को छात्रवृत्ति मिलेगी। उन्होंने बताया कि कक्षा 6 से 10 तक अध्ययनरत छात्रों को हिंदू शरणार्थी पूर्व मैट्रिक छात्रवृत्ति और कक्षा 11 व 12 तक अध्ययनरत छात्रों को हिंदू शरणार्थी पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के रूप में प्रदान की जाएगी। योजना के अनुसार हिंदू शरणार्थी पूर्व मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 6 से 10) 4000 रुपए वार्षिक और हिंदू शरणार्थी पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 11 व 12) 5000 रुपए वार्षिक प्रदान की जाएगी।



**विद्यार्थी विवरण प्रविष्टि में डाला गया हिंदू शरणार्थी का टाइप**

इधर, योजना के आवेदन शुरू करने के लिए शाला दर्पण पोर्टल पर विद्यार्थी विवरण प्रविष्टि में हिंदू शरणार्थी का टाइप डाला गया है। इस पर हां या ना ( ड्रॉप डाउन) विकल्प उपलब्ध होगा। हां, विकल्प का चयन करने पर अभिभावक के शरणार्थी पहचान कार्ड संख्या का अंकन करना होगा और पहचान कार्ड अपलोड करना होगा।

**शाला दर्पण पोर्टल पर करें आवेदन**

निदेशालय की ओर से योजना की विज्ञप्ति जारी किए जाने के बाद विद्यालय के शाला दर्पण पोर्टल पर आवेदन किए जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि छात्रवृत्ति की राशि का भुगतान विद्यालय के बैंक खाते में स्थानांतरित किया जाएगा।

**प्रदेश में 50 हजार से ज्यादा पाक विस्थापित परिवार**

प्रदेश में 1990 के बाद आए 50 हजार से ज्यादा पाक विस्थापित परिवार हैं। इनमें से करीब 20 हजार परिवारों को नागरिकता मिल चुकी है। करीब 30 हजार परिवारों को नागरिकता मिलना बाकी है।

# निर्दलीय उम्मीदवारों को मनाने में जुटी कांग्रेस-भाजपा, क्या नाम वापस लेंगे नरेश मीणा ?

टोंक, 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। उपचुनाव में 13 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दाखिल किया, जिसमें अंतिम दिन शुक्रवार को 11 नामांकन दाखिल हुए। कुल 13 नामांकन में से योगेश कुमार शर्मा ने राइट टू रिकॉल पार्टी, राजेंद्र गुर्जर ने भारतीय जनता पार्टी, कस्तूर चंद मीणा ने कांग्रेस एवं खुशीराम धाकड़, राम सिंह मीणा, शकील उर रहमान, नरेश कुमार मीणा, ओम प्रकाश केवट, उमाशंकर कहार, जसराम मीणा, रामदेव, प्रहलाद सैनी एवं दिनेश प्रजापत ने अपने नामांकन निर्दलीय के रूप में पेश किए हैं।

नामांकन की जांच 28 अक्टूबर तक होगी तथा 30 अक्टूबर तक नाम वापसी हो सकेगी। मतदान 13 नवंबर को एवं मतगणना 23 नवंबर को होगी। निर्वाचन विभाग ने इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी है। वहीं आचार संहिता को देखते हुए प्रशासन सारी व्यवस्थाओं में जुटा है। किसी भी शिकायत के आने के बाद तुरंत कार्रवाई की जा रही है। जिस दिन उपचुनाव की तारीख आई थी, उसी दिन से टीमें चुनाव क्षेत्र में लगातार दौरे कर रही है।



कांग्रेस के बागी नरेश मीना पर सबकी निगाह है और खासकर कांग्रेस इसके बाद परेशान है क्यों कि यदि नरेश अपना पर्चा वापस नहीं लेता है तो उनके प्रत्याशी के लिए परेशानी हो सकती है। मीना ने शुक्रवार को नामांकन दाखिल कर चुनाव लड़ने का एलान कर दिया था और अपना प्रचार अभियान भी शुरू कर दिया। सूत्रों के अनुसार नरेश को मनाने के लिए कोशिशें भी शुरू हो गई है और इसके लिए एक बड़े नेता को जिम्मेदारी भी दी जा सकती है।दोनों पार्टियों के नेताओं ने निर्दलीयों को साधने के लिए जगह-जगह अपने लोगों को भेजा है। साथ ही निर्दलीयों से बातचीत कर रहे हैं ताकि वह अपने नाम वापस ले सके।

टीमें बनी, प्रचार में लगे

वहीं कांग्रेस और भाजपा के प्रत्याशियों के लिए दोनों दलों के नेताओं को जिम्मेदारी दे दी गई है। प्रदेश भाजपा और प्रदेश कांग्रेस की ओर से पर्यवेक्षक लगाने के साथ ही युवा कांग्रेस और महिला कांग्रेस के पदाधिकारियों को भी प्रचार और अन्य रणनीति बनाने में लगा दिया गया है ताकि जीत का रास्ता बन सके। इसी तरह भाजपा के विधायकों और मंत्रियों ने भी मोर्चा संभाल लिया है और वे अब प्रचार में जुट रहे है।

**दो बार से हार रही है भाजपा**

वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने उस वक्त विधायक रहे राजेन्द्र गुर्जर को देवली-उनियारा सीट पर प्रत्याशी बनाया। तब उनके सामने दौसा से सांसद तथा भाजपा से कांग्रेस में आए हरीश मीना थे। चुनाव में हरीशचंद मीना को 95540 तथा राजेन्द्र गुर्जर को 74064 मिले थे। वर्ष 2018 के चुनाव में 10 प्रत्याशी थे। पिछले चुनाव यानी 2023 में भाजपा ने देवली-उनियारा सीट पर राजेन्द्र गुर्जर को टिकट नहीं दिया। उनकी जगह विजय बैंसला को प्रत्याशी बनाया गया। जिसे कांग्रेस प्रत्याशी ने हराया।

# 80 साल की बुजुर्ग महिला चोर के सामने पड़ी भारी

भीलवाड़ा, 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। कोतवाली क्षेत्र में बदमाश ने वृद्धा के गले से सोने की चेन झपट ली। वृद्धा ने छीना झपटी के दौरान हिम्मत दिखाई और बदमाश को दबोच लिया। लोगों ने आरोपी की धुनाई कर पुलिस के हवाले कर दिया। शास्त्रीनगर के मेन सेक्टर निवासी छगनलाल जैन की पत्नी सुशीला (80) घर के गेट पर खड़ी थी। तभी बिना नंबरी बाइक पर आए एक बदमाश ने पता पूछा। वह कुछ समझ पाती, इससे पहले उसने गले पर झपट्टा मारा। इससे सोने की चेन टूट गई। एक हिस्सा सुशीला के हाथ में रह गया, जबकि दूसरा बदमाश के हाथ में था। सुशीला ने भागते बदमाश को पीछे से पकड़ लिया और चिल्लाने लगी। आरोपी ने गेंदलिया निवासी बबलू सेन नाम बताया। तभी लोग आ गए। बदमाश को दबोच कर पीटा। उससे चेन का टूटा हिस्सा ले लिया। घटना की सूचना पर कोतवाली पुलिस पहुंची। फिलहाल मामले की जांच पड़ताल हो रही है।

# हनुमानगढ़ की राधिका बंसल पहली बार में बनीं आरजेएस टॉपर

जोधपुर, 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजस्थान हाईकोर्ट ने राजस्थान ज्यूडिशियल सर्विस का रिजल्ट घोषित कर दिया है। हनुमानगढ़ की राधिका बंसल ने टॉप किया है। आरजेएस रिजल्ट के टॉप-10 अभ्यर्थियों में 9 बेटियां शामिल हैं। ओबीसी (नॉन क्रीमीलेयर) कैटेगरी के तनुराग सिंह चौहान ने 187.5 अकों के साथ दूसरा स्थान हासिल किया है। आरजेएस भर्ती में 222 कैंडिडेट पास हुए हैं। इनमें जनरल कैटेगरी में 92 कैंडिडेट, एससी कैटेगरी में 35, एसटी कैटेगरी में 24, ईडब्ल्यूएस कैटेगरी में 21, ओबीसी-एमबीसी (नॉन क्रीमीलेयर) कैटेगरी में 45, एमबीसी(नॉन क्रीमी लेयर) कैटेगरी में 5 कैंडिडेट पास हुए हैं।



राधिका बंसल रैंक- 1वीं | दीपिका कचोलिया रैंक 5वीं | श्रेया गोयल रैंक- 11वीं

आरजेएस मुख्य परीक्षा-2024 के करीब 99 अभ्यर्थियों ने रिजल्ट को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दे रखी है। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि राजस्थान हाईकोर्ट ने आरजेएस मुख्य परीक्षा 31 अगस्त और 1 सितंबर को आयोजित करवाई थी। इसमें करीब 3500 अभ्यर्थी शामिल हुए थे। हाईकोर्ट ने परीक्षा का परिणाम 1 अक्टूबर को जारी करते हुए इनमें से 638 अभ्यर्थियों को इंटरव्यू के लिए कॉल किया। जिन अभ्यर्थियों को असफल घोषित किया गया, उनमें से अधिकतर अभ्यर्थी ऐसे हैं, जिनके अंग्रेजी के पेपर में 0 से 10 नंबर ही दिए गए। अभ्यर्थियों ने कहा था- हमारी मांग है कि अंग्रेजी विषय की कॉपियां भाषा विशेषज्ञों से जांच करवाएं। उसके आधार पर आरजेएस मुख्य परीक्षा का संशोधित परिणाम दोबारा जारी किया जाए। हाईकोर्ट ने करीब एक महीने में ही परिणाम जारी कर दिया, जो कि प्रैक्टिकल नहीं लगता है, क्योंकि थ्योरी की इतनी कॉपियों को जांचने में समय लगता है। कॉपियां जांचने में जल्दबाजी की गई है। इससे गड़बड़ी हुई है।

सुप्रीम कोर्ट ने 18 अक्टूबर को सुनवाई के दौरान राजस्थान हाईकोर्ट से जवाब मांगा और याचिकाकर्ताओं की आंसर शीट तलब की। सुप्रीम कोर्ट ने कहा- जिन याचिकाकर्ताओं के अंग्रेजी विषय के पेपर में जीरो से 15 नंबर आए हैं। उन सभी की आंसर शीट सुप्रीम कोर्ट में पेश की जाए। 21 अक्टूबर को एक बार फिर मामले में सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान हाईकोर्ट से उन अभ्यर्थियों के लॉ पेपर के नंबर मांगे, जिनके अंग्रेजी निबंध के पेपर में जीरो से 15 नंबर आए हैं।

पुष्कर निवासी भागचंद पवार ने 42वीं रैंक हासिल की हैं। भागचंद ने पांच महीने पहले जेएलओ के रिजल्ट में 39वीं रैंक हासिल की थी। भागचंद पुष्कर के पास गांव बासेली के रहने वाले हैं। उनके पिता सब्जी विक्रेता हैं। भागचंद पिछले 9 साल से प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे थे।

जयपुर के वैशाली नगर की निवासी चांदनी जैन ने 99वीं रैंक हासिल की है। चांदनी को 161.5 अंक प्राप्त हुए हैं। उन्होंने 2021 में राजस्थान यूनिवर्सिटी से एलएलबी की पढ़ाई पूरी की और 2023 में भीमराव अंबेडकर लॉ यूनिवर्सिटी से एलएलएम किया। वर्तमान में वे राजस्थान यूनिवर्सिटी में जूनियर लीगल ऑफिसर के पद पर कार्यरत हैं। 2021 में इंटरव्यू में असफल रहने के बाद इस बार दूसरे प्रयास में उन्हें सफलता मिली है।

# विधायक का स्टीकर लगाकर रौब झाड़ रहे युवक को पुलिस ने सिखाया सबक

## एमवी एक्ट में जब्त की गाड़ी

अजमेर, 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। अजमेर ट्रैफिक इंस्पेक्टर भीखाराम काला ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस ने बिना नंबर की सफेद स्कॉर्पियो को एमवी एक्ट में जब्त किया है। ट्रैफिक इंस्पेक्टर भीखाराम काला के निर्देश पर अजमेर के फव्वारा सर्किल पर तैनात ट्रैफिक पुलिस के हेड कांस्टेबल गिरिराज ने बिना नंबरी, काली फिल्म लगी और पुलिस का सायरन (हूटर) लगी सफेद स्कॉर्पियो को आते देखा तो उसे रोका गया। इस पर स्कॉर्पियो मालिक विधायक का रौब झाड़ते हुए ट्रैफिक दीवान से उलझने लगा।

ट्रैफिक पुलिस के दीवान ने जब एमबी एक्ट में कार्रवाई करने की बात कही तब जाकर वाहन मालिक ने अपने तेवर ढीले किए। ट्रैफिक पुलिस ने जब्त व्हाइट कलर की स्कॉर्पियो से 15वीं विधानसभा का स्टीकर हटाया और कार को एमवी एक्ट में जब्त कर लिया।

**एडीजी ट्रैफिक इंस्पेक्टर को दे चुके हैं शाबाशी**

फर्जी तरीके से एमएलए के स्टीकर लगाकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ अजमेर ट्रैफिक पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसको लेकर (पीएचक्यू) ने मीडिया रिपोर्ट्स के आधार पर अजमेर के ट्रैफिक इंस्पेक्टर भीखाराम काला की कार्रवाई को सराहनीय बताते हुए राजस्थान के अन्य शहरों के ट्रैफिक इंस्पेक्टर को भी इस तरह की कार्रवाई करने के दिशा निर्देश दिए हैं।

ट्रैफिक इंस्पेक्टर भीखाराम काला अब तक 10 से अधिक विधायक के स्पीकर लगे वाहनों को जब्त कर वाहन मालिकों को सबक सिखा चुके हैं, जिसके चलते अजमेर ट्रैफिक इंस्पेक्टर भीकाराम काला की हर कोई सराहना कर रहा है।

**स्कॉर्पियो में सवार परिवार की महिलाएं हुई शर्मिंदा**

ट्रैफिक पुलिस की इस कार्रवाई के दौरान बिना नंबर स्कॉर्पियो में वाहन चालक का परिवार भी बैठा था। इसमें तीन महिलाएं थीं। इस कार्रवाई के बाद परिवार की महिलाएं शर्मिंदा हुईं और मीडिया कर्मियों से नजर छिपाते हुए ट्रैफिक पुलिस की गुमटी में जाकर बैठ गईं। वहीं, कुछ समय बाद वाहन चालक ने दूसरा अन्य वाहन मंगाकर परिवार को लेकर रवाना हो गया।

ट्रैफिक इंस्पेक्टर भीखाराम काला ने बताया कि यातायात पुलिस एमएलए का स्टीकर लगाकर घूमने वाले वाहनों, काली फिल्म चढ़े वाहनों, पुलिस का सायरन (हूटर) लगाने वालों के साथ ही मोटर व्हीकल एक्ट की पालना नहीं करने वाले वाहन चालकों पर आगे भी कार्रवाई जारी रखेगी।

# रेलवे स्टेशन के पास अनियंत्रित ट्रक होटल से टकराया

दौसा, 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। दौसा शहर में हुए हादसे में एक अनियंत्रित ट्रक एक होटल से जा टकराया। हादसे में होटल का शीशा फूट गया। हादसे के चलते आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया। गनीमत रही कि हादसे में किसी को कोई क्षति नहीं पहुंची। रेलवे स्टेशन के नजदीक का है। यहां रेलवे स्टेशन के बाहर बने एक होटल में अचानक रेलवे ओवर ब्रिज से दौसा की तरफ उतरते हुए एक ट्रक अनियंत्रित हो गया। ट्रक तेज रफ्तार के साथ सीधे दुकान की तरफ मुड़ गया। गनीमत रही कि ट्रक का अगला पहिया वहां बनी नाली में फंस गया और ट्रक वही रुक गया। दुर्घटना की बाद लोगों में दहशत बन गई। हादसे के बाद लोग इकट्ठा हुए मामला जानने का प्रयास किया।उधर प्रत्यक्ष दर्शियों की माने तो रेलवे ओवरब्रिज से नीचे उतरते समय ट्रक ने अचानक सीधे हाथ की तरफ घूम गया। वहां होटल और दुकान बनी हैं। ट्रक की स्पीड इतनी तेज थी कि चौड़े नाले में ट्रक का पहिया फंसने के बाद भी ट्रक बंद नहीं हुआ।

# सामने आया सनसनीखेज मामला, मृतक की जेब से पैसे निकाल शराब पीने पहुंच गया

जयपुर, 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजधानी जयपुर में हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां एक युवक ने शराब के लिए पैसे नहीं देने पर ईंट से हमला कर बुजुर्ग की हत्या कर दी। पुलिस ने बुजुर्ग की हत्या के मामले में आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध कबूल कर लिया है। हत्या का यह मामला श्याम नगर थाना क्षेत्र का है।

पुलिस ने बताया कि इस संबंध में परिवादी ओमप्रकाश ने 21 अक्टूबर को रिपोर्ट दी थी। इसमें बताया कि उसका साला श्योपुरा सवाईमाधोपुर निवासी रामनाथ बदरवास रोड फुटपाथ पर रहता था। उसकी किसी व्यक्ति ने हत्या कर दी। पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला। पुलिस ने फुटेज देखने के बाद सिकराय दौसा निवासी धर्म सिंह महावर (30) को गिरफ्तार कर लिया।



**मृतक की जेब से पैसे निकालकर पी शराब**

पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि 20 अक्टूबर की रात को शराब के नशे में 200 फीट बाइपास अजमेर रोड पर आया था। वहां सो रहे बुजुर्ग से पूछकर उसके पास ही सो गया। रात को जब तलब हुई तो बुजुर्ग से शराब के लिए पैसे मांगे तो उसने गाली देकर मना कर दिया। गुस्से में आकर उसने ईंट मारकर उसकी हत्या कर दी और जेब से पैसे निकालकर शराब पीने चला गया।

पुलिस ने गिरफ्तारी के बाद आरोपी धर्म सिंह महावर को कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे पुलिस रिमांड पर सौंप दिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना गुनाह कबूल किया और घटना के बारे में सारी सच्चाई बयां की। आरोपी की बात सुनकर पुलिस भी चौंक गई। पुलिस के मुताबिक आरोपी शराब पीने का आदी है।

# दो साल की पोती के लिए मौत से लड़ गए दादाजी

## मधुमक्खियों के डंक से बचाने के प्रयास से मौत हो गई

झुंझुनू, 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। झुंझुनूं जिले के सूरतगढ़ क्षेत्र में एक किसान की मधुमक्खियों के हमले में मौत हो गई, जिसने पूरे परिवार को झकझोर दिया है। यह घटना गुरुवार को हुई, लेकिन मासूम बच्ची रह – रहकर अपने दादाजी के पास जाने के लिए रोए जा रही है। दरअसल यह हादसा उस समय हुआ जब 58 वर्षीय रोहिताश अपने परिवार के साथ खेत में काम कर रहे थे। उनका बेटा प्रदीप और परिवार की अन्य महिलाएं खेत में सिंचाई के लिए पाइप लाइन बदलने में जुटे थे।

इस दौरान, अचानक मधुमक्खियों का एक बड़ा झुंड उन पर टूट पड़ा। 2 साल की उनकी पोती युविका... जो अपने दादा के पास खेल रही थी, को बचाने के लिए रोहिताश ने उसे अपने सीने से लगाकर जमीन पर लेट गए। उन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना पोती को मधुमक्खियों के डंक से बचाने का प्रयास किया। परिवार के अन्य सदस्य भी मधुमक्खियों के हमले में घायल हुए। प्रदीप ने बताया कि उन्हौांने दौड़कर कंबल लाने की कोशिश की, लेकिन तब तक पिता रोहिताश के शरीर पर दर्जनों डंक लग चुके थे। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने बताया कि एनाफ़िलेक्टिक शॉक के कारण उनकी मौत हो गई।

# वीकेंड रेव पार्टी से राजनीतिक विवाद

हैदराबाद, 27 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद के बाहरी इलाके में जनवाड़ा फार्म हाउस में वीकेंड रेव पार्टी तेलंगाना में राजनीतिक विवाद का केंद्र बन गई है। रेव पार्टी में शामिल होने वालों में बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव के बहनोई की मौजूदगी ने राजनीतिक महत्व हासिल कर लिया है। राज पकाला के स्वामित्व वाले फार्महाउस में आयोजित हाई-प्रोफाइल कार्यक्रम में 35 लोग शामिल हुए, जिनमें से एक कोकीन के लिए पॉजिटिव पाया गया, जिससे राजनीतिक और सार्वजनिक आक्रोश फैल गया। शनिवार की रात को पुलिस को पार्टी के बारे में सूचना मिली, जिसके बाद नरसिंगी पुलिस, साइबराबाद एसओटी टीम और आबकारी अधिकारियों ने फार्महाउस पर छापा मारा। उन्हें वहां एक भव्य पार्टी का पता चला। उपस्थित लोगों पर ड्रग परीक्षण करने के बाद, विजय मद्दुआरी को कोकीन के लिए सकारात्मक परीक्षण किया गया और उसे हिरासत में ले लिया गया। अधिकारियों ने घटनास्थल पर अनधिकृत विदेशी शराब, गेमिंग टोकन और कैसीनो सामग्री भी जब्त की। राज पकाला के खिलाफ चेवेल्ला पुलिस स्टेशन में एनडीपीएस (नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस) अधिनियम और आबकारी अधिनियम के तहत मामले दर्ज किए गए। पार्टी के आयोजक कार्तिक और राज पकाला को क्रमशः प्राथमिक आरोपी के रूप में नामित किया गया। कुल मिलाकर, 14 महिलाओं सहित 35 लोग रेव पार्टी में शामिल हुए। ड्रग्स की मौजूदगी के कारण अधिकारियों ने गहन निरीक्षण के लिए खोजी कुत्तों को तैनात किया। पुलिस ने 10 लीटर अनधिकृत विदेशी शराब और 10 बोतल भारतीय निर्मित शराब जब्त की। अधिकारियों ने पुष्टि की कि आबकारी विभाग ने इस पार्टी के लिए कोई अनुमति नहीं दी थी, जिससे एनडीपीएस अधिनियम के तहत और मामले सामने आए।

## पुलिस छापेमारी से तनाव के बीच बीआरएस नेता गिरफ्तार



हैदराबाद, 27 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। रविवार को पुलिस द्वारा बिना तलाशी वारंट के बीआरएस नेताओं और उनके रिश्तेदारों के विला में जबरन घुसने के कथित प्रयास के बाद रायदुर्गम में एक निजी विला समुदाय के पास तनाव बढ़ गया। घटनास्थल पर एकत्र हुए बीआरएस कार्यकर्ताओं ने पुलिस के अत्याचारपूर्ण व्यवहार का विरोध किया, जिसके कारण तीखी बहस हुई। आबकारी विभाग के कर्मचारी भी उस दल का हिस्सा थे जिसने घरों पर छापा मारने का प्रयास किया। इस घटना में करीब 20 बीआरएस नेताओं को गिरफ्तार किया गया। जब पुलिस से सर्च वारंट मांगा गया तो उन्होंने वारंट पेश किया, जिससे उन्हें एक वकील और बीआरएस नेताओं की टीम की मौजूदगी में घर की तलाशी लेने की अनुमति मिल गई।

## चुनावी वादों को पूरा करने में विफल रही सरकार : किशन रेड्डी

हैदराबाद, 27 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने आरोप लगाया है कि तेलंगाना में कांग्रेस पार्टी की सरकार आने के दस महीने बाद राज्य की वित्तीय स्थिति दिवालिया हो गई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार चुनाव के दौरान किए गए अपने चुनावी वादों को पूरा करने में विफल रही है और लोगों को लगता है कि उनके साथ धोखा हुआ है। यहां रविवार को मीडिया से बात करते हुए किशन रेड्डी ने कहा कि कांग्रेस सरकार ऐसी स्थिति में है कि वह गुरुकुल स्कूलों को किराये की राशि नहीं दे सकती।

राज्य सरकार ठेकेदारों को बिल चुकाने और ठेका श्रमिकों को वेतन देने की स्थिति में नहीं है। इसके अलावा, विधवाओं, छात्रों, दिव्यांगों और अकेली महिलाओं की पेंशन में वृद्धि नहीं की गई है। ऐसा एक भी वादा नहीं है जिसे यह सरकार पूरा करने की स्थिति में है।

# कांग्रेस के वरिष्ठ नेता इंद्रसेन रेड्डी का निधन

हैदराबाद, 27 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता इंद्रसेन रेड्डी का रविवार को निधन हो गया। पिछले कुछ समय से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रहे इंद्रसेन रेड्डी की हालत बिगड़ने के बाद उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके परिवार के सदस्यों ने उनके निधन की खबर साझा की। इंद्रसेन रेड्डी पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के परिवार के साथ अपने घनिष्ठ संबंधों के लिए जाने जाते थे। अपने पूरे राजनीतिक जीवन में उन्होंने विधान परिषद के सदस्य (एमएलसी) और युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव के रूप में कार्य करने सहित महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाईं।



कांग्रेस पार्टी ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है, पार्टी सदस्यों ने अपनी संवेदना व्यक्त की है और इस कठिन समय में रेड्डी के परिवार को अपना समर्थन दिया है। तेलंगाना विधानसभा अध्यक्ष गड्डाम प्रसाद कुमार ने पूर्व विधान परिषद सदस्य और वरिष्ठ कांग्रेस नेता इंद्रसेन रेड्डी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। तेलंगाना आंदोलन के दूसरे चरण में उनकी सक्रिय भागीदारी को याद करते हुए, अध्यक्ष प्रसाद कुमार ने टिप्पणी की कि उनका निधन तेलंगाना समाज के लिए एक महत्वपूर्ण क्षति है। तेलंगाना विधान परिषद के अध्यक्ष गुथा सुखेंद्र रेड्डी ने भी इंद्रसेन रेड्डी के निधन पर शोक व्यक्त किया, युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और एक समर्पित लोक सेवक के रूप में उनकी सेवा को स्वीकार किया। उन्होंने तेलंगाना आंदोलन में इंद्रसेन रेड्डी के जोरदार योगदान को याद किया, दिवंगत आत्मा के लिए अपनी प्रार्थना व्यक्त की और परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। इस बीच, टीपीसीसी के अध्यक्ष महेश कुमार गौड़ ने तेलंगाना आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले वरिष्ठ नेता इंद्रसेन रेड्डी के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया।

टीपीसीसी अध्यक्ष ने इंद्रसेन रेड्डी की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। परिवहन और बीसी कल्याण मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व एमएलसी इंद्रसेन रेड्डी के निधन पर अपनी संवेदना व्यक्त की।

तेलंगाना आंदोलन में उनकी सक्रिय भूमिका को याद करते हुए मंत्री प्रभाकर ने इस आंदोलन में उनके योगदान का सम्मान किया। रेड्डी की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए पोन्नम प्रभाकर ने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त की।



शिवराज लक्ष्मीचंद जैन ज्वेलर्स, सोमाजीगुडा में जुटी खरीद्दारों की भीड़। इन दिनों यहाँ पर धनतेरस व दिपावली के मद्देनजर आभूषणों पर भारी छूट दी जा रही है। इसका लाभ लेते हुए ग्राहक।

## रमेश कुमार बंग संयोजक बने



हैदराबाद, 27 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। राजस्थानी प्रगति समाज के अध्यक्ष कमलनारायण अग्रवाल ने आयोजित किए जाने वाले 'दीपावली सम्मेलन' का संयोजक समाज सेवी रमेश कुमार बंग को मनोनीत किया है। उपरोक्त जानकारी राजस्थानी प्रगति समाज के मानद मंत्री गोविन्द राठी ने दी।

उल्लेखनीय है कि रमेश कुमार बंग महेश बैंक के चेयरमैन हैं तथा माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी के अतिरिक्त नगरद्वय की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के साथ कर्मठता से जुडे हैं। ज्ञातव्य है कि रमेश कुमार बंग कई वर्षों से राजस्थानी प्रगति समाज के दीपावली सम्मेलन के संयोजक का दायित्व सफलतापूर्वक निभा रहे हैं।

# कोरियाई कंपनी को जमीन देने की आलोचना

## मंत्री का दावा, 87 हजार लोगों को मिलेगा रोजगार

हैदराबाद, 27 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। मूसी रिवरफ्रंट विकास की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) की तैयारी में सिंगापुर स्थित मेनहार्ट कंपनी की भागीदारी को लेकर विवाद अभी भी जारी है, वहीं कोरियाई जूता बनाने वाली कंपनी शोआल्स के लिए 750 एकड़ जमीन की पेशकश करने की राज्य सरकार की योजना की आलोचना हो रही है।

राज्य सरकार द्वारा कंपनी को 300 करोड़ रुपये के निवेश के बदले 750 एकड़ जमीन देने की योजना पर विभिन्न वर्गों के लोग सवाल उठा रहे हैं। इस सप्ताह की शुरूआत में उद्योग मंत्री डी श्रीधर बाबू ने घोषणा की थी कि स्मार्ट जूते बनाने वाली कंपनी शॉल्स तेलंगाना में 300 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक उत्पादन केंद्र में निवेश करने की इच्छुक है, जिससे करीब 87,000 लोगों को रोजगार मिल सकता है। मंत्री ने सचिवालय में कंपनी के चेयरमैन चीविंग ली से मुलाकात की थी।

श्रीधर बाबू ने कहा कि मधुमेह और गठिया से पीड़ित लोगों को राहत और उपचार प्रदान करने वाले विभिन्न प्रकार के उत्पादों के निर्माण के लिए भूमि की आवश्यकता है, जिसमें तलवों पर मेडिकल चिप्स वाले जूते, 10,000 कदम चलने के बाद प्रति घंटे 25 वाट बिजली उत्पन्न करने वाले जूते शामिल हैं। हम शूल के अनुरोध पर सर्वोच्च प्राथमिकता से विचार करेंगे और जल्द ही निर्णय लिया जाएगा। यहां एक बहुत बड़ी फैक्ट्री स्थापित की जाएगी जो वैश्विक बाजारों के साथ-साथ अमेरिकी बाजार की भी जरूरतों को पूरा करेगी। जूतों के निर्माण में जानवरों की खाल के उपयोग के कारण टेनरियों की आवश्यकता है, और कई लोग इन सहायक इकाइयों के साथ रोजगार पा सकेंगे, जिनकी उत्पादन सुविधा का समर्थन करने के लिए आवश्यकता होगी।

इस पर विभिन्न वर्गों की तीखी आलोचना हुई है। हैदराबाद रियल एस्टेट और इन्फ्रा के एक एक्स यूजर ने कहा कि जूते की फैक्ट्री के लिए 750 एकड़ जमीन बहुत ज्यादा लगती है और वह भी सिर्फ 300 करोड़ रुपये के निवेश के लिए। यहां तक कि रोजगार के आंकड़े भी बहुत ज्यादा लगते हैं।

उद्योग मंत्री के विभाग को ऐसे प्रस्तावों की घोषणा करने से पहले जानकारी की पूरी तरह से जांच करनी चाहिए। इसके अलावा, उद्योग मंत्री की यह घोषणा कि कोरियाई कंपनी ने 5000 एकड़ भूमि आवंटित होने पर एक स्मार्ट शहर स्थापित करने तथा जॉन हॉपकिंस जैसे प्रसिद्ध अस्पतालों को लाने का प्रस्ताव दिया है, यह भी आलोचना का विषय बन रही है।



एच2एच बिजनेस नेटवर्किंग साहसी चैप्टर ने बिजनेस मीट का आयोजन किया। बैठक में अध्यक्ष कमल सोनी ने अपनी टीम रतन कृष्णमूर्ति, धीरज भटनागर, सतीश कुमार और शशि पीसपति के साथ किया मौजूद थे। मुख्य अतिथि हिंदू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम सुंदर थे। इस अवसर पर संस्थापक गोपाल बलदवा, गीतेश केट, श्रीमती पूनम नोमुलवार और श्रीमती रीमा देब भी उपस्थित थी।



श्री खेतेश्वर सेवा समिति हैदराबाद द्वारा 3 नवंबर को श्री हनुमान मंदिर कर्मनघाट में अयोजित सुंदर कांड पाठ का निमंत्रण तलसानी श्रीनिवास यादव पूर्व मंत्री सनतनगर विधायक को देते हुए उत्तम सिंह राजपुरोहित, गुलाब सिंह, सुमेरसिंह, प्रेम सिंह, भूपेन्द्र सिंह, किरण सिंह, हनुमान सिंह राजपुरोहित, वेंकट एवं अन्य।

# वाईटीपीएस तक रेल लाइन का काम पूरा

### जल्द शुरू होगा कोयला परिवहन

हैदराबाद, 27 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। रेलवे अधिकारियों ने नलगोंडा जिले के दामराचेरला मंडल में विष्णुपुरम से यदाद्री थर्मल पावर प्लांट (वाईटीपीएस) तक निर्मित नई रेलवे लाइन पर ट्रायल रन किया। हाल ही में 8 किमी रेलवे लाइन का काम पूरा हो गया, जिससे बिजली संयंत्र तक कोयला परिवहन का रास्ता साफ हो गया। अधिकारियों के अनुसार, इस विशेष लाइन को संयंत्र तक कोयले के सुचारू परिवहन के लिए सिकंदराबाद-गुंटूर और मोटूमर्री-जग्गय्यापेट मार्गों से जोड़ा गया है।

अधिकारियों ने बताया कि दामराचेरला के निकट एक ओवरपास और दो उप-लाइनों का निर्माण कार्य चल रहा है। उन्होंने बताया कि नियमित आधार पर लगभग 50,000 मीट्रिक टन कोयले की आवश्यकता है और इस लाइन पर दस रेक आते-जाते रहेंगे। सूत्रों के अनुसार, विष्णुपुरम रेलवे स्टेशन पर सिग्नलिंग प्रणाली एक अक्टूबर तक पूरी होनी थी, लेकिन बल्हारशाह-काजीपेट-विजयवाड़ा रेलवे लाइन पर मरम्मत कार्य के कारण कुछ ट्रेनों को बीबीनगर-नदीकुड़ी मार्ग पर डायवर्ट कर दिया गया, जिसके कारण विष्णुपुरम में सिग्नलिंग प्रणाली बदलने का काम स्थगित कर दिया गया चूंकि रेलवे लाइन का काम पूरा हो चुका है, इसलिए अधिकारियों को उम्मीद है कि संयंत्र की दोनों इकाइयां शीघ्र ही चालू हो जाएंगी। बिजली के पूर्ण उत्पादन के लिए तैयारी के परीक्षण के हिस्से के रूप में, मई में दो बॉयलर इकाइयों को 'फायर' किया गया था। अधिकारियों ने कहा कि 800 मेगावाट की दो इकाइयों के प्रत्येक खंड के एक साथ काम करने की पुष्टि करने के लिए सभी परीक्षण पूरे होने में लगभग पांच से छह महीने लगेंगे। उन्होंने कहा कि एक बार ऐसा हो जाने के बाद, यूनिट-I और यूनिट-II थर्मल पावर के वाणिज्यिक उत्पादन के लिए तैयार हो जाएंगे।

जेनको ने परियोजना का क्रियान्वयन कर रही भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) के लिए चरण-I की दो इकाइयों को अक्टूबर तक और चरण-II की तीन इकाइयों को मार्च, 2025 तक चालू करने की समय-सीमा तय की है। रेलवे लाइन के निर्माण में देरी के कारण दोनों इकाइयों के नवंबर में चालू होने की संभावना है।

## किस्तों में करें बिजली बिल का भुगतान



हैदराबाद, 27 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना की उत्तरी विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (टीजीएनपीडीसीएल) के अधिकारियों ने स्वीकार किया कि मंचेरियल के चेन्नूर में कोमेरा के एक उपभोक्ता को बिजली कर्मचारियों की लापरवाही के कारण आठ वर्षों से एक साथ 1.47 लाख रुपये का लंबित बिजली बिल जारी किया गया था, उन्होंने कहा कि उसे आसान किश्तों में राशि का भुगतान करने की अनुमति दी जाएगी।

कोमेरा गांव में शनिवार को एक बिजली स्टेशन के सामने एक उपभोक्ता द्वारा 1.47 लाख रुपये के बिजली बिल के विरोध में धरना देने के संबंध में एनपीडीसीएल के अधीक्षण अभियंता श्रवण कुमार ने कहा कि स्थानीय बिजली कर्मचारियों की गलती के कारण उपभोक्ता गट्टू संपत को आठ साल की अवधि के लिए एक साथ 1.47 लाख रुपये का बिल मिला।

उन्होंने बताया कि प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार मीटर वर्ष 2016 में उपभोक्ता को जारी किया गया था लेकिन कुछ कर्मचारियों की लापरवाही के कारण बिलिंग नहीं की गई। उन्होंने बताया कि शिकायत पर विचार किया गया और मई 2024 में खपत के लिए बिल जारी किया गया। एसई ने कहा कि यह सही है कि करीब 8 साल तक एक बार बिल दिया गया था और उपभोक्ता को किश्तों में भुगतान करने की छूट दी जाएगी। उन्होंने कहा कि अगर कोई गलती है तो हम उसे सुधारेंगे। रीडिंग की औसत राशि की गणना करके बिलिंग तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि मीटर को एलटी लैब भेजा जा रहा है तथा संगठन भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हो इसके लिए सभी सावधानियां बरतेगा।

## टीटीडी ने 31 अक्टूबर को वीआईपी ब्रेक रद्द किया

तिरुमला, 27 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) ने तिरुमला मंदिर में दीपावली अस्थानम के बाद 31 अक्टूबर को वीआईपी ब्रेक दर्शन (प्रोटोकॉल वीआईपी को छोड़कर) रद्द कर दिया है। इसे देखते हुए 30 अक्टूबर को तिरुमाला में अनुशंसा पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे। भक्तों से अनुरोध है कि वे इस पर ध्यान दें और टीटीडी के साथ सहयोग करें।

# मूसी कायाकल्प परियोजना केवल रियल एस्टेट व्यवसाय के लिए है : केटीआर

हैदराबाद, 27 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव ने राज्य सरकार की कड़ी आलोचना की है कि मूसी कायाकल्प परियोजना केवल रियल एस्टेट व्यवसाय के लिए शुरू की गई है। केटी रामाराव ने कहा, राज्य सरकार के पास ऋण माफी और रायथु बंधु योजनाओं के लिए कोई पैसा नहीं है, लेकिन वह मूसी कायाकल्प परियोजना के लिए रुचि दिखा रही है, जो पूरी तरह से रियल एस्टेट व्यवसाय के लिए है। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष ने पार्टी विधायकों और एमएलसी के साथ रविवार को शहर के नचाराम में एक एसटीपी का निरीक्षण किया। इस अवसर पर बोलते हुए केटी रामाराव ने कहा कि बीआरएस पार्टी मूसी नदी के सौंदर्यीकरण के



खिलाफ नहीं है, लेकिन वह परियोजना के नाम पर पैसे लूटने के खिलाफ है।

उन्होंने कहा, बीआरएस की पिछली सरकार ने हैदराबाद को वैश्विक शहर बनाने के लिए कड़ी मेहनत की थी। तेलंगाना सभी क्षेत्रों में विकास के पथ पर अग्रसर है।

तेलंगाना हर घर को पानी उपलब्ध कराने वाला पहला राज्य है। हैदराबाद को पीने का पानी और बिजली से मुक्त किया गया। इसके अलावा, बारिश के कारण बाढ़ को रोकने के लिए कदम उठाए गए। शहर में नालों और भूमिगत जल निकासी को करोड़ों रुपये से विकसित किया गया। बीआरएस सरकार ने पर्याप्त एसटीपी स्थापित करके 100 प्रतिशत मूसी जल उपचार के लिए कदम उठाए हैं। हमने एलबी नगर में भारत का सबसे बड़ा एसटीपी बनाया है। हमने मूसी पर 14 पुल बनाने की योजना बनाई है। मूसी नदी के विकास के लिए कुल 20,000 करोड़ रुपये की योजना बनाई गई है। लेकिन, मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी कह रहे हैं कि मूसी को 1.5 लाख करोड़ रुपये से सुंदर बनाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पैसे के बंडलों को नई दिल्ली भेजने के प्रयास में, परियोजना को राज्य सरकार ने अपने हाथ में ले लिया है।

# छठ पूजा की तैयारी के लिए बैठक

हैदराबाद, 27 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। जन सेवा संघ के महासचिव राजीव चौबे द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार जन सेवा संघ नेकलेस रोड़ छठ पूजा घाट समिति की बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड के सभी छठ व्रतियों के लिए पूजा घाटों की तैयारी की जा रही है। नेकलेस रोड घाट का सर्वेक्षण करते हुए संस्था के महासचिव राजीव चौबे, कोषाध्यक्ष बिनीत सिंह, संघ के कार्यालय प्रभारी सीताराम ठाकुर, एस पी सिंह एवं हरी सिंह ने बताया कि लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ के साथ ही तेलंगाना सरकार के पदाधिकारी और अनेकों गणमान्य लोग इस घाट पर पहुंचकर भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित करते हैं।

जन सेवा संघ के प्रेरणा स्रोत वीके सिंह पूर्व पुलिस महानिदेशक ने सभी श्रद्धालुओं के लिए एक गाइडलाइन जारी किया है ताकि अपनी संस्कृति, अपनी परंपरा स्वच्छ और आदर्श बनी रहे। नेकलेस रोड घाट संजीवया पार्क जन सेवा संघ का महत्वपूर्ण घाट है इसके अलावे 27 घाटों पर संघ द्वारा छठ पूजा का आयोजन किया गया है। इस बैठक में एल एम चौधरी, सुनील श्रीवास्तव, हरी सिंह, संजय यादव, नारायण ओझा, बबलू ओझा, दीपक सिंह आदि शामिल हुए।

## डंडारी मंडलियों ने खाको मंदिर का किया दौरा



मंचेरियल, 27 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। डंडारी-गुसाडी उत्सव की प्रस्तावना के रूप में, डंडारी मंडलियों ने रविवार को दांडेपल्ली मंडल के गुडीरेवु गांव में प्राचीन पद्मलपुरी काको मंदिर का दौरा किया। मोर के पंखों से बने मुकुट पहने, पूर्ववर्ती आदिलाबाद के कई हिस्सों और पड़ोसी महाराष्ट्र के आदिवासियों की टोलियां गुडीरेवु पहुंचीं और मंदिर में उमड़ पड़ीं। उन्होंने लोकप्रिय नृत्य गुसाडी का प्रदर्शन किया, जिसने भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आदिवासी महिलाएं और पुरुष पारंपरिक संगीत वाद्ययंत्रों की धुनों पर नाच रहे थे। मंदिर के आसपास का क्षेत्र ढोल की थाप और आदिवासी कलाकारों द्वारा बजाए जा रहे वाद्य यंत्रों की मधुर संगीत से गूंज रहा था। वातावरण पूरी तरह से उत्सव के उल्लास और धूमधाम से भरा हुआ था। मंडलियां और आदिवासी ट्रैक्टर, ट्रॉली और जीपों से पवित्र स्थान पर पहुंचे। मेले के आयोजकों ने उन्हें भोजन कराया।

गोंड और कोलम समुदायों के पुजारियों ने मंदिर में पारंपरिक अनुष्ठान किए। जातीय जनजातियों ने देवता को प्रसाद चढ़ाया और उनमें से कुछ ने जानवरों की बलि दी। मंदिर में प्रवेश करने से पहले उन्होंने नदी में डुबकी लगाई। दल के आने से गांव में चहल-पहल बढ़ गई है। अप्रिय घटनाओं को रोकने के लिए सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पद्मलपुरी खाको निरंजन गुरु की सातवीं बेटी हैं, जिनके बारे में कहा जाता है कि वे पानी से पैदा हुए थे।

CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I Salim Nuruddin Lakhani, S/o. Late Nuruddin Lakhani, R/o H.No. 1-8-201/205, Greengates, PG Road, Secunderabad have changed my name to Salim Lakhani vide affidavit dated: 25th Oct, 2024 sworn before Notary: T Tirumalesh Goud, Secunderabad for all future purposes

सावधान

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन का प्रतिवादन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।

स्वतंत्र वार्ता

Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

# न्यूजीलैंड से 2 टेस्ट हार चुकी टीम इंडिया पर सख्ती

## रोहित-कोहली समेत टीम दिवाली पर भी ट्रेनिंग करेगी, तीसरा टेस्ट डब्ल्यूटीसी के लिए अहम

मुंबई, 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड के खिलाफ 2 टेस्ट हार चुकी टीम इंडिया को दिवाली पर भी ट्रेनिंग करनी पड़ेगी। 3 टेस्ट मैचों की सीरीज में भारतीय टीम 2-0 से पीछे चल रही है। तीसरा टेस्ट मुंबई में होना है और यह वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के लिए अहम है।

टीम मैनेजमेंट ने कहा है कि सभी प्लेयर्स एक नवंबर से शुरू होने जा रहे मुंबई टेस्ट की तैयारियां करेंगे। भारतीय टीम मैनेजमेंट ने ऑप्शनल ट्रेनिंग सेशन नहीं रखने का फैसला लिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, तीसरे टेस्ट से पहले टीम इंडिया मुंबई में 30 और 31 अक्टूबर को अभ्यास करेगी। ये सेशन सभी खिलाड़ियों को अटैंड करना होगा। रोहित, कोहली और बुमराह जैसे सीनियर प्लेयर्स को भी दिवाली में आराम नहीं मिलेगा।



**डब्ल्यूटीसी के लिहाज से अहम है मुंबई टेस्ट**

मुंबई टेस्ट वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के लिहाज से भारतीय टीम के लिए अहम है। लगातार 2 मैच हारने के बाद इंडिया को अब अगले 6 टेस्ट में से 4 जीतने ही होंगे। 5 मैच ऑस्ट्रेलिया में हैं। ऐसे में टीम इंडिया को आखिरी मैच जीतना ही होगा। न्यूजीलैंड की टीम भारत के खिलाफ क्लीन स्वीप करने में कामयाब हो जाती है तो WTC फाइनल में पहुंचना मुश्किल होगा।

**2 पॉइंट्स में ट्रेनिंग सेशन**

ऑप्शनल (वैकल्पिक): आमतौर पर मैच से पहले ऑप्शनल ट्रेनिंग सेशन रखा जाता है। इसमें खिलाड़ी के पास ट्रेनिंग छोड़ने का विकल्प रहता है। इस सेशन में वे खिलाड़ी हिस्सा लेते हैं, जिन्हें ट्रेनिंग की जरूरत होती है। शेष खिलाड़ी होटल में आराम करते हैं। मैच से पहले खिलाड़ियों को तरोताजा रखने के लिए ऑप्शनल ट्रेनिंग सेशन रखा जाता है।

नेसेसरी (जरूरी): यह ट्रेनिंग सेशन तब रखा जाता है, जब दो मैचों के बीच गैप हो। इस सेशन में टीम के सभी खिलाड़ियों का मौजूद रहना अनिवार्य होता है।

(आमतौर पर यात्रा और मैच के अगले दिन ट्रेनिंग सेशन नहीं रखा जाता, ताकि प्लेयर्स आराम कर सकें।)

**सीरीज में 0-2 से पिछड़ रही है भारतीय टीम**

भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ 3 मैचों की सीरीज में 0-2 से पिछड़ रही है। टीम को कीवियों ने शुरुआती 2 टेस्ट मैच में हराया है। इससे पहले टीम इंडिया ने बांग्लादेश के खिलाफ 2 टेस्ट की सीरीज में क्लीन स्वीप किया था।

# पीएम मोदी ने अर्जुन एरिगेसी को 2800 शतरंज रेटिंग पार करने पर दी बधाई

## बोले-अभूतपूर्व उपलब्धि





नई दिल्ली, 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को भारतीय शतरंज खिलाड़ी अर्जुन एरिगेसी को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने लाइव शतरंज रेटिंग में अर्जुन एरिगेसी के 2800 अंक पार करने को अभूतपूर्व उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह एक बहुत बड़ी व्यक्तिगत उपलब्धि होने के अलावा कई अन्य युवाओं को शतरंज खेलने और वैश्विक मंच पर चमकने के लिए प्रेरित करेगा। पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद के बाद एरिगेसी 2800 ईएलओ रेटिंग को पार करने वाले केवल दूसरे भारतीय खिलाड़ी बन गए थे।

ईएलओ 2800 रेटिंग क्लब में शामिल होना आसान नहीं है। इतिहास में अब तक केवल 16 खिलाड़ियों ने प्रकाशित रेटिंग में 2800 ईएलओ अंकों को पार किया है। अर्जुन की रेटिंग फिलहाल 2802.1 है। हाल ही में अर्जुन ने भारत की ऐतिहासिक शतरंज ओलंपियाड जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। हंगरी के बुडापेस्ट में अर्जुन का प्रदर्शन शानदार रहा था। भारत के लिए तीसरे बोर्ड पर खेलते हुए उन्होंने 11 राउंड में नौ जीत और दो ड्रॉ दिए, जिससे भारत की टीम की जीत में महत्वपूर्ण योगदान मिला।

मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, लाइव शतरंज रेटिंग में 2800 अंक का आंकड़ा पार करने के लिए अर्जुन एरिगेसी को बधाई! यह एक अभूतपूर्व उपलब्धि है। उनकी असाधारण प्रतिभा और दृढ़ता हमारे पूरे देश को गौरवांवित करती है। एक महान व्यक्तिगत उपलब्धि होने के अलावा, यह कई और युवाओं को शतरंज खेलने और वैश्विक मंच पर चमकने के लिए प्रेरित करेगा। उनके भविष्य के प्रयासों के लिए उन्हें शुभकामनाएं।

**अर्जुन की शतरंज शैली काफी विकसित हुई**

अर्जुन की शतरंज शैली पिछले कुछ वर्षों में काफी विकसित हुई है। उन्हें शुरू में एक स्थितिगत खिलाड़ी के रूप में जाना जाता था, लेकिन धीरे-धीरे उन्होंने अपने खेल को समझा और कई सुधार किए और अब दुनिया के शीर्ष खिलाड़ियों में उनका नाम आता है। अर्जुन के ग्रैंडमास्टर बनने का सफर बहुत कम उम्र में शुरू हो गया था। उन्होंने 2017 में अपना अंतरराष्ट्रीय मास्टर खिताब अर्जित किया था और एक साल बाद 14 साल की उम्र में अपना ग्रैंडमास्टर खिताब हासिल किया। वह 14 साल की उम्र में विश्व युवा शतरंज चैंपियनशिप में अंडर -2017 डिवीजन में उपविजेता बने थे।

# अंडर-23 विश्व कुश्ती में अंजलि ने जीता रजत



तिराना, 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय महिला पहलवान अंजलि ने अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप के 59 भारवर्ग में रजत पदक हासिल किया। वहीं, फ्री स्टाइल में चिराग ने 55 किग्रा भारवर्ग में कम से कम रजत पदक तय कर दिया है। नेहा शर्मा (57 भारवर्ग), शिक्षा (65 ) और मोनिका (68 भारवर्ग) कांस्य पदक जीतने में सफल रहीं। नेहा और मोनिका ने चीन और शिक्षा ने जापान की पहलवान को हराया। ग्रीको रोमन में रामचंद्र मोरे (55 भारवर्ग) ने भी कांस्य पदक अपनी झोली में डाला।

सेमीफाइनल में इअली की अयुरोरा को चित करने वालीं अंजलि फाइनल में यूक्रेन की सोलामिया से अंकों के आधार पर हार गईं। चिराग का फाइनल में किर्गिस्तान के अबदीमलिक काराचोव से मुकाबला होगा। अठारह साल के चिराग ने लगातार तीन कुश्तियां जीतकर खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया है। अभिषेक गुप्ता (61 भारवर्ग), सुजीत (70 भारवर्ग) भी कांस्य की होड़ में हैं।

# भारतीय जूनियर हॉकी टीम ने न्यूजीलैंड को शूटआउट में हराया

## कांस्य पदक हासिल किया

नई दिल्ली, 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। गोलकीपर बिक्रमजीत सिंह के शानदार प्रदर्शन की मदद से भारत ने पेनाल्टी शूटआउट में न्यूजीलैंड को 3-2 से हराकर सुल्तान जोहोर कप जूनियर पुरुष हॉकी टूर्नामेंट में कांस्य पदक जीता। निर्धारित समय में मैच 2-2 सबसे बराबर रहा जिसके बाद शूटआउट का सहारा लिया गया। शूटआउट में भारत की तरफ से स्ट्राइकर गुरजोत सिंह, मनमीत सिंह और सौरभ आनंद कुशवाह ने पेनाल्टी को गोल में बदला, जबकि बिक्रमजीत ने तीन बचाव करके भारत को जीत दिलाई।



इससे पहले निर्धारित समय में दिलराज सिंह (11वें मिनट) और मनमीत सिंह (20वें) ने भारत को शानदार शुरुआत दिलाई लेकिन न्यूजीलैंड ने अंतिम क्वार्टर में ओवेन ब्राउन (51वें) और जोंटी एल्म्स (57वें) के गोल की मदद से अच्छी वापसी की थी। भारत ने पहले 20 मिनट में ही दो गोल कर दिए थे। खेल के 11वें मिनट में ही दिलराज ने मुकेश टोप्पो की मदद से गोल करके भारत को 1-0 से आगे कर दिया। दूसरे क्वार्टर में भी भारत ने खेल पर नियंत्रण बनाए रखा। मनमीत ने 20वें मिनट में अनमोल एक्का और मुकेश के शानदार स्टिकवर्क की मदद से मैदानी गोल किया।

इसके बाद भारत ने लगातार हमले किए लेकिन वह अपनी बढ़त और मजबूत नहीं कर पाया। तीसरे क्वार्टर में कोई भी टीम गोल नहीं कर पाई लेकिन न्यूजीलैंड ने चौथे क्वार्टर में दो गोल करके वापसी की, जिससे भारत की कांस्य जीतने की उम्मीदें अधर में लटक गईं। खेल के 51वें मिनट में ब्राउन ने ब्रैडली रोथवेल के क्रॉस पर बड़ी खूबसूरती से मैदानी गोल किया। इसके छह मिनट बाद एल्म्स ने गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। एल्म्स ने भारत के खिलाफ पिछले मैच में हैट्रिक बनाई थी।


# श्रीलंका में लगातार 10 वनडे हारने के बाद जीता वेस्टइंडीज

## एविन लुईस का शतक, शेरफेन रदरफोर्ड की फिफ्टी; पिछली जीत 1993 में मिली थी

कैंडी, 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। वेस्टइंडीज ने श्रीलंका दौरे पर बारिश से प्रभावित आखिरी वनडे मैच को आठ विकेट से जीत लिया है। यह श्रीलंका में उनकी लगातार 10 हार के बाद पहली वनडे जीत थी।

2021 के बाद से अपना पहला वनडे खेल रहे एविन लुईस ने 61 गेंदों पर नाबाद 102 रनों की पारी खेली। कैरिबियाई टीम को DLS मेथड के तहत 196 रन का टारगेट मिला था। तीन वनडे मैचों की सीरीज का आखिरी मुकाबला कैंडी स्थित पल्लेकेले अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में खेला गया। बारिश की वजह से यह मैच 23-23 ओवर का खेला गया।

वेस्टइंडीज ने टॉस जीत कर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 3 विकेट के नुकसान पर 156 रन बनाए।



**आखिरी 5.4 ओवर में श्रीलंका ने बनाए 75 रन**

पहले बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंकाई टीम के 17.2 ओवर ही हुए थे। तभी बारिश आ गई। जब दोबारा खेल शुरू हुआ तो मैच 23-23 ओवर कराने का फैसला किया गया। ऐसे में श्रीलंका को 5.4 ओवर ही खेलने को मिले। श्रीलंका ने अंतिम 5.4 ओवरों में 75 रन बनाए और 3 विकेट पर 156 रनों का स्कोर खड़ा किया।

इस दौरान टीम के लिए पथुम निसांका और कुसल मेंडिस दोनों ने 56 रन बनाए। मेंडिस ने 9 चौके और 1 छक्के की मदद से 254.55 के स्ट्राइक रेट से रन स्कोर किए, जबकि निसांका ने 90 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। मेंडिस ने 19 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। वहीं वेस्टइंडीज के लिए शेरफेन रदरफोर्ड और रोस्टन चेज ने 1-1 विकेट चटकाया।


**वेस्टइंडीज को मिला रिवाइज्ड टारगेट**

वेस्टइंडीज को DLS के तहत 195 रनों का रिवाइज्ड टारगेट मिला। लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज ने 22 ओवर में 196/2 रन बोर्ड पर लगाकर 8 विकेट से जीत हासिल कर ली। इस दौरान टीम के लिए एविन लुईस ने शानदार पारी खेलते हुए 61 गेंदों में 9 चौके और 4 छक्कों की मदद से नाबाद 102 रन स्कोर किए। इसके अलावा शेरफेन रदरफोर्ड ने 26 गेंदों में 4 चौके और 3 छक्कों की मदद से नाबाद 50 रन बनाए।

लुईस और रदरफोर्ड ने तीसरे विकेट के लिए 45 गेंदों पर 85 रनों की साझेदारी कर टीम को जीत दिलाई। श्रीलंका के लिए असिथा फर्नांडो और दिलशान मदुशंका ने 1-1 विकेट अपने नाम किया।

# मनिका डब्ल्यूटीटी चैंपियंस टूर्नामेंट के एकल क्वार्टर फाइनल में पहुंची

## बर्नाडेट एस को हराया



खेल डेस्क, 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत की स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा ने रोमानिया की 14वीं रैंकिंग वाली बर्नाडेट एस को हराकर फ्रांस के मोंटपेलियर में चल रहे डब्ल्यूटीटी चैंपियंस टूर्नामेंट महिला एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

दुनिया की 30वें नंबर की खिलाड़ी बत्रा ने 29 मिनट में 11-9, 6-11, 13-11, 11-9 से जीत दर्ज की।

**चीन की कियान से होगा सामना**


मनिका ने पेरिस ओलंपिक प्री क्वार्टर फाइनल में भी इसी प्रतिद्वंद्वी को हराया था। अब बत्रा का सामना चीन की कियान तियांयी से होगा। कियान ने अपनी हमवतन वांग यिडि को 11-7, 11-9, 13-11 से हराया। भारत की श्रीजा अकुला को दुनिया की 13वें नंबर की खिलाड़ी पुएर्तो रिको की एड्रियाना डियाज ने पहले दौर में हरा दिया था।

# रमीज राजा ने जीत के बावजूद पाकिस्तानी कप्तान पर कसा तंज, पूछा अजीबोगरीब सवाल

इस्लामाबाद, 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान ने करीब 4 साल के बाद अपने घर पर टेस्ट सीरीज में जीत हासिल की है. कप्तान शान मसूद की अगुवाई में टीम ने इंग्लैंड को रावलपिंडी टेस्ट में मात देकर 2-1 से सीरीज पर कब्जा जमाया. पाकिस्तान के लिए ये जीत एक बड़ी उपलब्धि है, क्योंकि पिछले 4 सालों से वह घरेलू टेस्ट सीरीज में जीत के लिए तरस गई थी.

वहीं कप्तान शान मसूद ने भी लगातार 6 टेस्ट मैच और 2 सीरीज हारने के बाद पहली बार कामयाबी हासिल की. इस सफलता के बावजूद पाकिस्तान के दिग्गज क्रिकेटर रमीज राजा ने तंज करने की कोशिश की.

उन्होंने लाइव टीवी पर शान मसूद से अजीबोगरीब सवाल पूछ लिया. पीसीबी ने उनके सवाल को नोटिस में ले लिया है और अब उनकी नौकरी खतरे में आ गई है.



**रमीज राजा पर होगा एक्शन?**

पाकिस्तान की जीत के बाद कप्तान शान मसूद इंटरव्यू दे रहे थे. इस दौरान एंकर ने उनसे कहा कि इस जीत से आप कप्तान के तौर पर काफी सुकून में होंगे, क्योंकि इसके पहले लगातार 6 टेस्ट मैच में हार का करना पड़ा था. एंकर का अभी इतना कहना था कि रमीज राजा ने उन्हें बीच में टोकते हुए शान मसूद पर तंज कर दिया. उन्होंने शान से कहा कि 'लगातार 6 हार को आपने कैसे हासिल किया.' इतना कहते ही वह हंसने लगे. हालांकि, पाकिस्तानी कप्तान ने बहुत आराम से जवाब दिया. उनके इस सवाल को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने नोटिस में लिया है. पाकिस्तान मीडिया के रिपोर्ट के अनुसार, उन पर एक्शन लिया जा सकता है. वह पाकिस्तान की अगली सीरीज में कमेंट्री पैनल से निकाले जा सकते हैं.

शान मसूद को हाल ही में कप्तान बनाया गया था. कप्तान बनने के बाद वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहली सीरीज में हार गए थे. इसके बाद बांग्लादेश की टीम ने पाकिस्तान को 2-0 से मात दे दी. वहीं इस सीरीज में इंग्लैंड की टीम ने मुल्तान टेस्ट में 800 से ज्यादा रन बनाकर मैच अपने नाम किया था और सीरीज में 1-0 की बढ़त ले ली थी. इससे उनकी कप्तान पर सवाल उठने लगे थे और पूरी टीम की भी जमकर बेइज्जती हुई थी.

लेकिन इसके बाद उन्होंने बोर्ड के साथ मिलकर टीम में कुछ बदलाव किए. फिर वापसी करते हुए मुल्तान और रावलपिंडी में जीत दर्ज की और 2-1 से सीरीज अपने नाम किया. बता दें, इससे पहले उसने साउथ अफ्रीका को साल 2021 की शुरुआत में अपने घर पर हराया था. यानी लगभग 4 साल के इंतजार के बाद पाकिस्तान को अपने घर पर टेस्ट सीरीज में जीत नसीब हुई है.

# कैच पकड़ने में सीएसके के खिलाड़ी सबसे आगे, टॉप-5 में 2 प्लेयर्स शामिल



मुंबई, 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। चेन्नई सुपर किंग्स आईपीएल इतिहास की सबसे सफल टीमों में एक है। महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में सीएसके ने पांच बार आईपीएल का खिताब जीता है। वहीं इस टीम और खिलाड़ियों ने कई रिकॉर्ड अपने नाम किए हैं। वहीं आज हम इस टीम के उन दो खिलाड़ियों की बात करने वाले हैं। जिन्होंने आईपीएल इतिहास में काफी सारे कैच पकड़कर टॉप-5 खिलाड़ियों की लिस्ट में अपनी जगह बनाई है।

**टॉप-5 में शामिल ये 2 खिलाड़ी**

आईपीएल इतिहास में चेन्नई सुपर किंग्स की फील्डिंग सबसे शानदार मानी जाती रही है। क्योंकि टीम में सुरेश रैना जैसा दुनिया का सबसे बेहतरीन फील्डर रह चुका है, वहीं दूसरी तरफ मौजूदा दौर के बेहतरीन फील्डरों में से रवींद्र जडेजा भी सीएसके टीम का हिस्सा है। कैच पकड़ने की लिस्ट में सीएसके के ये दो खिलाड़ी टॉप-5 की लिस्ट में आजे हैं। सुरेश रैना ने साल 2008 से 2021 तक आईपीएल में धमाल मचाया। इस दौरान उन्होंने 109 कैच पकड़े। कैच पकड़ने के मामले में सुरेश रैना दूसरे नंबर पर आते हैं।

इसके अलावा रवींद्र जडेजा का नाम इस लिस्ट में चौथे नंबर पर आता है। जडेजा ने अभी तक आईपीएल में 103 कैच पकड़े हैं। जहां सुरेश रैना पहले ही आईपीएल से भी संन्यास ले चुके हैं। तो वहीं जडेजा अभी भी सीएसके का हिस्सा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक चेन्नई सुपर किंग्स एक बार फिर से जडेजा को रिटेन करने के लिए तैयार है। जडेजा सीएसक की पहली रिटेंशन लिस्ट में शामिल है, ऐसे में सीएसके उनको 18 करोड़ रुपये में रिटेन कर सकती है।

**इस खिलाड़ी ने पकड़े सबसे ज्यादा कैच**

कैच पकड़ने के मामले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के पूर्व कप्तान और स्टार खिलाड़ी विराट कोहली का नाम सबसे पहले आता है। आईपीएल की शुरुआत से ही कोहली आरसीबी के लिए खेलते हुए आ रहे हैं, हालांकि अभी तक आरसीबी आईपीएल का खिताब नहीं जीत पाई है। लेकिन कैच पकड़ने के मामले में कोहली सबसे आगे हैं। आईपीएल में विराट ने अभी तक 114 कैच पकड़े हैं।

# गांवों में भी सदर महोत्सव आयोजित करने की जरूरत : रेवंत रेड्डी

## मुख्यमंत्री ने सदर सम्मेलन में भाग लिया



हैदराबाद, 27 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने आज (रविवार) हैदराबाद के एनटीआर स्टेडियम में सदर सम्मेलन (महोत्सव) में भाग लिया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हैदराबाद शहर के विकास में यादव बंधुओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। यह राज्य के लिए एक सुखद क्षण है कि हैदराबाद शहर में प्रतिष्ठित सदर महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पहले ही घोषणा की जा चुकी है कि सदर सम्मेलन का आयोजन राज्य सरकार द्वारा आधिकारिक रूप से किया जा रहा है। सदर महोत्सव का आयोजन हर साल आधिकारिक रूप से किया जाएगा। "सदर का मतलब यादवों का खादर" है। गांवों में भी सदर महोत्सव आयोजित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने तेलंगाना राज्य में यादव समुदाय को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने के लिए अनिल कुमार यादव को राज्यसभा सांसद के रूप में नामित किया। कांग्रेस आने वाले दिनों में यादव समुदाय को और अधिक राजनीतिक अवसर प्रदान करेगी। यादव बंधुओं ने हैदराबाद शहर में पशुधन का पालन-पोषण किया। समुदाय मूसी जलग्रहण क्षेत्र के तट पर पशुओं के लिए चारा उगाता था। आइए मूसी नदी को पुनर्जीवित करें जो कचरे के ढेर में बदल गई थी। यादव समुदाय से शहर के विकास में सरकार का समर्थन करने की अपील है। कुछ ताकतों द्वारा पैदा की गई बाधाओं के बावजूद, कांग्रेस ने हैदराबाद शहर को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विकसित करने की जिम्मेदारी ली। हम मूसी जलग्रहण क्षेत्र में रहने वाले लोगों के जीवन स्तर में सुधार करने जा रहे हैं। यादव भाइयों को भी अवसरों का लाभ उठाना चाहिए। अंजन कुमार यादव मुशीराबाद विधानसभा क्षेत्र से चुनाव जीतते तो राज्य मंत्रिमंडल में मंत्री होते। हालांकि अंजन कुमार यादव चुनाव हार गए, लेकिन कांग्रेस ने यादव समुदाय को महत्व देते हुए अनिल कुमार यादव को सांसद पद दिया। भगवान कृष्ण हमेशा धर्म के पक्ष में खड़े रहे। यही कारण है कि बुरी ताकतें हार गईं और धर्म की जीत हुई। यादव समाज से अपील है कि वे धर्म का साथ दें और अधर्म पर विजय पाएं।

## 39 टीजीएसपी कर्मियों को किया गया निलंबित

हैदराबाद, 27 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। प्रदर्शन कर रहे टीजीएसपी कर्मियों पर नकेल कसते हुए रविवार को कदाचार और भड़काने के आरोप में 39 कर्मियों को निलंबित करने के आदेश जारी किए गए। आदेश में कहा गया है कि टीजीएसपी के कुछ कर्मियों ने बटालियन परिसर के अंदर और सड़कों पर भी आंदोलन किया। तेलंगाना विशेष पुलिस (टीजीएसपी) में अनुशासन और सत्यनिष्ठा बनाए रखने के उद्देश्य से बटालियन कर्मियों के बीच आंदोलन के लिए दूसरों को उकसाने सहित सरकारी सेवकों के प्रति अनुचित आचरण में शामिल कर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। आदेशों में कहा गया है कि इन व्यक्तियों ने आचरण नियमों का उल्लंघन किया है तथा सरकारी कर्मचारियों से अपेक्षित आचरण के विपरीत आचरण किया है।

निलंबित कर्मियों ने कथित तौर पर बटालियन के भीतर अशांति को बढ़ावा दिया है, जिससे मनोबल और परिचालन दक्षता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।

इस तरह की कार्रवाइयां न केवल अनुशासनात्मक ढांचे को कमजोर करती हैं, बल्कि तेलंगाना में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए समर्पित वर्दीधारी बल की छवि को भी धूमिल करती हैं। गहन जांच चल रही है।

# भट्टी ने महिलाओं के लिए आर्थिक सशक्तिकरण पर जोर दिया



खम्मम, 27 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए विभिन्न उपाय कर रही है। रविवार को यहां कलेक्ट्रेट में इंदिरा महिला शक्ति कैंटीन का उद्घाटन करने के बाद एक कार्यक्रम में बोलते हुए उपमुख्यमंत्री ने बताया कि इंदिरम्मा राज्यम सरकार के तहत, ब्याज मुक्त ऋण और विभिन्न सहायता कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए कई पहल की गई थीं। महिला स्वयं सहायता समूहों की सदस्यों से बातचीत करते हुए उपमुख्यमंत्री ने महिलाओं को लाभदायक व्यवसाय स्थापित करने और उसे बनाए रखने में मदद करने के लिए ब्याज मुक्त ऋण के महत्व पर चर्चा की। उन्होंने उल्लेख किया कि पिछली सरकारों ने इन ऋणों को बंद कर दिया था, जबकि वर्तमान प्रशासन ने महिला उद्यमियों को समर्थन देने के लिए उन्हें फिर से शुरू किया है। भट्टी विक्रमार्क ने आश्वासन दिया कि सरकार ब्याज खर्च को वहन करेगी, जिससे महिला समूहों को किसी भी पुनर्भुगतान बोझ से राहत मिलेगी। उन्होंने चेतावनी दी कि महिला स्वयं सहायता समूहों को बाधित करने के किसी भी प्रयास का सख्त कार्रवाई से सामना किया जाएगा। खम्मम में इंदिरा महिला शक्ति कैंटीन की हाल ही में स्थापना पर प्रकाश डालते हुए भट्टी विक्रमार्क ने कहा कि महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा संचालित कैंटीन महिलाओं को स्वतंत्र रूप से आय उत्पन्न करने में सक्षम बनाने की सरकार की रणनीति का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने आरटीसी बसों में महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा भी शुरू की है, जिससे जुड़ी लागत सरकार वहन करेगी, जो हर महीने 400 करोड़ रुपये है। उपमुख्यमंत्री ने महिला उद्यमियों को प्रशिक्षण, संसाधन और बाजारों तक पहुंच सहित व्यापक सहायता प्रदान करने की योजनाओं का विवरण दिया। उन्होंने घोषणा की कि महिलाओं को सालाना 20,000 करोड़ रुपये का ब्याज मुक्त ऋण आवंटित किया जाएगा, जिसका महत्वाकांक्षी लक्ष्य अगले पांच वर्षों में 1 लाख करोड़ रुपये वितरित करना है। इसके अतिरिक्त, प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में एमएसएमई पार्क स्थापित करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं, जिसमें सड़क, बिजली और जल निकासी बुनियादी ढांचे जैसी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। उपमुख्यमंत्री ने स्थानीय उद्योगों और ग्रामीण विकास पहलों में महिलाओं की भागीदारी के महत्व को भी रेखांकित किया और अधिकारियों को इन अवसरों को जमीनी स्तर के समुदायों तक पहुंचाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सरकार भविष्य में पर्यटन विकास सहित महिलाओं के लिए राजस्व के अवसर पैदा करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही है और हाल ही में मधिरा में इंदिरा महिला डेयरी का शुभारंभ किया गया है। उपमुख्यमंत्री ने जिला कलेक्ट्रेट में कई सुविधाओं का भी उद्घाटन किया, जिसमें बस स्टॉप शेल्टर, महिलाओं के लिए चाय की दुकान, महिलाओं के लिए लाउंज और कर्मचारियों के लिए कैफेटेरिया शामिल हैं।

# प्राणहिता से 3 युवकों में से एक का शव बरामद

आदिलाबाद, 27 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। शनिवार को प्राणहिता नदी में डूबे तीन युवकों में से एक का शव रविवार को बेज्जुर मंडल के सोमिनी गांव से बरामद किया गया।

पुलिस ने बताया कि जहीर का शव गोताखोरों ने नदी में एक जगह से बरामद किया, जहां उसकी कब्र पानी में मिली थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए सिरपुर (टी) कस्बे के सरकारी अस्पताल में भेज दिया गया है। इरशाद और मोइज़ के शवों की तलाश के लिए तलाशी अभियान अभी भी जारी है।

जहीर, इरशाद, मोइज़ और कासिम पिकनिक स्पॉट पर नहाने के लिए नदी में गए थे। जब तीनों नदी में उतरे, तो कासिम किनारे पर बैठा था।

बताया जा रहा है कि शनिवार को तीनों को तैरना नहीं आता था, इसलिए वे नदी में गहरे स्थान पर डूब गए। तीनों बेज्जुर मंडल केंद्र के थे। इरशाद और मोइज़ चचेरे भाई थे, जबकि जहीर उनका दोस्त था।

# रहस्यमय मौतें : एक दिन के लिए घर से बाहर रहे रहवासी

## रविवार को सर्वसम्मति से वार्ड कर दिया खाली

सूर्यापेट, 27 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। सूर्यापेट जिला मुख्यालय शहर के 20वें वार्ड के भाग जम्मीगड्डा इलाके में एक के बाद एक हुई कई अज्ञात मौतों ने सामान्य जीवन में एक भयावह मोड़ ला दिया है, जिससे निवासियों को कम से कम एक पूरे दिन के लिए अपने घरों से बाहर निकलने पर मजबूर होना पड़ रहा है। किसी अभिशाप के भय से उत्पन्न दहशत के कारण निवासियों ने रविवार को सर्वसम्मति से वार्ड खाली करने का संकल्प लिया। अंधविश्वासों से प्रेरित इस सामूहिक पलायन ने मजबूरन पिकनिक मनाने का मार्ग प्रशस्त किया। यद्यपि यह कोई आनंददायक सैर-सपाटा नहीं था, बल्कि यह गहरी चिंताओं से प्रेरित एक गंभीर सामूहिक गतिविधि जैसा था। यहां रहने वाले कई लोग सुशिक्षित शिक्षक और काफी ज्ञानवान थे, इसलिए अशांति पैदा करने वाले रुझानों के खिलाफ उनकी दलीलों का बाकी लोगों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। दुःस्वप्न की शुरुआत एक मौत से हुई और पारंपरिक शोक की अवधि समाप्त होने से पहले ही चार और मौतें हो गईं। भय से ग्रसित तथा यह विश्वास करने के कारण कि यह क्षेत्र बुरी आत्माओं से अभिशप्त है, निवासियों ने सामूहिक रूप से अपने घर छोड़ने तथा पूरा दिन कहीं और बिताने का निर्णय लिया है। स्थानीय अधिकारियों ने अभी तक स्थिति पर कोई टिप्पणी नहीं की है, लेकिन इससे निवासियों के डर को दूर करने के लिए प्रशासन के सहयोग की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश पड़ता है।

# तेलंगाना सरकार के व्यवहार की निंदा

**अत्याचार कर रही सरकार : दासोजू श्रवण**



हैदराबाद, 27 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस नेता दासोजू श्रवण ने रविवार को तेलंगाना सरकार द्वारा तेलंगाना विशेष पुलिस (टीजीएसपी) कर्मियों के खिलाफ कठोर और तानाशाही उपायों की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से अपनी शिकायतें उठाने के लिए 39 पुलिसकर्मियों को निलंबित करना दमन का एक स्पष्ट कार्य है और उनकी गरिमा और संवैधानिक अधिकारों पर हमला है।

श्रवण ने इन कर्मियों पर लगाए गए अमानवीय कार्य स्थितियों पर गंभीर चिंता व्यक्त की, जो उन्हें मजदूरों की तरह काम करने के लिए मजबूर करती हैं, उन्हें लंबे समय तक अपने परिवारों से दूर रखती हैं और उन्हें बुनियादी छुट्टी से वंचित करती हैं। कई अपीलों और बार-बार किए गए अभ्यावेदन के बावजूद, राज्य प्रशासन द्वारा टीजीएसपी कर्मियों की चिंताओं को स्पष्ट रूप से नजरअंदाज किया गया है।

सरकार द्वारा विशेष पुलिस कर्मियों की कठिनाइयों को उचित परामर्श या समझे बिना पेश की गई नई छुट्टी नियमावली ने उनकी पीड़ा को और बढ़ा दिया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि छुट्टी के नियमों को मनमाने ढंग से संशोधित करना और फिर लोकतांत्रिक तरीकों से शांतिपूर्ण विरोध करने वालों को दंडित करना अत्याचार से कम नहीं है।

### बीसी आयोग ने जातिगत सर्वेक्षण के बारे में जानकारी ली

हैदराबाद, 27 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद से रवाना हुए बीसी आयोग के अध्यक्ष जी. निरंजन और सदस्य रापोलू जयप्रकाश, तिरुमलागिरी सुरेंदर, बालालक्ष्मी रंगू और विशेष अधिकारी जी. सतीश कुमार निजामाबाद आरएंडबी गेस्ट हाउस पहुंचे, जहां निजामाबाद के अतिरिक्त कलेक्टर (राजस्व), जिला बीसी विकास अधिकारी, आरडीओ और अन्य जिला अधिकारियों के साथ राज्य में किए जाने वाले व्यापक सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और जातिगत सर्वेक्षण के लिए की जा रही व्यवस्थाओं के बारे में चर्चा की गई। आयोग ने इस महीने की 29 तारीख को निज़ामाबाद में होने वाली जन सुनवाई की व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की। इसके बाद, वे शाम 5 बजे बासरा पहुंचे और ज्ञान सरस्वती अम्मावरु के दर्शन किए और जन सुनवाई कार्यक्रमों और राज्य में किए जाने वाले व्यापक आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक और जातिगत सर्वेक्षण कार्यक्रम की सफलता के लिए प्रार्थना की।

# पिछड़ा वर्ग जाति सर्वेक्षण की सार्वजनिक सुनवाई आज से

## तीन चरणों में होने वाला है बीसी सर्वेक्षण

हैदराबाद, 27 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। पिछड़ा वर्ग आयोग सोमवार से राज्य में स्थानीय निकायों में जनसंख्या के आधार पर पिछड़ी जातियों को दिए जाने वाले आरक्षण पर सार्वजनिक सुनवाई शुरू करने जा रहा है। राज्य सरकार ने पिछड़ी जातियों के लिए स्थानीय निकायों में आरक्षण का प्रतिशत तय करने का काम पिछड़ी जातियों के आयोग को सौंपा है। राज्य में बीसी सर्वेक्षण 8 सप्ताह की अवधि में तीन चरणों में होने वाला है। पहले चरण में लगभग 1.2 करोड़ परिवारों को सूचीबद्ध करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। दूसरे चरण में गणनाकर्ता घरों से डेटा एकत्र करेंगे और तीसरे चरण में, एकत्रित डेटा को सरकार को प्रस्तुत करने से पहले संसाधित और सत्यापित किया जाएगा।

बीसी आयोग ने पहले ही 28 अक्टूबर से 13 नवंबर तक संयुक्त जिला मुख्यालय और आयोग कार्यालय में जन सुनवाई के लिए नोटिस जारी कर दिए हैं। जन सुनवाई सोमवार को आदिलाबाद जिले से शुरू होगी, जिसमें आयोग के अध्यक्ष जी निरंजन और सदस्य जयप्रकाश, सुरेंदर और बालालक्ष्मी शामिल होंगे। जन सुनवाई विभिन्न जिलों में होनी है। 28 अक्टूबर को आदिलाबाद में इसकी शुरुआत होगी, उसके बाद 29 अक्टूबर को निज़ामाबाद और 30 अक्टूबर को संगारेड्डी में होगी। 1 नवंबर को करीमनगर, 2 नवंबर को वारंगल, 4 नवंबर को नलगोंडा, 5 नवंबर को खम्मम, 7 नवंबर को रंगारेड्डी, 8 नवंबर को महबूबनगर और 11 नवंबर को हैदराबाद में सुनवाई पूरी होगी।

प्रत्येक सत्र संबंधित कलेक्ट्रेट और एकीकृत जिला कार्यालय परिसरों में आयोजित किया जाएगा। इन जिला स्तरीय सुनवाई के अलावा, आयोग 12 नवंबर को अपने कार्यालय में गैर सरकारी संगठनों, संस्थाओं और जाति एवं कल्याण संघों के लिए विशेष सत्र आयोजित करेगा। आम जनता के लिए 13 नवंबर को अलग से सुनवाई निर्धारित की गई है। जिन लोगों ने इसमें भाग लिया और आपत्तियां नहीं उठा सके, वे 13 नवंबर तक व्यक्तिगत रूप से या डाक से आयोग के कार्यालय में अपनी आपत्तियां भेज सकते हैं।

गणनाकर्ता नागरिकों की सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक स्थिति के बारे में व्यापक जानकारी प्राप्त करेंगे और यह भी पता लगाएंगे कि उन्हें कोई राजनीतिक अवसर मिला है या नहीं। आयोग स्थानीय स्तर पर पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण के प्रतिशत की सिफारिश करेगा। राज्य भर में किए जाने वाले इस सर्वेक्षण में करीब 80,000 गणनाकार और 10,000 पर्यवेक्षक शामिल होंगे। डेटा जमा करने की अंतिम तिथि 9 दिसंबर है।

### 12वीं बटालियन के कांस्टेबलों ने निलंबन के खिलाफ किया प्रदर्शन

नलगोंडा, 27 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। नलगोंडा में 12वीं बटालियन के टीजीएसपी कांस्टेबल रविवार को एक विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, जिसमें वे अपने उन साथियों की तत्काल बहाली की मांग कर रहे हैं, जिन्हें शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान बिना किसी कारण के निलंबित कर दिया गया था। कांस्टेबलों ने निलंबन आदेश रद्द करने की मांग की और सरकार से न्याय की मांग की। प्रशासन के खिलाफ उनके नारे बटालियन परिसर में गूंज रहे थे और वे अपने मुद्दे पर एकजुट थे। इस विरोध प्रदर्शन ने पुलिस बल के बीच बढ़ते असंतोष को उजागर किया, जिन्होंने महसूस किया कि प्राधिकारी उनकी शिकायतों का समाधान नहीं कर रहे हैं। कांस्टेबलों ने अपनी मांगें पूरी होने तक अपना आंदोलन जारी रखने की कसम खाई है।


**पूजा केटरर्स**

:: आपके भरोसे की दुकान ::

दिपावली के शुभ अवसर पर आप सभी के लिए

शुद्ध घी की मिठाईयाँ एवं विभिन्न प्रकार की नमकीन, सवाली, पेठा हॉलसेल रेट ऑर्डर पर उपलब्ध

अंजीर रोल, काजू कतली, मोती चूर लड्डू, स्पेशल दालमोठ, सवाली मट्ठी, मूंगदाल ड्राईफ्रूट चुड़वा, बादाम कतली, मिक्स मिठाई, बेसन की बर्फी, शक्कर पाडे, शाही चिवड़ा

अपने परिजनों व शुभचिंतकों को दिपावली के अवसर पर भेंट कीजिये उच्च क्वॉलिटी, किफायती दर की मिठाईयाँ

पाँसी महाराज संतोषी माता मंदिर के सामने, जिन्सी चौराहा रोड, जुमेरात बाजार, हैदराबाद 9848085375, 9440552321, 9440381090


### लिंग निर्धारण परीक्षण के लिए इस्तेमाल की जाने वाली मशीनें जब्त

कामारेड्डी, 27 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। कामारेड्डी जिला मुख्यालय में अल्ट्रासाउंड स्कैनिंग केंद्रों की बढ़ती संख्या पर कार्रवाई करते हुए स्वास्थ्य अधिकारियों और पुलिस कर्मियों ने शनिवार को शहर के विभिन्न स्थानों पर छापे मारे और दो अल्ट्रासाउंड स्कैनिंग मशीनें जब्त कीं। जानकारी के अनुसार, पुलिस ने श्रीराम नगर कॉलोनी में इत्तम सिद्धरामुलु नामक व्यक्ति के घर से भ्रूण के लिंग निर्धारण के लिए इस्तेमाल की जा रही सोनोग्राफी मशीनें जब्त की हैं। घटना के संबंध में उसे नोटिस भेजा गया है।


**श्री वैष्णव स्वीट्स व कैटरर्स**

भव्य सेल

| | |
|---|---|
| कलकत्ता बादाम कतली | ₹1000/- per kg |
| स्पेशल काजू कतली | ₹900/- per kg |
| अंजीर रोल | ₹900/- per kg |
| काजू केसरी कतली | ₹1000/- per kg |
| दानेदार बादाम चक्की | ₹1200/- per kg |
| गुलाब जामुन | ₹440/- per kg |
| बेसन चक्की | ₹440/- per kg |
| मोतीचूर लड्डू | ₹440/- per kg |
| बालुशाही | ₹440/- per kg |
| स्पेशल नवरतन | ₹700/- per kg |
| अंजीर ड्राई फ्रूट चक्की | ₹900/- per kg |
| गोंद लड्डू | ₹700/- per kg |

शुद्ध घी की मिठाईयाँ ऑर्डर पर उपलब्ध है एवं कई नई वेराइटी के नमकीन, सवाली, पेठा, मसाला काजू, खारा उपलब्ध

आपका भरोसा हमारी पहचान

महेश्वरी भवन, नागरखाना, बेगम बाजार, हैदराबाद

सुरेश महाराज 9849433950, 9030900700, 9000807305

Scan for location


# आग लगने से 2 कपड़े की दुकानें जलकर खाक



जनगांव, 27 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। जनगांव में सिद्दीपेट रोड पर स्थित दो कपड़ों की दुकानों में रविवार सुबह भीषण आग लग गई। रिपोर्ट के अनुसार, आग विजया क्लोथिंग में विद्युत शॉर्ट सर्किट के कारण लगी और जल्द ही बगल की दुकान श्री लक्ष्मी क्लोथिंग तक फैल गई। स्थानीय लोगों ने मॉल से आग निकलती देखी और तुरंत पुलिस और दमकल विभाग को सूचित किया। सूचना मिलने पर 6 दमकल गाड़ियों को आग बुझाने के लिए भेजा गया। हादसे में दोनों दुकानें पूरी तरह जलकर खाक हो गईं। पुलिस ने बताया कि इस घटना में किसी की जान नहीं गई है। अग्निशमन अधिकारियों ने दावा किया कि यह घटना बिजली के शॉर्ट सर्किट के कारण हुई, जिससे आग तेजी से फैल गई। अधिकारियों का अनुमान है कि दुर्घटना के कारण 10 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति का नुकसान हुआ है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और सभी पहलुओं से जांच कर रही है।

### निजी संस्थानों के झूठे वादों से रहें सावधान : कुलपति

हैदराबाद, 27 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। प्रोफेसर जयशंकर तेलंगाना कृषि विश्वविद्यालय (पीजेटीएयू) के कुलपति प्रोफेसर अलदास जनय्या ने छात्रों और अभिभावकों को कृषि पाठ्यक्रम में प्रवेश के संबंध में निजी संस्थानों द्वारा किए गए झूठे वादों से सावधान रहने की चेतावनी दी है। प्रो. जनय्या ने स्पष्ट किया कि विश्वविद्यालय को आईसीएआर मान्यता के साथ 'ए' ग्रेड प्राप्त है और कोई भी निजी कॉलेज पीजेटीएयू से संबद्ध नहीं है। उन्होंने छात्रों और अभिभावकों को सलाह दी कि वे बिचौलियों या सलाहकारों के झांसे में न आएं जो विश्वविद्यालय में सीटें दिलाने का दावा करते हैं। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय ने कृषि पाठ्यक्रमों (बीएससी (ऑनर्स) एग्रीकल्चर, बीएससी (ऑनर्स) कम्युनिटी साइंस) के लिए विशेष कोटा सीटें बढ़ा दी हैं और फीस में 50 प्रतिशत की कमी की है। प्रवेश काउंसलिंग के माध्यम से टीजी ईएपीसीईटी-2024 में प्राप्त योग्यता के आधार पर दिए जाएंगे।


श्री कुलदेवाय नमः श्री वेंकटेश बालाजी श्री 1008 श्री शांतामजी महाराज

**श्री बालाजी डेयरी प्रोडक्टस**

महाकाली मंदिर सिकन्द्राबाद के तत्वावधान में

ग्यारहवां अन्नकूट महाप्रसादी

दि.4 नवम्बर 2024, सोमवार शाम 5.15 बजे से

: स्थान :

ताड़बन श्री हनुमान मन्दिर, सिखविलेज सिकन्द्राबाद

: निवेदन : आप से व्यक्तिगत मुलाकात नहीं हो सकी इसीलिए सभी राजपुरोहित समाज बंधुओ व भक्तो से नम्र निवेदन है कि पेपर विज्ञापन को निमंत्रण समझकर सपरिवार, इष्टमित्रो सहित पधारे व अन्नकूट प्रसादी का लाभ लेवें।

: शुभकामनाओं सहित : रामसिंह, गजेन्द्रसिंह, भगवानसिंह, हेमेन्द्रसिंह, जयपालसिंह, पीयुषसिंह, धर्मेन्द्रसिंह बाकलिया परिवार निम्बोल पारससिंह, विरेन्द्रसिंह, नरेन्द्रसिंह, हर्षसिंह, कुंज सेवड़ राजपुरोहित परिवार तालकिया एवं आनन्दपुर कालु

: फर्म : श्री बालाजी डेयरी प्रोडक्टस्

महाकाली मन्दिर-सिकन्द्राबाद 9246169002, 9247259489

* कोहिनूर डेयरी प्रोडक्टस घटकेसर मंडल हैदराबाद



धनतेरस-दिपावली के अवसर पर धमाका सेल

1099/- + 10% Discount Available on this Dress

BIGGEST DIWALI SALE 10 % OFF on Bill

**आनंदी टेक्सटाईल्स**

" आपका भरोसा हमारा विश्वास "

पिसता सीरवी

राजस्थानी वेश ओरणा, लहंगा, राजपूती पोशाक, घाघरा, फैंसी साड़ी, ड्रेस मेटेरियल, धोती, साफा, कुर्ता, सोलापुर चादर, जयपुर बेडशीट, शूटिंग-शर्टिंग होलसेल एंड रिटेल

एक्सक्लुसीव नयी डिज़ाइन की फैन्सी साड़ीज, राजपूती पोशाक एवं राजस्थानी ड्रेसेस के कैश बिल पर 10 % विशेष ऑफर

शोरुम: साई ऐश्वर्या कॉलनी, परवतापुर, मेड़पल्ली हनुमान टेम्पल के पास, उप्पल हैदराबाद

: प्रबंधक :

मांगीलाल सीरवी 9701066089

पिसता सीरवी पूजा सीरवी


Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.